


" हर एक काम आसान है, केवल आपके अंदर से आवाज आनी चाहिए। "

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

**सुबल वाणी**



मूर्ख व्यक्ति को अपने में दोष दिखाई नहीं देते हैं, पर उसे दूसरों में दोष ही दोष दिखाई देते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 | बैशाख कृष्ण पक्ष: दशमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 111 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12




# पहलगाम में आतंकितयों ने बरसाई गोलियां, 26 की मौत

## आतंकियों ने टूरिस्ट के नाम पूछकर गोली मारी, इजराइल-इटली के 2 टूरिस्ट मारे गए

**न्यूज ब्रीफ**

### बरनाला में स्कूल बस पर हमला, नकाबपोश बदमाशों ने बीच सड़क रोका, 12वीं का छात्र घायल

**बरनाला (अप्रस)।** बरनाला के भदौड़ कस्बे में बाबा गांधा सिंह पब्लिक स्कूल की बस पर हमला हुआ। मुख्य चौक पर मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश बदमाशों ने बस को रोका। हमलावरों ने 12वीं कक्षा के छात्र सुखदीप सिंह पर तेजधार हथियारों से हमला किया। जानकारी के अनुसार हिम्मतपुरा के रहने वाले सुखदीप को सिर में चोट लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसके सिर में टांके लगाए। घटना की मेडिकल रिपोर्ट भदौड़ पुलिस थाने को भेज दी गई है।
















अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पहलगाम।** पहलगाम के बैसरन घाटी इलाके में आर्मी की ड्रेस में आए दो आतंकियों ने फायरिंग की। जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक इटली और एक इजराइल का पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी पर्यटक गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2.45 बजे पहलगाम की बैसारन घाटी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने एक टूरिस्ट से नाम पूछा, फिर उसके सिर में गोली मार दी। इसके बाद दूसरे पर्यटकों पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा ने ली है।

प्रशासन ने आतंकी हमले में एक मौत की बात कही थी, लेकिन करीब 4 घंटे बाद न्यूज एजेंसी ने 26 मौतों की जानकारी दी। घटना में 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर लिया है। हेलिकॉप्टर से भी नजर रखी जा रही है। घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली से श्रीनगर पहुंच गए हैं। वे राजभवन में सेना और प्रशासन के अफसरों के साथ हाई लेवल मीटिंग कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत करके हालातों की जानकारी ली है।

अनंतनाग पुलिस ने पर्यटकों के लिए दो हेल्पलाइन नंबर 9596777669 और 01932225870 जारी किए हैं। इसके अलावा वॉट्सऐप नंबर 9419051940 जारी किया है। श्रीनगर पुलिस की हेल्प डेस्क इमरजेंसी नंबर 0194-2457543, 0194-2483651, एडीसी श्रीनगर आदिल फरीद का नंबर 7006058623 जारी किया है।

### ये हमला देश की एकता-अखंडता पर प्रहार: आरएसएस

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पहलगाम हिंसा पर दुख जताया। संघ ने एक्स पोस्ट में कहा- जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं संतापजनक है।

### अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम हमले की निंदा की

भारत दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- उषा (पत्नी) और मैं भारत के पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

### राजभवन में मीटिंग जारी, शाह, उपराज्यपाल, सीएम मौजूद

श्रीनगर के राजभवन में अमित शाह की मौजूदगी में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत सीनियर अफसर मीटिंग कर रहे हैं।

### रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा-ये प्लान्ड अटैक

सेना में रहते हुए दक्षिणी कश्मीर में सेवाएं दे चुके रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा- ये आतंकी हमला टाइमिंग देखकर सुनियोजित रूप से किया गया है।

### आतंकी हमले से दुखी हूं : अमित शाह

अमित शाह, गृह मंत्री पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं। हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। हम दोषियों को कड़ी सजा देंगे। प्रधानमंत्री जी को घटना के बारे में जानकारी दी है।

### निर्दोष नागरिकों पर हमला कायरतापूर्ण और निंदनीय : राजनाथ

राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री पहलगाम में आतंकी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### इस घृणित हमले के पीछे के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा: मनोज सिन्हा

मैं पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि इस घृणित हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### इस हमले से हैरान और स्तब्ध हूं: उमर अब्दुल्ला

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस हमले से हैरान और स्तब्ध हूं। पर्यटकों पर हमला करना गलत है। इस हमले के अपराधी दरिंदे हैं, अमानवीय हैं। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं वयक्त करता हूं। मैं तुरंत श्रीनगर वापस जा रहा हूं।

### घटना बेहद चिंताजनक : महबूबा मुफ्ती

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा यह घटना बेहद चिंताजनक है। कश्मीर ने हमेशा पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत किया है। सुरक्षा में चूक की जांच जरूरी है। पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबसे ज्यादा जरूरी है। भविष्य में हमलों को रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। हमारी संवेदनाएं पीड़ित और उनके परिवारों के साथ हैं।

### घटना बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली: राहुल गांधी

राहुल गांधी, कांग्रेस जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की खबर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं।

**यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम का फाइनल रिजल्ट जारी**

# कुड़ियां दी बल्ले-बल्ले

## टॉप 5 रैंकिंग तीन बेटियां छाई

### शक्ति दुबे टॉपर, हर्षिता गोयल दूसरे और अर्चित तीसरे स्थान पर




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया गया। प्रयागराज की शक्ति दुबे इस इग्जाम की ऑल इंडिया टॉपर बनी हैं। शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया है। हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है। हर्षिता मूल रूप से हरियाणा की हैं और कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं।। पुणे के अर्चित प्राग डोंगरे देश भर में तीसरे स्थान पर रहे हैं। अर्चित ने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटैक की डिग्री ली है।




**रैंक 4** - गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त मार्गी ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर चौथा स्थान हासिल किया है।



**रैंक 5** - कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक की डिग्री रखने वाले और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से इंजीनियरिंग करने वाले आकाश गर्ग को वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र के साथ 5वां स्थान मिला है।

**5.8 लाख कैंडिडेट्स ने दी यूपीएससी 2025 परीक्षा**



**रैंक 6** - कोमल उत्तर प्रदेश के सहारनपुर की रहने वाली हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा में 97 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर जिले में टॉप किया था। इसके बाद उन्होंने आईआईटी रुड़की से बी.टेक किया है।



**रैंक 7** - आयुषी का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ है। मां और पिता दोनों एलआईसी में काम करते थे। जब वे 5वीं क्लास में थीं, उनके पिता का निधन हो गया था।। आयुषी ने यूपीएससी 2023 में 97वीं और 2022 में 188वीं रैंक हासिल की थी।




**रैंक 8** - राज कृष्ण झा बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। उनकी स्कूलिंग नेपाल के जापा डिस्ट्रिक्ट से हुई।


कुल 1009 कैंडिडेट्स का नाम मेरिट लिस्ट में शामिल है। मेरिट लिस्ट ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gàæv.in पर रिलीज की गई है। टॉप 25 कैंडिडेट्स में 11 महिलाएं और 14 पुरुष हैं। यूपीएससी टॉपर्स के टॉप 5 में 3 लड़कियों ने जगह बनाई है। वहीं टॉप 10 में 4 लड़कियां शामिल हैं। यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा पिछले साल 16 जून को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाए गए जो सितंबर 2024 में आयोजित की गई थी। इनमें से 2,845 उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए चुने गए। इनमें से 1,009 उम्मीदवारों (725 पुरुष महिलाएं) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग ने अनुशंसित किया है।

हरियाणा के 15 युवाओं ने यूपीएससी का यह इग्जाम क्लियर किया है।


आल इंडिया के नतीजों में टॉप-10 में हरियाणा के दो को जगह मिली है। एक हलवाई के बेटे, एक एचसीएस और बीडीपीओ ने भी इस महत्वपूर्ण इग्जाम को क्रैक किया है।



पंजाब के सिदक सिंह ने अथक मेहनत से यूपीएससी में 157वां रैंक हासिल कर आपीएस में स्थान बनाया है। उनके पिता कारोबारी हैं। पूरा परिवार फगवाड़ा में रहता है।




हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर के कामरू गांव से संबंध रखने वाले 23 वर्षीय प्रथम याम्बुर ने दूसरे प्रयास में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) उत्तीर्ण करके जिला किन्नौर और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है।



**रैंक 9** - आदित्य हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। उन्होंने एनआईटी इलाहाबाद से मेकैनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक किया है। यूपीएससी में एंथ्रोपॉलॉजी को मेन्स का ऑप्शनल सब्जेक्ट रखा था।



**रैंक 10** - मयंक यूपी के कन्नौज से हैं। मयंक ने अपने पहले अटेम्प्ट में 337 रैंक हासिल की थी। इस बार अपने दूसरे अटेम्प्ट में उन्हें 10वीं रैंक मिली है।



पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए डॉ. बलजीत कौर ने विभिन्न विभागों और जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक, बोली-

# मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व का 'युद्ध नशों विरुद्ध' देश भर का सबसे बड़ा अभियान

नशा मुक्त पंजाब के लिए सरकार द्वारा बड़ा फैसला ➢ हर जिले को 10 लाख रुपये और राज्य की 10 जेलों में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के लिए 2.01 करोड़ रुपये किए जाएंगे जारी

कैबिनेट मंत्री द्वारा पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों से आपसी समन्वय और सहयोग से काम करने की अपील



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए ÷ युद्ध नशों विरुद्ध÷ देश भर में सबसे बड़ी मुहिम शुरू की है। राज्य सरकार के इस प्रयास को सार्थक बनाने के लिए नशीले पदार्थों की मांग घटाने के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे।

पंजाब सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज यहां पंजाब भवन में खेल एवं युवा सेवाएं विभाग, गृह मामले एवं न्याय विभाग, स्पेशल डायरेक्टर जनरल पुलिस, एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं भाषाएं के उच्च अधिकारियों और सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को आपसी समन्वय और सहयोग से काम करने की जरूरत है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य से नशा खत्म करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में सेमिनार और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशों के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अपील की गई कि नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को नशों के दलदल से निकालने के लिए प्रयास और तेज किए जाएं।

बैठक में विभिन्न विभागों और जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नशे को खत्म करने के लिए उनके स्तर पर जो भी प्रयास किए जा रहे हैं, उन पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. बलजीत कौर ने विभिन्न विभागों द्वारा नशा खत्म करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य को देश का पहला नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आगे कहा कि राज्य में नशा खत्म करने के लिए प्रत्येक जिले को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जो जिला नशों को खत्म करने में अपने जिले में अच्छे प्रयास करेंगे, उनकी राशि 10 लाख से बढ़ाई भी जा सकती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य की जेलों जैसे पटियाला, लुधियाना, फिरोजपुर, फरीदकोट, होशियारपुर, गुरदासपुर, अमृतसर, कपूरथला, बठिंडा और गोइंदवाल साहिब में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के लिए 2.01 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध लड़ाई में तकनीकी सहायता के लिए नए प्रयास शुरू किए गए हैं, जैसे कि एंटी ड्रग हेल्पलाइन और व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर (9779100200) जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर लोग नशा तस्करों के बारे में जानकारी दे सकते हैं और नशा छुड़ाने के लिए मदद ले सकते हैं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की विशेष मुख्य सचिव राजी पी. श्रीवास्तव, विशेष सचिव केशव हिंगोनिया और विम्मी भुल्लर विशेष रूप से उपस्थित थे।

# अमेरिका आधारित गैर-कानूनी हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश; पांच पिस्तौलों समेत एक काबू

गिरफ्तार किया गया मुलजिम अमेरिका आधारित हैंडलर गुरलाल सिंह और हरदीप सिंह के इशारों पर कर रहा था काम: डीजीपी

बरामद किए गए हथियारों का इस्तेमाल पंजाब में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाना था




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए छेड़ी गई मुहिम के दौरान, काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने अमेरिका आधारित गैर-कानूनी हथियार तस्करी मॉड्यूल के एक संचालक को लुधियाना से गिरफ्तार करके इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए मुलजिम की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ गुरी के रूप में हुई है, जो कि पखोवाल, लुधियाना का रहने वाला है और वर्तमान समय में शहीद भगत सिंह नगर, लुधियाना में रह रहा है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से पांच पिस्तौल - जिनमें दो .45 बोर, दो .30 बोर और एक .32 बोर पिस्तौल शामिल है, बरामद करने के अलावा एक सफेद रंग की हुंडई वरना कार (पीबी91एन0209) जिसमें मुलजिम जा रहा था, भी जब्त की है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किया गया मुलजिम गुरविंदर गुरी अपने अमेरिका आधारित हैंडलर गुरलाल सिंह और हरदीप सिंह, जिन्होंने विदेशों में एक गठजोड़ बनाया हुआ है और पंजाब में अपने स्थानीय साथियों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह चला रहे हैं, के इशारों पर काम कर रहा था। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार किया गया मुलजिम गुरविंदर सिंह अमेरिका स्थित हरदीप सिंह, जिसे पहले 2020 में सरपंच गुरदीप सिंह राणो के नशा तस्करी के मामले में एसटीएफ लुधियाना ने गिरफ्तार किया था, का साला है। इसके बाद, हरदीप सिंह साल 2022 में भारत से अमेरिका भाग गया था।

इस ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि सीआई अमृतसर को एक सूचना मिली थी कि दोषी गुरविंदर सिंह को उसके हैंडलरों ने लुधियाना में एक खेप पहुंचाने का काम सौंपा है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सीआई अमृतसर की पुलिस टीम ने मुलजिम गुरविंदर सिंह को शाम नगर फाटक लुधियाना के पास तब रोक कर गिरफ्तार कर लिया, जब वह अपनी वरना कार में खेप पहुंचाने जा रहा था। डीजीपी ने कहा कि बरामद किए गए हथियारों का इस्तेमाल पंजाब भर में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाना था। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगले-पिछले संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है ताकि इसके पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस मामले में और गिरफ्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है। इस संबंध में एफआईआर नंबर 21 दिनांक 21.04.2025 को थाना एसएसओसी, अमृतसर में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत दर्ज की गई है।

# 5 हजार रुपये रिश्वत लेता नायब तहसीलदार व पटवारी विजिलेंस ब्यूरो के हत्थे चढ़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 22 अप्रैल।** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा के संगत मंडी में तैनात नायब तहसीलदार निर्मल सिंह और पटवारी हलका कोटगुरूके में तैनात पटवारी गुरतेज सिंह को 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आज यहां राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलज़िमों को बठिंडा के संगत कस्बे के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को संपर्क करके आरोप लगाया कि राजस्व विभाग के उक्त कर्मचारी उसके प्लॉट की गिरदावरी दर्ज करने के बदले 10000 रुपए रिश्वत मांगी थी परन्तु उस द्वारा ज़ोर डालने पर सौदा 8000 रुपए में तय हुआ है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक तस्दीक के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर दोनों मुलज़िमों को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से पहली किश्त के रूप में 5000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने उक्त दोनों मुलज़िमों से मौके पर ही 2500-2500 रुपये बरामद कर लिए।

इस संबंध में दोनों मुलज़िमों के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना बठिंडा रेंज में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की आगे जांच जारी है।

# गेंहू खरीदने हेतु ग्रेड-4 कर्मचारियों को मिलेगा 9700 रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण: चीमा

गेहूं खरीद के लिए ब्याज-मुक्त कर्ज़े में तीन वर्षों के दौरान 21.25 प्रतिशत की वृद्धि

कहा, पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा अनदेखा किए गए ग्रेड-4 कर्मचारियों की भलाई को 'आप' सरकार ने दी प्राथमिकता



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार की समाज के निचले वर्गों को ऊँचा उठाने की प्रतिबद्धता के तहत पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज घोषणा की कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रेड-4 (ग्रुप-डी) के कर्मचारियों के लिए गेहूं खरीदने हेतु ब्याज मुक्त ऋण को बढ़ाकर 9700 रुपये कर दिया गया है।

यहां जारी प्रेस ब्यान के द्वारा जानकारी देते हुये वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने ग्रेड-4 कर्मचारियों के लिए इस महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता में लगातार वृद्धि करते हुए गेहूं खरीदने के लिए ब्याज मुक्त ऋण में पिछले तीन सालों में 21.25 प्रतिशत का इजाफा किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की इस प्रगलिशील पहुंच के विपरीत पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा इस वर्ग की अनदेखी की जाती रही।

समाज के कमजोर वर्गों के प्रति उदासीनता के लिए पिछली कांग्रेस की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2019-20 और 2020-21 के चुनौतिपूर्ण कोविड-19 वर्षों के दौरान भी कांग्रेस सरकार द्वारा कोई बढ़ोतरी किए बिना केवल 7500 रुपये का ब्याज रहित गेहूं ऋण की सुविधा दी गई और बाद में चुनाव वर्ष 2021-22 के दौरान तीन सालों के बाद केवल 500 रुपये का मामूली इजाफा करते हुए इस ऋण की राशि को 8000 रुपये कर दिया गया।

### प्रदेश सरकार ग्रेड-4 कर्मचारियों की भलाई के लिए निरंतर प्रतिबद्ध

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इसके मुकाबले 'आप' की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार ने ग्रेड-4 कर्मचारियों की भलाई के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का सबूत दिया है। उन्होंने कहा कि इस ब्याज मुक्त ऋण की राशि को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बढ़ाकर 8500 रुपये, फिर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9100 रुपये और अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बढ़ाकर 9700 रुपये कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रेड-4 के हर योग्य कर्मचारी को 9700 रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा, जिससे वे वर्तमान सरकारी दर पर 2425 रुपये प्रति क्विंटल प्रति परिवार चार क्विंटल के हिसाब से गेहूं की खरीद कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह ऋण जून 2025 (जुलाई 2025 में भुगतान योग्य) की तनख्वाह से शुरू होकर, इसी वित्तीय वर्ष के भीतर पूर्ण वसूली सुनिश्चित करते हुए आसान आठ बराबर मासिक किस्तों में वसूल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवाणित राशि 29 मई, 2025 तक प्रदेश सरकार के खजाने में से जारी कर दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि ब्याज रहित गेहूं का ऋण एक महत्वपूर्ण पहल है जो कि पंजाब के प्रशासन की रीढ़ की हड्डी ग्रेड-4 कर्मचारियों को आवश्यक सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रदेश सरकार का फर्ज बनता है कि इन कर्मचारियों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जाए ताकि वे अपने घरेलू खर्चों का बेहतर ढंग से प्रबंधन कर सकें और उनकी समुचित भलाई सुनिश्चित की जा सके।

# खेल कोटे के तहत भर्ती करेगा पीएसपीसीएल, पावर मिनिस्टर हरभजन सिंह ईटीओ ने घोषणा की

मंत्री ने पीएसपीसीएल के भीतर खिलाड़ियों के लिए पदोन्नति नीति शुरू करने की योजनाओं का भी खुलासा किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 22 अप्रैल।** पंजाब में खेलों की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, पावर मिनिस्टर हरभजन सिंह ईटीओ ने घोषणा की कि पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपी सीएल) जल्द ही खेल कोटे के तहत नई भर्तियां शुरू करेगा। इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और संगठन के भीतर एक खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

मंगलवार को पीएसपीसीएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 46वीं एआईईएससीबी रस्साकशी टूर्नामेंट के समापन समारोह में बोलते हुए, मंत्री ने पीएसपीसीएल के भीतर खिलाड़ियों के लिए पदोन्नति नीति शुरू करने की योजनाओं का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'यह कदम न केवल हमारे एथलीटों के प्रयासों को Recognize करेगा बल्कि पूरे राज्य में खेलों के प्रति उत्साह की एक लहर भी पैदा करेगा।'

सभा को संबोधित करते हुए, मंत्री ने सर्वांगीण व्यक्तियों को आकार देने में खेलों के महत्व पर जोर दिया और युवाओं से नशीली दवाओं से दूर रहने और इसके बजाय अपनी ऊर्जा को शारीरिक गतिविधियों में लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'खेलों में शामिल होने से समग्र विकास होता है, चरित्र का निर्माण होता है और युवाओं को एक रचनात्मक रास्ते पर रखा जाता है।'

टूर्नामेंट की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने उत्साह और भागीदारी के उच्च स्तर को नोट किया, जो संगठन की मजबूत टीम भावना और प्रतिस्पर्धी भावना को दर्शाता है। उन्होंने टिप्पणी की, 'रस्साकशी टूर्नामेंट शक्ति, अनुशासन और खेल कौशल का एक अद्भुत प्रदर्शन रहा है। इस तरह के आयोजन सौहार्द को बढ़ावा देते हैं और एक जीवंत, स्वस्थ कार्य वातावरण बनाते हैं।'

पीएसपीसीएल स्पोर्ट्स सेल के पुनरुद्धार पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने कहा, ' सेल को फिर से सक्रिय करना केवल एथलेटिक्स को बढ़ावा देने के बारे में नहीं था - यह हमारे कर्मचारियों के बीच गर्व और उद्देश्य की भावना को जगाने के बारे में था। हमारे एथलीटों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है, यह साबित करते हुए कि समर्थन और प्रोत्साहन के साथ, उत्कृष्टता अपरिहार्य है।'

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के औपचारिक स्वागत और प्रिंसिपल सेक्रेटरी पावर और सीएमडी, पीएसपीसीएल अजय कुमार सिन्हा के स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने एकता और अनुशासन को बढ़ावा देने में टूर्नामेंट की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, '46वें एआईईएससीबी रस्साकशी टूर्नामेंट ने टीम वर्क और प्रतिस्पर्धा की भावना का उदाहरण दिया। इसने कर्मचारियों को ताकत और एकजुटता के उत्सव में एक साथ लाया।'

सिन्हा ने पावर मिनिस्टर की दूरदर्शिता को पीएसपीसीएल के स्पोर्ट्स सेल की सफलता का श्रेय भी दिया, यह देखते हुए कि सेल ने डेढ़ साल पहले अपने पुनरुद्धार के बाद से नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने जूनियर स्पोर्ट्स ऑफिसर और अर्जुन अवार्डी राज कुमार की सराहना की, जिन्होंने हाल ही में पैरा एशियाई खेलों (चीन, 2023) और पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप (थाईलैंड, 2024) में रजत पदक अर्जित किए।

निदेशक प्रशासन जसबीर सिंह सुर सिंह ने सभी योगदानकर्ताओं और आयोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भाग लेने वाली टीमों की उपलब्धियों का जश्न मनाने वाले पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसके बाद टूर्नामेंट का औपचारिक समापन हुआ।

# अंशु लॉटरी ने लगातार दूसरे बम्पर में फिर बनाया एक और लखपति

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

**ज़ीरकपुर।** हर किसी की तमन्ना होती है कि उसकी बड़ी सी लॉटरी लग जाए और उसके सारे अरमान पूरे हो जाएं। बहुत सारे लोग लॉटरी जीतने का सपना देखते हैं और लॉटरी प्रेमियों केसपनों को साकार करने के लिए पिछले पांच दशकों से ज़ीरकपुर स्थित अंशु लॉटरी एजेंसी का नाम लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है चूंकि एक बार फिर से अंशु लॉटरी एजेंसी से लगातार दूसरे बम्पर में लाखों का इनाम निकला है।

बता दें कि अंशु लॉटरी एजेंसी लोगों के विश्वास पर अक्सर खरी उतरी है और कई आम लोगों को लखपति व करोड़पति बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। एक बार फिर से लगातार दूसरे बम्पर में एक व्यक्ति को लखपति बना उसका सपना साकार किया है। उल्लेखनीय है कि गत 19 अप्रैल को पंजाब राज्य के डियर बैसाखी बम्पर 2025 का ड्रा निकाला गया जिसमें ज़ीरकपुर के स्टॉकिस्ट अंशु लॉटरी द्वारा बेची गयी टिकटों में 20 लाख का ईनाम लगा है।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए अंशु लॉटरी के विजय तनेजा व सुनील तनेजा ने बताया कि पंजाब राज्य डियर बैसाखी बम्पर 2025 का परिणाम घोषित किया गया जिसमें उनके द्वारा बेची गयी टिकट नंबर ए739796 पर 20 लाख रूपए का इनाम निकला है। विजय तनेजा ने बताया कि यह ईनामी टिकट उन्ही के ज़ीरकपुर सेलर नवीन सेठी द्वारा बेची गयी है। आगे उन्होने बताया कि एक बार फिर से मोहाली जिले में डियर बैसाखी बम्पर 2025 की सर्वाधिक सेल अंशु लॉटरी एजेंसी द्वारा ही की गई है।



# मुंडिया ने तबादलों वाले तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को तुरंत ज्वाइन करने के दिए सख्त निर्देश

राजस्व कार्यालयों में लोगों की परेशानी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राजस्व मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** राजस्व एवं पुनर्वास मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व विभाग के कार्यालयों में लोगों की परेशानी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स. मुंडिया ने कहा कि राजस्व विभाग में चल रहे सुधारों के चलते कल तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के तबादले किए गए थे, परन्तु उनके ध्यान में आया है कि कई अधिकारियों ने अभी अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है। उन्होंने तबादलों वाले सभी तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को तुरंत नई तैनाती पर हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि लोगों को दी जाने वाली प्रशासनिक सेवाओं में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह कल से किसी भी राजस्व कार्यालय की चेकिंग कर सकते हैं और यदि इस औचक निरीक्षण के दौरान कोई भी ड्यूटी पर गैर हाजिर पाया गया तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने प्रतिष्ठित कॉलमनवीस लाभ सिंह संधू के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल (अप्रस)।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने क्षेत्र कोटकपुरा के गाँव दुआरेआणा में जन्मे प्रतिष्ठित कॉलमनवीस स. लाभ सिंह संधू के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित कॉलमनवीस ने एक पत्रकार और शोधकर्ता के रूप में बेमिसाल सेवाएँ निभाई हैं। पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि स. लाभ सिंह संधू ने मानसा, बठिंडा और फरीदकोट जिलों से संबंधित कई अज्ञात खिलाड़ियों के बारे में शोध किया और उनके बारे में लिखा। उन्होंने 'खुंड चर्चा' नामक कॉलम लिखकर और अधिक प्रसिद्धि पाई। स. संधवां ने दिवंगत आत्मा की आत्मिक शांति और परिवार को इस अपूरणीय घाटे को सहन करने का हौंसला प्रदान करने के लिए परमात्मा के समक्ष अरदास की।

# जहां टैक्स आतंकवाद का कीचड़ वहां बीजेपी का कमल: नील गर्ग

नील गर्ग ने टैक्स मामले पर भाजपा का झूठ उजागर किया, कहा - आप सरकार में राजस्व की भारी वृद्धि हुई

भाजपा ने व्यापारियों को परेशान करने और विपक्ष को चुप कराने के लिए ईडी-आईटी को राजनीतिक हथियार बनाया: नील गर्ग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के नेता और वरिष्ठ प्रवक्ता नील गर्ग ने मंगलवार को पंजाब सरकार की टैक्स नीतियों के खिलाफ निराधार आरोपों के लिए भाजपा की आलोचना की। आप नेता गोविंद मित्तल के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गर्ग ने भाजपा पर देश भर में 'टैक्स आतंकवाद' फैलाने का आरोप लगाया और इससे संबंधित कई आंकड़े प्रस्तुत किए।

गर्ग ने कहा, 'यह हास्यास्पद है कि भारत में टैक्स आतंकवाद को संस्थागत बनाने वाले भाजपा नेता पंजाब की आप सरकार पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने तो दूध, दही, शिक्षण सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुओं व मंदिरों- गुरुद्वारों की पूजा सामग्री पर जीएसटी लगा दिया। जबकि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले कोई भी नया टैक्स नहीं लगाने का वादा किया था, इसके बजाय उसने छोटे व्यापारियों और दुकानदारों पर जटिल जीएसटी का बोझ डाल दिया जिससे कारण उन्हें वर्षों से परेशानी हो रही है।

गर्ग ने ईडी और आयकर विभाग की छापेमारी के जरिए भय का माहौल पैदा करने के लिए भी भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'भाजपा सरकार ऐसे छापों से व्यापारियों और छोटे कारोबारियों में दहशत फैलाती है। इसके विपरीत, पंजाब की आप सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देती है तथा बिना किसी उत्पीड़न के व्यापार को बढ़ावा देती है।'

नील गर्ग ने आप सरकार में पंजाब की रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि को भी रेखांकित किया और इसकी तुलना पिछली अकाली-भाजपा व कांग्रेस सरकारों के दौरान हुए टैक्स संग्रह से की आबकारी राजस्वः आप के शासन में तीन वर्षों में रुपये 28,020 करोड़, जो कि शिअद-भाजपा के (रुपये 20,545 करोड़) और कांग्रेस के पांच वर्षों में (रुपये 27,395 करोड़) के संग्रह से अधिक है। जीएसटी संग्रहः आप सरकार में तीन वर्षों में 64,253 करोड़ रुपये, जो कांग्रेस के पांच वर्षों के 21,286 करोड़ रुपये से तीन गुना अधिक है।

स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्कः आप सरकार के कार्यकाल में यह 14,786 करोड़ रुपये रहा, जो कांग्रेस सरकार के 12,469 करोड़ रुपये और शिअद-भाजपा सरकार के 12,387 करोड़ रुपये से अधिक है। सरकार की अपना राजस्वः आप के शासन में तीन वर्षों में रुपये 57,919 करोड़ जो कांग्रेस के पांच वर्षों के 37,327 रुपये करोड़ से 55 प्रतिशत अधिक है।

बुनियादी ढांचे और विकास पर आप सरकार के फोकस को उजागर करते हुए गर्ग ने कहा कि सरकार का वार्षिक पूंजीगत व्यय 6,603 करोड़ रुपये है - जो कांग्रेस के 3,871 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना और शिअद-भाजपा के औसत 2,928 करोड़ रुपये की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा, 'यह पंजाब के परिदृश्य को बदलने के लिए आप की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

# खिलाड़ी नकद पुरस्कार व छात्रवृति के लिए ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

## सीएम व खेल मंत्री ने लांच किया पोर्टल, कभी भी कर सकेंगे आवेदन, पूरा साल खुला रहेगा पोर्टल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन नकद पुरस्कार और छात्रवृत्ति प्रबंधन प्रणाली लांच की है। मुख्यमंत्री ने सोमवार की रात आयोजित कार्यक्रम के दौरान माउस का बटन दबाकर पोर्टल का शुभारंभ किया।

हरियाणा सरकार में खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि अब खिलाड़ी नकद पुरस्कार और छात्रवृति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। नकद पुरस्कार विभिन्न राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिए जाते हैं। आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है और खिलाड़ी अब नकद पुरस्कार और छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन केवल खेल विभाग के पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे, जिसके लिए पोर्टल पूरे साल खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी 1 अप्रैल 2024 और उसके बाद की प्रतियोगिताओं के लिए पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कोई भी पदक विजेता खिलाड़ी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि ऑनलाइन प्रणाली शुरू होने से खिलाड़ियों का समय बचेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए आवेदक एक छात्र और खेल खिलाड़ी होना चाहिए। आवेदकों को अपने खेल के आधार पर पदक जीतना जरूरी है। आवेदक के परिवार की वार्षिक पारिवारिक आय एससी वर्ग में 2.50 लाख रुपए और और सामान्य वर्ग में 1.80 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा हमेशा से ही खिलाड़ियों की भूमि रही है। राज्य सरकार की खेल नीति के अनुसार ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए 6 करोड़, रजत पदक के लिए 4 करोड़ और कांस्य पदक के लिए 2.5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं, जो देशभर में इनाम राशि है।

### हरियाणा सरकार का फैसला

## जिन गांवों में चकबंदी नहीं, उन गांवों में ऑफलाइन मोड पर खरीदी जाएगी फसल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसान हित में एक और बड़ा फैसला लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अब तक जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों के किसानों की फसल मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल की बजाय ऑफलाइन माध्यम से खरीदी जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार को चंडीगढ़ में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डाटा न होने के चलते वहां के किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अब सरकार ने निर्णय लिया है कि पोर्टल की बजाए इन गांवों में ऑफलाइन माध्यम से खरीद करवाई जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 17.40 लाख महिलाओं ने पंजीकरण करवाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उज्जवला स्कीम और बीपीएल परिवारों का डाटा घर-घर जाकर वेरीफाई किया जाए। इसके अलावा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एलपीजी सिलेंडरों के लिए डिपो पर गैस कंपनियों द्वारा शिविर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों को एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में ही मिलता रहेगा।

# लड़ेंगे, जीतेंगे, नशे को जड़ से खत्म करेंगे : सतपाल जांबा

## साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का गांव पबनावा में किया भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 22 अप्रैल।** प्रदेश के मुखयमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर प्रदेश भर में ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ चल रही साइक्लोथॉन 2.0 (साइकिल यात्रा) ने मंगलवार सुबह कुरुक्षेत्र से चलकर जिले के गांव पबनावा में कैथल जिले की सीमा में प्रवेश किया। जहां पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पबनावा गांव के सरपंच सहित भारी संख्या में एकत्रित गणमान्य लोगों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, युवाओं सहित क्षेत्र से आए लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

जिला प्रशासन की ओर से एडीसी दीपक बाबू लाल करवा व आरटीए गिरीश कुमार ने यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे डॉ. अशोक वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। यात्रा के दौरान हजारों साइकलिस्ट ने भाग लिया और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। कई जगहों पर नशा न करने की शपथ के साथ लौटा नमक भी डलवाया गया। साइक्लोथोन यात्रा को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने युवा शक्ति को सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार देश-प्रदेश में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से होकर गुजरने वाली यह साइक्लोथोन ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देने में अहम रहेगी। हरियाणा प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने के लिए हर घर से हर सदस्य को आगे आकर सरकार की सकारात्मक और सार्थक पहल में आहुति डालते हुए ड्रग फ्री हरियाणा बनाना होगा। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि नशा मानवता के लिए विनाशकारी है, जिसे हमें पूरी तरह से नकारना चाहिए। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित यह ड्रग फ्री हरियाणा यात्रा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक व्यापक जन आंदोलन है, जिसमें पूरे हरियाणा के लोग नशे के खिलाफ अपनी आवाज उठा रहे हैं। नशामुक्त हरियाणा बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश पूरे देश और राज्य में फैल चुका है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को संवारें और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल देश की प्रगति में करें। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि युवाओं को खेल का नशा करना चाहिए जिससे वे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और समाज में उनका नाम होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्ल्यू बैल्स स्कूल ने 'पृथ्वी दिवस' पर निकाली रैली



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** ब्ल्यू बैल्स स्कूल नारायणगढ़ ने 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूल के छात्रों एवं अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह रैली स्कूल से चलकर हुड्डा बाजार से होते हुए लघु सचिवालय नारायणगढ़ पर जाकर संपन्न हुई, जहां कुछ छात्राओं ने पृथ्वी संरक्षण एवं नारायणगढ़ क्षेत्र की स्वच्छता की आवश्यकता पर अपने विचार अभिभाषण एवं कविता के रूप में व्यक्त किये। एस.डी.एम. नारायणगढ़ श्री शाश्वत सांगवान जी ने छात्रों के अभिभाषण एवं कविता की सराहना की । उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी संरक्षण और नारायणगढ़ क्षेत्र की स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है और इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। एसडीएम नारायणगढ़ ने छात्रों को नारायणगढ़ क्षेत्र में यहां -वहां स्वयं गंदगी न फैलाने की सलाह दी है और कहा कि यदि उनके माता-पिता घर का कचरा यहां -वहां खुले में डालते हैं तो उन्हें भी बच्चे ऐसा करने से रोक सकते हैं । एस.डी. एम . नारायणगढ़ ने छात्रों से वादा किया कि यदि आप हमारा साथ देंगे तो बहुत जल्दी नारायणगढ़ क्षेत्र स्वच्छ व सुंदर बन जाएगा। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राजीव मेहता जी ने छात्रों को अपने आसपास साफ सफाई रखने ,गंदगी न फैलाने और पॉलिथीन का कम से कम प्रयोग करने का संकल्प दिलाया और उन्हें पृथ्वी को बचाने हेतु आवश्यक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा ने कार्यक्रम की रहनुमाई करते हुए कहा कि जन्म देने वाली माता की तरह धरती मां की देखभाल भी जरूरी है। इसलिए प्रदूषण, वनों की कटाई और प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग जैसी समस्याओं के प्रति संजीदा होना जरूरी है। अर्थ शास्त्र प्रवक्ता वीपी राणा ने कहा कि छोटे-छोटे कदमों से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इसमें पेड़ लगाना, सौर ऊर्जा का प्रयोग, पानी व बिजली की बचत और प्लास्टिक की जगह पर्यावरण अनुकूल बैग्स का उपयोग करना शामिल है। ये सभी कदम हमें एक सतत भविष्य की तरफ जा सकते हैं। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता गुरुनाम सिंह ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का विचार 1969 में यूनेस्को सम्मेलन में आया था और 1970 में इसे पहली बार मनाया गया। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें छात्राओं ने पृथ्वी बचाओ पर्यावरण बचाओ जैसी मौलिक कल्पनाओं को अपनी तूलिका से कैनवस पर उकेरा। कार्यक्रम में गुरनाम सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, कपिल देव शास्त्री, मंजू गोयल और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### दून पब्लिक स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित



**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** दून पब्लिक स्कूल मु खाला में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों के द्वारा तरह-तरह की ड्राइंग बनाई गई जिसमें हमारी धरती को हरा भरा रखने और स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या अनु कंबोज ने विद्यार्थियों को पृथ्वी के महत्व के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को अपनी धरती को हरा भरा रखना चाहिए, हमें इसे प्रदूषित नहीं करना चाहिए क्योंकि पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन संभव है और इसका संरक्षण हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के सभी अध्यापकगण सुखदेव शर्मा, रविंद्र शर्मा, राम रतन कंबोज, संदीप गर्ग, अरुण शर्मा, आशा शर्मा, नेहा शर्मा, पूनम, निशा, मीना, गीता, रोमा, रजनी, शबनम, विमल, अनूपा, रितिका, मीनाक्षी, सीमा, निशा, गुरमीत कौर, मधु, शगुन, सजल, आरती, आंचल, देवेंद्र कौर सहित अन्य सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# महेश जोशी बने हरियाणा रेडक्रॉस के राज्य महासचिव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के राज्य महासचिव के पद नवनियुक्त महेश जोशी ने मंगलवार को रेडक्रास मुख्यालय में कार्यभार संभाला। नवनियुक्त राज्य महासचिव महेश जोशी का रेडक्रास मुख्यालय पहुंचने पर संयुक्त राज्य सचिव अनिल जोशी सहित स्टाफ कर्मियों ने स्वागत किया।

कार्यभार संभालने के बाद राज्य महासचिव ने स्टाफ के साथ बैठक की और रेडक्रास की गतिविधियों के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद महेश जोशी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और नियुक्ति के लिए आभार जताया।

नवनियुक्त राज्य महासचिव महेश जोशी ने कहा कि रेडक्रास के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़कर मानव सेवा के ध्येय को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है। जिसके साथ हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के साथ स्कूलों में रेडक्रास की गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को जोड़कर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा।

# कर्मचारियों को लेकर हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच ने प्रदेश भर में प्रदर्शन किया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 22 अप्रैल।** प्रदेश भर में हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की तरफ से कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। जिला कमेटी एवं राज्य पदाधिकारीय ने दोपहर पंचायत भवन पर इकट्ठे होकर आर.के.नागर तथा महावीर सिंह नगर एवं मीना सैनी के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन करते हुए जुलूस के रूप में सर छोटू राम चौक से होते हुए पुलिस लाइन के सामने प्रदर्शन करते हुए डी.सी .कार्यालय पर केंद्र सरकार मुर्दाबाद और राज्य सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए श्री सुभाष चंद्र स्छरू को ज्ञापन दिया। हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव आर.के. नागर ने ज्ञापन में दी गई मांगों के बारे में बताया कि, केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लिया गए निर्णय 31-12-2025 के बाद रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया जाएगा। आज इस सभा में केंद्र सरकार के इस निरणयू की घोर निंदा की गई और इसे वापस लेने की मांग की गई है। इसी प्रकार वर्ष 2004 में भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बंद करने और नई पेंशन स्कीम लागू करने की भी निंदा की ओर से वापस लेने की मांग की है। मंच की ओर से हरियाणा सरकार से भी यह मांग की गई है कि, शिक्षा विभाग में कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगाए गए टी.जी.टी. अध्यापकों को बगैर रिक्त स्थानों पर एडजस्ट किए रिलिव करने की निंदा की है। और हटाए गए टी.जी.टी. अध्यापकों को रिक्त स्थानों पर तुरंत एडजस्ट करने की मांग की गई है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के सभी कर्मचारियों को जाब सुरक्षा गारंटी की तुरंत ज्वाइनिंग कराने की मांग की गई है। ठेकेदारी प्रथा पर कार्यरत सभी कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में सम्मानित करने की मांग की गई है। जिसमें एचएसवीपी, नगर निगम के वाटर पंप ऑपरेटर तथा ठेका सफाई कर्मचारी तथा यू.एच.बी.वी.एन., तथा शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के कच्चे कर्मचारी शामिल है। नगर निगम सोनीपत के ठेका सफाई कर्मचारी तथा वाटर पंप ऑपरेटर के रोके गए 3 महीने के वेतन को शीघ्र जारी करने की मांग की गई है। ठेका सफाई कर्मचारियों को विभागीय पे रोल पर लेने की मांग की गई है। आज के रोष प्रदर्शन, धरने, तथा ज्ञापन देने में निम्नलिखित कर्मचारी व मंच के पदाधिकारी शामिल रहे--सर्वश्रु विजेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश रोहिल्ला, बिजेंदर रेवाल, टीनू मदान,ध्रुव कुमार, समेश कुमार, मीना सैनी, संदीप दहिया, प्रदीप मेहरा, संदीप धनकड, मुकेश टांक, मुकेश कर्मा, सावन कुमार, युधिष्ठिर, रविंद्र कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, सुरेन्दर रंगा, राजेंद्र राठी, योगेश नागर, योगेश शर्मा, बंसीलाल, सुरेश मदीना, शमशेर सिंह, राकेश चावरिया, राहुल व अन्य मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे रिटायर्ड कर्मचारी

# रिटायर्ड कर्मचारियों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं : मा. वजीर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 22 अप्रैल।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी रिटायर्ड कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर जिला कैथल के रिटायर्ड कर्मचारियों ने सचिवालय परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। मुख्य संबोधन रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार लंबे समय से रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है और अब केंद्र सरकार ने 25 मार्च को लोकसभा में पेश वित्त विधेयक के माध्यम से पेंशन समानता के सिद्धांत और रिटायर्ड कर्मचारियों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। यह न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि यह रिटायर्ड कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा पर सीधा हमला है। वजीर सिंह ने बताया कि 11 मार्च को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था और आश्वासन मिला था कि बजट सत्र के बाद बातचीत करवाई जाएगी, लेकिन एक माह बीतने के बावजूद कोई वार्ता नहीं हुई। यह सरकार के लोकतांत्रिक दायित्वों की भी अवहेलना है। राज्य उपप्रधान मास्टर गुलाब सिंह चीका और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के उपप्रधान जरनैल सिंह ने कहा कि कैशलेस मेडिकल प्रणाली, पुरानी पेंशन की बहाली और कोरोना काल में रोका गया 18 महीनों का महंगाई भत्ता उनकी प्रमुख मांगें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वादे करके भी उन्हें लागू नहीं कर रही है। वक्ताओं ने प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली और सिंचाई जैसे क्षेत्रों में लगातार गिरावट पर चिंता जताई। जसबीर सिंह, बलबीर ढुल, धनपत कौशिक, दिलबाग पोलड़, जगरूप सहारण समेत कई नेताओं ने कहा कि सरकार मांगों को टाल रही है, जबकि पड़ोसी राज्यों में कई मांगे पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

### इनरव्हील क्लब ने झुग्गियों में बच्चों को बांटी की स्टेशनरी व खाद्य सामग्री

**कैथल (अप्रस)।** इनरव्हील क्लब कैथल ने अपने सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाते हुए नर नारायण समिति द्वारा संचालित झुग्गी-झोपड़ी स्कूल में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब की ओर से नर्सरी कक्षा के 50 बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई ताकि वे पढ़ाई में किसी कमी का सामना न करें। कार्यक्रम में लगभग 150 बच्चों को चॉकलेट, बिस्कुट व अन्य खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर क्लब की प्रमुख डॉ. राजरानी ने बताया कि इनरव्हील क्लब कैथल समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों और परिवारों की सहायता करता रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और क्लब का उद्देश्य यही है कि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे।

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रत्यक्ष चुनाव होने चाहिए : राजकुमार शर्मा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 22 अप्रैल।** पूर्व सहायक महाधिवक्ता और प्रदेश के जाने माने एडवोकेट राजकुमार शर्मा ने कहा कि चुनावी राजनीति में खरीद फरोख्त से बचने के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के सीधे प्रत्यक्ष चुनाव होने चाहिए। इसके बाद राजनीतिक दलों पर संख्या के गणित को साधन का तनाव समाप्त हो जाएगा। उसके बाद समझौते का दबाब नहीं रहेगा। वह आज पत्रकारों से खास बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओ, पंचायतों नगरनिगमों परिषदों समितियों में मैयर चेयरमैन, प्रधानों सरपंचों के सीधे चुनाव होने से राजनीति में होर्स ट्रेडिग खत्म हुई है। उन्होंने बताया कि वन न्ैशन वन इलैक्शन बहुत अच्छा कदम हैं। इससे सरकार का अरबों रुपया बचेगा। उन्होंने बताया कि साठ के दशक तक पूरे देश में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव होते थे। उन्होंने कहा कि पांच साल में तीन साल तो चुनाव होते रहते ळें। इससे देश औरप्रदेश का विकास भी प्रभावित होता ळें। भारत में एक समय पर सभी चुनाव होनाचाहिए। पहले थेड़ी परेशानी होगी। लेकिन बाद में यह देश के लिए हित कारी रहेगही। उन्होंने कहा कि देश का जितना भी बजट होता ळे उतना तो एक चुनाव पर खर्च होजाता है। उन्होंने कहा कि सरकार 2036 में वन नैशन वन इलैक्शन करवाने की तैयारी कर रही ळें। इसका समर्थन सभी को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे विकास को गति मिलेगी। जतो पैसा चुनावों पर बार बार खर्च होता है वह बचेगा। एक समय पर लोसभा से लेकर पंचायतों तक के जब चुनाव होंगे।

# आग में जले किसानों के अरमान, फसलों का मुआवजा दे सरकार : रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 22 अप्रैल।** पूर्व डायरैक्टर हैफेड एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि गत दिनों तेज आंधी, तूफान के कारण बिजली की तारों से निकली चिंगारियों से हलका पूंडरी सहित समूचे प्रदेश में धरतीपुत्र किसानों की हजारों एकड़ खेतों में खड़ी गेहूं की फसल व फाने आग की भेंट चढ़ गए। सरकार अपना राजधर्म निभाते हुए किसानों के जख्मों पर मुआवजा रूपी मरहम लगाने का काम करें, ताकि कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को कुछ राहत मिल सके। नई अनाज मंडी ढांड में बातचीत करते हुए रामचंद्र जडौला ने कहा कि किसानों ने 6 माह दिन रात धूप बारिश में कड़ी मेहनत कर गेहूं की फसलों की पैदवार की थी और कई सपने संजोए थे, लेकिन किसानों के सपने व अरमान आग में स्वाह हो गए है। हर वर्ष प्रदेश में हजारों एकड़ फसलें-फाने बिजली के तारों से निकली चिंगारियों व अन्य कारणों से आग लगने से जल कर राख हो जाती हैं। बीमा कम्पनियां भी आग से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं देती। किसानों की इस बर्बादी पर गहरा दुख प्रकट करते हुए पूर्व डायरैक्टर रामचंद्र जडौला ने खड़ी फसल जलने का 50000 रुपए प्रति एकड़ व फानों का 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की सरकार से मांग की है, ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों की जुताई, बिजाई, बीज-खाद,कीटनाशक तथा सिंचाई आदि पर हजारों रुपए प्रति एकड़ खर्च हो जाते हैं और अगली फसल की बिजाई के लिए भी पैसा नहीं बचता। फसल बर्बाद होने के बाद किसान के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं बचता और किसान कर्जजाल में फंस जाते हैं।

### सड़क को लेकर भाजपा पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा और कांग्रेस विधायक विकास सहारण के बीच जुबानी जंग तेज

# किसी विकास कार्य का श्रेय लेने से पहले अपनी यादास्त ताजा रखें : ढांडा

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 22 अप्रैल।** कलायत विधानसभा में तितरम मोड़ से देवबन कैंची चौक तक 9 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क को लेकर भाजपा की पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा और कांग्रेस विधायक विकास सहारण के बीच जुबानी जंग तेज हो चली है। पूर्व राज्य मंत्री की पैरवी में खुद उनके बेटे युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा उतर आएं हैं।

मंगलवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में तुषार ढांडा बेहद आक्रामक तेवरों में दिखे। उन्होंने भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, बालू मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी खेड़ा, जाखौली मंडल अध्यक्ष अनिल मलिक और राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल की मौजूदगी में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर पत्रकारवार्ता की। इस दौरान ढांडा ने कांग्रेस विधायक विकास सहारण पर बड़े राजनैतिक हमलों की झड़ी लगाई। उन्होंने विधायक पर तंज कसते कहा कि किसी विकास कार्य का श्रेय लेने से पहले अपनी यादास्त ताजा रखें। इसके लिए वे अपनी तरफ से बादाम का कट्टा भेजने को तैयार हैं।

तुषार ढांडा ने सड़क निर्माण कार्य का विवरण पेश करते कहा कि प्रशासनिक अनुमति के बाद 19 जुलाई 2024 को टेंडर काल किया गया। सब जानते हैं कि उस समय उनकी माता कमलेश ढांडा कलायत से विधायक थी। हालांकि 16 अगस्त को विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी। उपरांत जनवरी में सड़क निर्माण को लेकर अगले पत्र के तहत 24 जनवरी 2025 को टेंडर एक एजेंसी को अलाट किया गया। बड़े अचरज की बात है कि इतना कुछ होने के बाद भी विधायक इसे अपनी मेहनत का परिणाम बता रहे हैं। सच्चाई यह है कि 13 मार्च 2025 को विधायक ने विधानसभा में सड़क के मुद्दे को उठाया। लेकिन वे खुद बताएं कि 13 मार्च से अप्रैल माह में कार्य शुरू होने तक इस कार्य में विधायक की क्या भूमिका रही? क्योंकि टेंडर सहित तमाम प्रक्रियाएं पहली ही पूरी हो चुकी थी। इससे जाहिर होता है कि लोकतंत्र का मंदिर कही जाने वाली विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने से पहले काश विधायक किसी जेई से ही सड़क से जुड़ी अपडेट ले लेते? इसके बाद कुछ कहने की जरूरत न रहती।तुषार ढांडा ने कहा कि कांग्रेस विधायक विकास सहारण परिवार सहित दिल्ली में रहते हैं। कभी कभार ही उनका कलायत हलका में आना होता है और वे अकसर दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे का खरक पांडवा गांव तक पहुंचने में इस्तेमाल करते हैं। कहीं कल ऐसा न हो कि विधायक एक्सप्रेस वे के निर्माण का श्रेय लेने लग जाएं। क्योंकि इन दिनों विधायक भाखड़ा पानी को लेकर राजनीति रोटियां सेकने के प्रयास में हैं। जबकि वर्ष 2020-2021 वित्त वर्ष में भाखड़ा के पानी के विषय को तत्कालीन राज्य मंत्री कमलेश ढांडा प्रमुखता से सीएम के संज्ञान में लाते हुए 27 जुलाई 2022 को इस योजना को मंजूरी दिला चुकी हैं।

# मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जीनोम संपादन प्रयोग शाला का किया उद्घाटन

## किसानों और बैज्ञानिकों के बीच तालमैल होना देश हित में जरूरी, भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान में किसानों के साथ बातचीत की

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 22 अप्रैल।** कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय विभाग के मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है किसान और विज्ञान के गठबंधन के बिना भारत की कृषि क्षेत्र में प्रगति असंभव हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक कम पानी की लागत और गर्मी की मार सहने वाली प्रजातियों को विकसित करें। उन्होकंने कहा कि ऐसा गेंहू विकसित करें जिसमें नाम मात्र का गलूटिन हो। उन्होंने कहा कि सरबती गेहूं का डंका समूचे संसार में बज रहा हैं। उन्होंने भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर), करनाल के अपने दौरे के दौरान किसानों के साथ बातचीत की। इसके अलावा, उन्होंने संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों के साथ भी वार्तालाप किया। उन्होंने जहां अपेक्षित रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन के लिए किसानों और वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना की, वहीं भविष्य के प्रमुख शोध क्षेत्रों पर भी जोर दिया। किसानों ने जलवायु परिवर्तन के प्रत्ति सहनशील किस्में उपलब्ध कराने के लिए मंत्री और उनके वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जो विशेष रूप से फरवरी-मार्च के महीनों के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव को झेल सकती हैं, जिससे किसानों को भरपूर फसल प्राप्त करने में मदद मिली। नत्री महोदय ने विज्ञान और किसान को जोडने़ पर जोर दिया। किसान इस बात से खुश थे कि रोग प्रतिरोधी किस्मों के उपयोग के कारण उन्हें कवकनाशकों के छिड़काव की आवश्झकता कमोबेश नहीं पड़ी, जिससे उनकी खेती की लागत कम हुई। कुछ किसानों ने जौ की छिलका रहित किस्मों में रुचि दिखाई, क्योंकि उन्हें पता चला कि डीडब्ल्यूआरबी 223 को हाल ही में सीवीआरसी द्वाराजारी किया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने संस्थान में चल रहे विभिन्न अनुसंधान, समन्ध्य और शिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी तथा हितधारकों और बदलती जलवायु को ध्यान में रखते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। बातचीत सत्र से पहले, श्री चौहान ने आईसीए आर परियोजना के अंतर्गत में बनी जीनोम संपादन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया, जिसका लक्ष्य गेहूं में बेहतर अनुकूलन और अनाज की समृद्ध गुणवत्ता के लिए वांछित लक्षणों को बढ़ाने की दिशा में आधुनिक जीनोमिक स्वनीकों का उपयोग करना है। शिवराज सिंह चौहान, माननीय केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने 22 अप्रैल, 2025 को भाकृअनुप-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर), करनाल के अपने दौरे के दौरान किसानों के साथ बातचीत की। इसके अलावा, उन्होंने संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों के साथ भी वार्तालाप किया। उन्होंने जहां अपेक्षित रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन के लिए किसानों और वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना की, वहीं भविष्य के प्रमुख शोध क्षेत्रों पर भी जोर दिया। किसानों ने जलवायु परिवर्तन के प्रत्ति सहनशील किस्में उपलब्ध कराने के लिए माननीय मंत्री और उनके वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जो विशेष रूप से फरवरी-मार्च के महीनों के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव को झेल सकती हैं, जिससे किसानों को भरपूर फसल प्राप्त करने में मदद मिली। मंत्री ने विज्ञान और किसान को जोडने़ पर जोर दिया। किसान इस बात से खुश थे कि रोग प्रतिरोधी किस्मों के उपयोग के कारण उन्हें कवकनाशकों के छिड़काव की आवश्झकता कमोबेश नहीं पड़ी, जिससे उनकी खेती की लागत कम हुई। कुछ किसानों ने जौ की छिलकारहित किस्मों में रुचि दिखाई, क्योंकि उन्हें पता चला कि डीडब्ल्यूआरबी 223 को हाल ही में सीवीआरसी द्वाराजारी किया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने संस्थान में चल रहे विभिन्न अनुसंधान, समन्ध्य और शिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी तथा हितधारकों और बदलती जलवायु को ध्यान में रखते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। बातचीत सत्र से पहले, श्री चौहान ने आईसीए आर परियोजना के अंतर्गत में बनी जीनोम संपादन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया, जिसका लक्ष्य गेहूं में बेहतर अनुकूलन और अनाज की समृद्ध गुणवत्ता के लिए वांछित लक्षणों को बढ़ाने की दिशा में आधुनिक जीनोमिक स्वनीकों का उपयोग करना है।

# भारत एशियन योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, 20 देशों के 170 एथलीट लेंगे हिस्सा

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 22 अप्रैल।** भारत में योग को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और योगासन भारत मिलकर 25 से 27 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन करेंगे। इस चैंपियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के 170 एथलीट, 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। युवा मामले और खेल मंत्रालय इस दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसी के तहत, भारत 25 से 27 अप्रैल 2025 तक दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में योगासन मूवमेंट के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उदित शेठ (अध्यक्ष, योगासन भारत), डॉ. संजय मालपानी (अध्यक्ष, एशियाई योगासन) और डॉ. जयदीप आर्य (महासचिव, विश्व योगासन) शामिल थे।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 25 अप्रैल 2025 को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह भारत की योगासन को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उदित शेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'योगासन खेल के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम भारत में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे हैं और अपने खेल के लिए एक वैश्विक मंच स्थापित कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय टीम को मेरी शुभकामनाएं, क्योंकि यह ऐतिहासिक क्षण प्रतिस्पर्धी खेलों में जीवन भर गूंजेगा।'

डॉ. संजय मालपानी ने कहा कि एथलीटों और संघों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया दिखाती है कि योगासन वैश्विक स्तर पर पहचान पाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का आयोजन और भी भव्य होगा। डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि योगासन की यात्रा एक पवित्र अभ्यास से एक वैश्विक खेल बनने तक भारत के दृष्टिकोण, लचीलेपन और नेतृत्व को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धी योगासन खेलों में नए मानक स्थापित करेगी।

इस चैंपियनशिप में योगासन के बेहतरीन एथलीट भाग लेंगे। वे ताकत, लचीलापन, सहनशक्ति और कलात्मक श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह आयोजन योग की गहरी जड़ों और परंपराओं को भी दर्शाएगा। इस अवसर पर टीम इंडिया को भी इंट्रोड्यूस कराया गया। टीम में देश के अलग-अलग हिस्सों के एथलीट शामिल हैं। हर एथलीट की कहानी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता की कहानी है। चैंपियनशिप के आधिकारिक शुभंकर का भी अनावरण किया गया। यह शुभंकर योगासन की भावना और ताकत का प्रतीक है। इसके अलावा, चैंपियनशिप का आधिकारिक गान भी लॉन्च किया गया। यह गान योगासन के वैश्विक खेल के रूप में उभरने के पीछे की ऊर्जा, गौरव और दृष्टिकोण को दर्शाता है।

एशियाई योगासन के बारे में खास बातें- एशियाई योगासन एक खेल संघ है, जिसे ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह एशिया में योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए समर्पित है। यह संगठन विश्व योगासन से संबद्ध है और उत्कृष्टता और परंपरा के लिए प्रतिबद्ध है। यह पाठ्यक्रम डिजाइन करता है, प्रशिक्षण प्रदान करता है और योगासन को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विषय के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। यह चैंपियनशिप योगासन के खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। भारत सरकार और खेल मंत्रालय इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। साई और योगासन भारत का सहयोग इस प्रयास को और भी मजबूत करेगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो अपने साझेदार संस्थानों के 500 छात्रों को करवाएगा इंटर्नशिप

**नई दिल्ली (अप्रस)।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 2025-26 के लिए मानकीकरण के क्षेत्र में अपने साझेदार संस्थानों के 500 छात्रों के लिए इंटर्नशिप की घोषणा की है। इंटर्नशिप का प्रस्ताव 4 साल के डिग्री कोर्स, 5-साल के इंटीग्रेटेड डिग्री कोर्स, पोस्टग्रेजुएट डिग्री और डिप्लोमा प्रोग्राम कर रहे छात्रों के लिए होगा। बयान में कहा गया है कि 8 सप्ताह की इस इंटर्नशिप में दो प्रमुख उद्योगों में पूर्व-मानकीकरण कार्य को लेकर जानकारी दी जाएगी। छात्रों को मैन्युफैक्चरिंग और टेस्टिंग प्रोसेस, रॉ मटेरियल, इन-प्रोसेस कंट्रोल और प्रोडक्ट क्वालिटी से जुड़े दूसरे पहलुओं पर विस्तृत अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। हाल ही में आयोजित बीआईएस मानकीकरण अध्यक्षों और एमओयू भागीदार संस्थानों की नोडल फैकल्टी के वार्षिक सम्मेलन में 15 संस्थानों के पाठ्यक्रम में मानकीकरण मॉड्यूल को भी शामिल किया गया है, जबकि 130 से अधिक शोध और विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

# नलिन कोहली का आरोप, नेशनल हेराल्ड केस से भाग रही कांग्रेस

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 22 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने मंगलवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

नलिन कोहली ने कहा कि यंग इंडियन-नेशनल हेराल्ड केस में जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी के आलाकमान की चुप्पी है, वह एक बड़ा मुद्दा है। दूसरी तरफ जिस प्रकार से उनके वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से उनका बचाव किया जा रहा है, उससे लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया को लेकर राहुल गांधी के जो हालिया बयान हैं, उनसे लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी नेशनल हेराल्ड केस से भाग रही है और भारत के संस्थानों पर ऐसी बयानबाजी कर नेशनल हेराल्ड केस से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि अपने निजी और राजनीतिक कारणों से नेहरू-गांधी परिवार संस्थाओं पर हमला करने से नहीं कतराता। लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो वे नेशनल हेराल्ड मामले से क्यों भाग रहे हैं?

नलिन कोहली ने कहा कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पी. चिदंबरम ने दावा किया कि नेशनल हेराल्ड भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है और इसलिए इसे बचाए रखने की जरूरत है। लेकिन अगर यह वाकई इतना महत्वपूर्ण था, तो कांग्रेस ने सत्ता में अपने 55 सालों के दौरान इसे बचाने के लिए कुछ क्यों नहीं किया? और अगर वे वाकई भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में चिंतित हैं, तो यह विडंबना ही है कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर बोलते हुए भारतीय लोकतंत्र पर हमला करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा स्पष्ट रुख है कि कांग्रेस पार्टी को नेशनल हेराल्ड को दिए गए संदिग्ध विज्ञापनों और अग्रिम किराए सहित अपराध की आय से संबंधित विशिष्ट आरोपों पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए, न कि भारत के संस्थानों, विशेष रूप से निर्वाचन आयोग पर हमला करना चाहिए।


### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति की दुकान नं0 22 की खुली बोली दिनांक 30.04.2025 को प्रात: 11:00 बजे खण्ड कार्यालय सफीदों में की जायेगी। कोई भी इच्छुक व्यकित उक्त दुकान को किराये पर लेने हेतु सिक्योरिटी राशि मु0 10000/- रूपये जमा करवाकर उच्चतम बोली लगाकर छुडवा सकता है। बोली की शर्ते मौके पर सुना दी जायेगी।

कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति एंव- खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी, सफीदों। अध्यक्ष, पंचायत समिति, सफीदों

AP-594

### उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 दवारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओ के माध्यम से आमंत्रित की किया जाता है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61255473 | एलास्टोमेरिक पैड्स डिजाइन-बी | 32640 नग | 19 मई 2025 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेडंर नोटिस सं: 61255473

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1181/25

AP-607

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं:- इलेक्ट-पीएस-20579 दिनांक:- 18.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

विवरण:- 1. कार्य का नाम : तीन वर्षों के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन का CAMC 2. कार्य स्थल: आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला-रायबरेली। 3. अनुमानित लागत : ₹ 11,73,793.20 (रू0 ग्यारह लाख तिहत्तर हजार सात सौ तिरानबे और बीस पैसे मात्र) 4. अमानत राशि : ₹ 23,500.00 (रू0 तेईस हजार पाँच सौ मात्र) 5. कार्य समाप्ति की अवधि: 36 (छत्तीस) माह 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 12.05.2025, 11:30 बजे। 7. अन्य शर्तें: अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस

निविदा संख्या :- SIG-504-MCF-CAMC-AV-RE2, नियत तिथि:- 19.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आईटी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या SIG-504-MCF-CAMC-AV-RE2, नियत तिथि:- 19.05.2025 के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एक पैकेट प्रणाली पर आधारित है।

कार्य का नाम : सरस्वती ऑडिटोरियम, टीटीसी ऑडिटोरियम, गंगा भवन, गोमती इंडोर स्टेडियम और एमसीएफ/आरबीएल में जीएम कैंप कार्यालय में स्थापित ऑडियो-वीडियो सिस्टम का दो साल के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) : ₹ 4075851(चालीस लाख पचहत्तर हजार आठ सौ इक्यावन मात्र), धरोहर राशि : ₹ 81500.00 (इक्यासी हजार पांच सौ मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य : ₹ 3000.00, कार्य समापन की अवधि : दो वर्ष (24 माह). • निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय : 19.05.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आईटी

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 02/ईटी/2025-26 दिनांक: 18.04.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03251262 | लेवोटरी डोर कम्पलीट आरएच | 240 नग | 13.05.2025 |
| | | लेवोटरी डोर कम्पलीट एलएच | 240 नग | |
| 02 | 12251034 | सप्लाई ऑफ वन कोच सेट ऑफ एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम | 1994 सेट | 20.05.2025 |
| | | सप्लाई ऑफ वन कोच सेट ऑफ एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम फॉर एलएचबी टाईप पावर कार कोचेज | 151 सेट | |
| | | सप्लाई ऑफ वन कोच सेट ऑफ एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम फॉर एलएचबी टाईप पावर एलएसएलआरडी कोचेज | 94 सेट | |
| 03 | 12241497 | एंटी रोल बार ब्रैकेट | 11146 नग | 21.05.2025 |
| 04 | 11241439 | रूफ फ्लैंज फॉर एलडब्लूएस कोचेज (सीआरएफ) | 1147 नग | 13.05.2025 |

शुद्धिपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 88/ईटी/2024-25 दिनांक : 20.03.2025 | टेन्डर नं. 03251075 | निविदा खुलने की तिथि 16.04.2025 के स्थान पर तिथि 24.04.2025 पढ़ें। |
| 02 | 88/ईटी/2024-25 दिनांक : 20.03.2025 | टेन्डर नं. 03251071 | निविदा खुलने की तिथि 16.04.2025 के स्थान पर तिथि 24.04.2025 पढ़ें। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम एंड पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-600

grtr mhwll erlAw ifvlpmlt AQwirtl, mhwll, pfw Bvn, sktr 62, As.e.As. ngr
jnqk scnw
plwt n: 2806 blwk-C, Aristl As.e.As ngr d Alwtl Sh. Kulwinder Mavi S/o Jarnail Singh R/o # 57, Sector 59, SAS Nagar, Pb. n Kamaldeep Sharma S/o Mohan Lal R/o House No. 272, Ward No. 8, Ranjit Colony, Kharar, S.A.S Nagar f miKqAwr Awm inXkq klqw h, ieh Gurdarshan Singh Bedi, Barrister, Solicitor & Notary Public, Fateh Laywers LLP, Wininpeg. v-ll qsdlk klql gel h Aq ifptl kimSnr, As e As ngr v-ll lVl n: 956 imql 28-02-2025 rwhl iebj klql gel h[ hx ies jl pl e d AwDwr q Kamaldeep Sharma S/o Mohan Lal v-ll akq plwt n: 2806 blwk-C, Aristl As.e.As ngr f M/S PARVEEN PROMOTERS AND DEVELOPERS THROUGH HARJIT SINGH R/o VILLAGE-GHARUAN, DISTT. SAS NAGAR MOH ALI d nwm q vcx dl pvingl mgl gel h[ vcx dl pvingl dx ql pih ll sB Aim q Kis f sicq klql jldi h ik ies jl.pl.e. sbDl jkr iks f kel ieqrwj hv qw ies ivigApn dl imql q 15 idnw d Adr-Adr Awpxw ilKql ieqr-wj imlK APsr (p), gmwfw pws d skdw h[ inSicq imql Aq sml q bAd pwpq he ieqrwjl q kel ivcwr nhl klqw jwvgw Aq akq rijstrf jl.pl.e. d AwDwr q akq plwt n: 2806 blwk-C, Aristl As.e.As ngr f vcx dl pvwngl ibnkwr d nw jwrl kr id-ql jwvgl [
sprft (p), gmwfw, As.e.As.ngr[

AP-611

### न्यायालय तहसीलदार सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी

असन्ध

[illegible]

तहसीलदार कम सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी असन्ध

AP-604


# अनाज मंडियों में गेंहू की आवक जोरों पर, अधिकारी खरीद के साथ-साथ उठान कार्य में लाएं तेजी: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/विनय दीवान

**सफीदों, 22 अप्रैल।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने सफीदों व पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडियों में गेंहू के उठान को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अनाज मंडियो में गेंहू की आवक जोरों पर है, इसके लिए अतिरिक्त लेबर व वाहनों का प्रबंध कर गेंहू के उठान कार्य में तेजी लाएं, ताकि किसानो को अनाज मंडियों में अपनी फसल लाने में कोई दिक्कत न हो।

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने यह निर्देश मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय मे गेंहू आवक व उठान कार्य को लेकर आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस समय मंडियों में गेंहू की आवक काफी जोरों पर है। लिहाजा आवक से सफीदों व पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडियो में खाली जगह की परेशानी न हो इसलिए फसल खरीद के साथ-साथ उठान में भी तेजी लाएं। सभी अनाज मंडियों में बारदाने आदि जरूरी कार्यो को दुरूस्त रखे। सम्बंधित एजेंसियां रात्री के समय में भी गेंहू का उठान जारी रखें। अधिकारियों ने एसडीएम को आस्वशत करते हुए बताया कि अनाज मंडियों में फसल खरीद को लेकर किसी भी किसान को कोई दिक्कत नही आ रही है। एसडीएम ने गेंहू उठान कार्य में लगे ठेकेदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अतिरिक्त गाडियां व लेबर का प्रबंध कर मंडियों से गेंहू का उठान करवाएं, गेहूं उतरवाने के लिए प्वाइंट बढाए जाएं। इस कार्य में ढिलाई न बरतें। रात्री के समय में भी गेंहू उठान का कार्य सुचारू रूप से चलता रहना चाहिए। एसडीएम ने किसानों से भी आहवान किया कि वे अपनी फसल की साफ सफाई करके लाएं, ताकि फसल बिक्री में कोई दिक्कत न आए।

# खतरनाक हो सकती है हीट वेव, केंद्र ने मुख्य सचिवों से व्यवस्था करने के आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 22 अप्रैल।** देश भर में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कई स्थानों पर हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया गया है। तेज गर्मी और लू से सबसे अधिक प्रभावित होने वालों में श्रमिक और मजदूर भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर तेज गर्मी, धूप और हीट वेव से श्रमिकों के बचाव के उपाय करने के लिए कहा है, खास तौर पर खदानों में कार्यरत मजदूरों, फैक्ट्रियों और निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष उपाय करने की सलाह दी गई है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के मुताबिक, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस संबंध में संपर्क किया जा रहा है। सभी राज्यों को सलाह दी गई है कि वे विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों और मजदूरों पर अत्यधिक गर्मी के असर को कम करने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों एवं प्रशासकों को यह पत्र लिखा गया है।

श्रम एवं रोजगार सचिव ने पत्र में एक समन्वित, बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण की सिफारिश की है। इसमें काम के घंटों का पुनर्निर्धारण, पर्याप्त पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करना, कार्य स्थलों और आराम क्षेत्रों का वेंटिलेशन और कूलिंग की व्यवस्था करना शामिल है। श्रमिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच आयोजित करना और निर्माण श्रमिकों आदि को आपातकालीन आइस पैक और गर्मी से होने वाली बीमारी से बचाव की सामग्री प्रदान करना भी इस पहल में शामिल है।

पत्र में खदान और फैक्ट्री प्रबंधन को धीमी गति से काम करने, लचीले शेड्यूल अपनाने, अत्यधिक गर्मी के दौरान दो-व्यक्तियों का दल बनाने, भूमिगत खदानों में उचित वेंटिलेशन निर्देश जारी करने की भी सलाह दी गई है। कारखानों और खदानों के अतिरिक्त निर्माण और ईंट भट्ठा श्रमिकों पर विशेष ध्यान दिए जाने तथा जागरूकता शिविरों, श्रमिकों को चौराहों पर पोस्टर और बैनर आदि के माध्यम से अत्यधिक गर्मी की स्थिति से स्वयं को बचाने के तरीकों के बारे में श्रमिकों को व्यापक जानकारी देने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। मंत्रालय ने अपने विभिन्न संगठनों को भी जागरूकता सत्र आयोजित करने और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशिष्ट मॉड्यूल शामिल करने के निर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य श्रमिकों को हीट वेव के कारणों और प्रभावों के बारे में जानकारी देना है। साथ ही हीट स्ट्रेस को पहचानने, निवारक रणनीतियों और हीट वेव के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के तरीकों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।


### बिहार सरकार

### न्यायालय
### अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, गोपालगंज

आम-सूचना

बजरिये नोटिस निम्नलिखित विपक्षीगण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित उत्पाद अधिहरण वादों की सुनवाई अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। सभी वाहन स्वामी को निबंधित डाक से सूचना निर्गत की जा चुकी है, परन्तु इन उत्पाद अधिहरण वादों की सुनवाई में आप उपस्थित नहीं हो रहे है और न ही अपना पक्ष हीं रख रहे है।

अत: इस नोटिस के जरिये आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि अधोस्ताक्षरी के न्यायालय में नीचे वर्णित तिथियों को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा वर्णित वादों में एक पक्षीय कार्रवाई की जायेगी।

| क्र० | अधिहरण वाद सं० | थाना का नाम | थाना कांड सं० | थाना कांड में जब्त वाहन का विवरण | | | जब्त वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निबंधन संख्या | चेचिस संख्या | ईंजन संख्या | | | |
| 1. | 1370/24 | विशम्भरपुर | 82/24 | HR13G1665 | MAT611425BPK87485 | 100A20000183622 | TATA INDICA VISTA Q-JET CAR | चिरंजीव राय, पिता-धनेश्वर राय, सा०-हाउस नं०-148 कबीर नगर, पो०-अंबाला सिटी, जिला-अंबाला, हरियाणा | 10.05.25 |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No. 1517 (DISASTER) 2025-26
अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, गोपालगंज।

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

AP-606


# मौसम बदलने के साथ लोगों को सौगात में मिल रही है बीमारियां

## लापरवाही से न लें शरीर में पानी की कमी को: डा. नेत्रपाल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 22 अप्रैल।** मौसम में तबदीली आने के साथ ही लोगों की लाइफ-स्टाईल भी बदल रही है। मौसम के बदलते स्वरूप की वजह से कई बीमारियां सौगात में मिल रही है। आने वाले दिनों में इन बीमारियों का खतरा और भी अधिक बढ़ जाएगा। बढ़ता प्रदूषण वायु मण्डल में कार्बन और विषैली गैसों का जमाव तथा खान-पान में विषैलापन लोगों की सेहत को कमजोर बना देगा। जिस तरह से बाजार में रासायनिक रंगो में रंगी सब्जियां विषैले पदार्थो से पकाए जाने वाले फल लोगों की सेहत बिगाड़ रहे है। वहीं पर शरीर में टोक्सिक पदार्थ भी पहुंचा सकते है। अस्पतालों में पानी से होने वाली बीमारियां, टायफाइड, उलटी-दस्त और डायरिया जैसी बीमारी प्रदूषण की वजह से खांसी-जुकाम, छाती में बलगम का जमाव, गले का इंफैक्शन और वायरल फीवर, मच्छरों से होने वाली बीमारियां, मलेरिया, मस्तिष्क ज्वर जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। आमतौर पर पीलिया से ग्रस्त मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। इस मुद्दे को लेकर डा. नेत्रपाल रावल से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा बीमारियां रंगीन फल और सब्जियों के खाने से होती है। वहीं प्रदूषित पानी का उपयोग मुख्य बीमारी का कारण होता है। कई बार तो जीवन पर भी खतरा मंडराने लगता है। यदि किसी को पांच दिन तक बुखार आएं तो निश्चित ही डाक्टर को दिखाना चाहिए। वहीं पर उलटी दस्त के मामले में भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। शरीर में पानी की कमी की वजह से किडनी काम करना बंद कर देती है और इसमें व्यक्ति की मौत तक हो सकती है। वहीं पर वायुमंडल में प्रदूषण की वजह से गले का इंफैक्शन, छाती का जमाव जैसी बीमारियां सौगात में मिल रही है। उन्होंने इसके बचाव को लेकर बताया कि बाहर जाते समय यदि आप दुपहिया वाहन पर है तो मुंह पर मास्क लगाएं।

# यूपीएससी में छाए ट्राईसिटी के धुरंधर

## अस्था 61वीं, रिया 89वीं, तन्वी गुप्ता 187वीं, एकांश ढुल ने 295वीं रैंक की हासिल






अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन की ओर से सिविल सेवा परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया गया है जिसमें ट्राई सिटी के युवाओं ने भी बाजी मारी है। जीरकपुर के पीर मुछल्ला की रहने वाली आस्था सिंह ने 61 रैंक हासिल किया है। मोहाली की रिया सेठी ऑल इंडिया रैंक 89, पंचकूला की तन्वी गर्ग 187 रैंक हासिल करने में कामयाब हुई है। जीरकपुर के पीर मुछ्छला में रहने वाली आस्था सिंह ने यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में 68 ऑल इंडिया रैंक हासिल किया है। आस्था के पिता बृजेश सिंह फार्मा कंपनी में कार्यरत है जबकि माता शालिनी सिंह हाउसवाइफ हैं। आस्था ने ग्रेजुएशन इकोनॉमिक्स विषय में दिल्ली के कॉलेज से की है। आस्था के परिवार में कोई भी सदस्य आईएएस अधिकारी नहीं है। परीक्षा के लिए बड़ी बहन आंचल सिंह ने इसका विशेष ध्यान रखते हुए तैयारी में भी मदद की आस्था ने अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयारी की थी जिस कारण आज उसे सफलता प्राप्त हुई।

मोहाली के सेक्टर 72 की रहने वाली रिया सेठी मैं अपनी सफलता पर बताया उनके स्वर्गीय पिता की इच्छा थी कि उनकी बेटी उच्च अधिकारी बने। आठ सालों के बाद उनकी बेटी ने उनका सपना पूरा कर दिया है। मां सुमित प्राइवेट कंपनी में काउंटर का काम संभालती हैं। भाई का बिजनेस है। रिया का कहना है कि उनकी इस कामयाबी के पीछे मां का बड़ा योगदान है। रिया इकोनॉमिक्स मास्टर कर चुकी हैं। उसके बाद रिया ने लगातार यूपीएससी की तैयारी की। उनका कहना है कि सेल्फ स्टडी के लिए 9 से 10 घंटे जरूरी है। टारगेट को ध्यान में रखकर मेहनत करनी चाहिए। दूसरों की बजाय अपने पर भरोसा अधिक रखना चाहिए तभी सफलता कदम चूमेगी। उनका कहना है कि उनका मकसद सिर्फ एक ही है कि हर जमीन से जुड़े इंसान को सरकारी सहायता प्राप्त हो और वह परिवार में पहली सदस्य है जिसने यह परीक्षा पास करी है

### सोशल मीडिया पर हाइपर स्टडी को इग्नोर किया



तन्वी गुप्ता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सोशल मीडिया आपको कंपटेटिव एग्जाम को अटेम्प्ट करने में सहायता करते हैं। साथ सोशल मीडिया से यह भी आसानी से तय हो जाता है कि किन सोर्स को स्टडी के लिए चूज किया जाए। मगर सोशल मीडिया पर हाइपर स्टडी को उसने इग्नोर करना ठीक समझा। क्योंकि कहीं न कहीं आपको सेल्फ स्टडी के साथ खुद का संतुलन बनाना होता है और कई बार इन्फोर्मेशन ओवरडोज हो जाती है।

### दादा ने कहा था एक दिन अफसर बनेगी

समाजसेवी स्वर्गीय खेत्रपाल गुप्ता की पोती तन्वी गुप्ता ने अपनी मेहनत के पीछे मिले प्रोत्साहन के लिए अपने दादा जी को श्रेय दिया। उसने बताया कि वह पढ़ाई में शुरू से ही होशियार थी। पिता राजेश गुप्ता को दादा जी ने कंपटीशन की तैयारी करने के लिए हमेशा प्रेरित किया। वह इसी प्रेरणा से हमेशा परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर आती रही। राजेश गुप्ता बताते हैं कि बेटी की आईएएस अफसर बनने की इच्छा के पीछे दादा जी स्वर्गीय खेत्रपाल गुप्ता का मार्ग दर्शन रहा है।

### एकांश ने कहा पिता से मिली प्रेरणा



पंचकूला शहर के एकांश ढुल ने सिविल सेवा परीक्षा में 295वीं रैंक हासिल की है। एकांश ने पिछली बार 2024 में 342 वीं रैंक प्राप्त की थी और इस बार उन्होंने परीक्षा को दोबारा पास किया। उनकी इस उपलब्धि पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने एकांश को उनके घर पहुंच कर बधाई दी। गुप्ता ने एकांश को मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एकांश पंचकूला से भाजपा नेता कृष्ण ढुल के बेटे हैं। अपनी उपलब्धि पर एकांश ने कहा कि पिता से मिली प्रेरणा और मार्गदर्शन ने उनको सफलता की सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ना सिखाया है। यह भी बताया कि उसने हमेशा से ही सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करने का सपना देखा था, और इसी लक्ष्य को लेकर उन्होंने कठिन परिश्रम किया।

# सीएम फ्लाइंग ने गैस गोदामों पर मरे छापे, 15 लोग पकड़े

### सिलेंडरों में मिली 1 या दो किलो गैस कम, कई उपकरण जब्त



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मंगलवार को माजरी चौक के निकट सेक्टर 3 में दो गैस स्टेशनों पर नियमित घरेलू सिलेंडरों से एलपीजी को अन्य सिलेंडरों में स्थानांतरित करने में कथित रूप से संलिप्त 15 कर्मचारियों को पकड़ा। उड़नदस्ते के अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस और खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारी भी थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगहों पर कुल 80 सिलेंडरों की जांच की गई। प्रत्येक सिलेंडर में एक से दो किलो कम गैस पाई गई। इस प्रकार, उपभोक्ताओं को पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कम गैस मिल रही थी। प्रथम दृष्टया पाया गया कि वे छोटे गैस सिलेंडर बेचने में संलिप्त थे, जिनमें वे इस गैस को ट्रांसफर करते थे। अधिकारियों ने आज मौके पर सभी सिलेंडरों का वजन किया। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड के एक सदस्य ने बताया कि हमारे मौके पर पहुंचने पर 15 कर्मचारियों को सिलेंडरों और वाहनों के साथ पकड़ा गया, जबकि कई अन्य भाग गए। जानकारी के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और फरार लोगों का पता लगाने के लिए कार्यवाही शुरू की जा रही है। अधिकारियों ने कहा, ÷हमें अपराध के बारे में जानकारी मिली और हमने उस जगह पर छापा मारा। हम कड़ी निगरानी रख रहे हैं और इस तरह की गतिविधियों को यहां नहीं होने दिया जाएगा क्योंकि यह जनता के साथ धोखा है।

▲ अधिकतम 38 डिग्री से.
डिग्री से. 18 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.49 बजे
सूर्यास्त 6.55 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,01,500.00 |
| सेंसेक्स | 79,595.59 |
| अमेरिका | 85.20 |
| कैनेडियन | 61.650 |
| आस्ट्रेलिन | 54.45 |

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक के खिलाफ मामला दर्ज

**बनूड़ (अप्रस)।** स्थानीय पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिवार ने शिकायत दर्ज कराई है कि बनूड़ निवासी बलप्रीत सिंह ने 20 अप्रैल को उसकी नाबालिग बेटी को अपने घर के चौबारे पर बुलाया, उसके साथ मारपीट की, उसके साथ दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी, जिन्होंने उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच, परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रमुख ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर जांच अधिकारी एएसआई हरदेव सिंह ने कथित आरोपी बलप्रीत सिंह निवासी जट्टां वाला मोहल्ला बनूड़ के खिलाफ दुष्कर्म व 4 पोक्सो बाल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसआई हरदेव सिंह ने बताया कि आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## चंडीगढ़ प्रशासन शहर को स्लम फ्री करने की मुहिम के तहत करेगा बड़ी कार्रवाई

# आज चलेगा इंडस्ट्रियल एरिया की संजय कालोनी पर बुलडोजर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** चंडीगढ़ को स्लम फ्री बनाने की दिशा में यूटी प्रशासन कल बुधवार को एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया फेज वन की संजय कालोनी को कल बुधवार सुबह के बाद कभी भी बुलडोजरों से नेस्तानाबूद कर दिया जाएगा। प्रशासन के निशाने पर संजय कालोनी के अलावा सेक्टर 25 की जनता कालोनी भी है जहां बड़ी तादाद में झुग्गियां बनाकर लोग रह रहे हैं। लेकिन प्रथम चरण में कार्रवाई संजय कालोनी पर होगी। प्रशासन का लाव लश्कर कल बुधवार को बड़ी कार्रवाई के लिये तैयार है। बुलडोजर चलाने से पहले पुलिस फोर्स का पूरा इंतजाम कर लिया गया है ताकि अगर किसी तरह का विरोध हो तो उस पर काबू पाया जा सके। लगभग 6 एकड़ में फैली संजय कॉलोनी में लगभग 1,000 झुग्गियाँ हैं, और कल सुबह 6 बजे के आसपास तोडफ़ोड़ अभियान शुरू होगा। अधिकारियों के अनुसार, पात्र झुग्गीवासियों को अपने दस्तावेज जमा करने का अंतिम अवसर देने के लिए कॉलोनी में एक शिविर का आयोजन किया गया था। लगभग 20 निवासियों ने अपने दस्तावेज जमा किए, लेकिन दस्तावेजों की जांच के बाद, केंद्र सरकार की किफायती किराया आवास योजना के तहत पुनर्वास के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। कॉलोनी के निवासियों ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में तोडफ़ोड़ अभियान के खिलाफ समीक्षा याचिका भी दायर की, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। तोडफ़ोड़ अभियान के मद्देनजर, कॉलोनी के कुछ निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया और कुछ अन्य ने कॉलोनी से अपना सामान बाहर निकालना शुरू कर दिया।

इससे पहले प्रशासन इंडस्ट्रियल एरिया में ही प्रशासन ने कालोनी नंबर 4 पर भी बुलडोजर चलाया था और यहां 65 एकड़ जमीन खाली कराई थी। यहां जमीन खाली कराकर नगर निगम की ओर से बड़ा ग्रीन एरिया विकसित किया गया था। इससे पहले भी प्रशासन कालोनी नंबर 5, मजदूर कालोनी, कुलदीप कालोनी, पंडित कालोनी, नेहरु कालोनी, अंबेडकर कालोनी, कजहेड़ी कालोनी और मद्रासी कालोनी को हटा चुका है। अब केवल दो कालोनियां बची हैं जिनमें से एक का नंबर कल लगा है जबकि दूसरी का भी जल्द लगेगा। शहर का सबसे बड़ा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र माने जाने वाली जनता कॉलोनी में करीब 10,000 से ज्यादा लोग रहते हैं। 1 मई, 2022 को कॉलोनी नंबर 4 में सफलतापूर्वक तोडफ़ोड़ अभियान चलाने के बाद, यूटी प्रशासन ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 65 एकड़ जमीन को पुन÷ प्राप्त किया था। बाद में मई 2022 में, सार्वजनिक नोटिस जारी किए गए, जिसमें संजय कॉलोनी और जनता कॉलोनी के निवासियों को तुरंत कॉलोनियों को खाली करने के लिए कहा गया। नोटिस के माध्यम से, कॉलोनी के निवासियों को सूचित किया गया था कि यह सरकारी भूमि है और इस पर बनाई गई सभी संरचनाएं या झुग्गियां अवैध हैं।

### सेक्टर 25 की जनता कालोनी में 2500 झुग्गियां, 10 एकड़ भूमि की कीमत 350 से 400 करोड़

सेक्टर 25 की जनता कालोनी में 10 एकड़ भूमि पर इस वक्त करीब 2500 झुग्गियां बताई जा रही हैं। इस जमीन की कीमत भी 350 से 400 करोड़ के बीच बताई जा रही है। इस बेशकीमती जमीन को खाली कराकर प्रशासन इसे अन्य उपयोग में लाने की योजना पर काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि जनता कालोनी की जमीन पर डिस्पेंसरी, प्रथामिक विद्यालय, सामुदायिक केंद्र और शापिंग क्षेत्र बनने हैं। सेक्टर 25 की जनता कालोनी और औद्योगिक क्षेत्र के फेज वन की संजय कालोनी को हटाने की चंडीगढ़ प्रशासन ने बीते दिनों जो घोषणा की थी, उससे टस से मस नहीं हुआ है। राजनीतिक पार्टियां हालांकि अपने अपने दम पर दावे कर रही हैं कि उन्होंने मुहिम को यहां रह रहे लोगों का पुनर्वास होने तक रुकवा दिया है लेकिन प्रशासन ने कालोनियों को हटाने की पूरी तैयारी कर ली है। कल बुधवार को प्रशासन की निर्धारित तैयारी के साथ संजय कालोनी पर बुलडोजर चलेगा। प्रशासन यहां से बाशिंदों को पहले ही नोटिस थमा चुका है और इन्हें 22 अप्रैल तक कालोनी खुद ही खाली करने की हिदायत दी गई है। हालांकि प्रशासन की ओर से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में कहा गया था कि किसी भी कालोनी पर बुलडोजर चलाने से पहले प्रभावित लोगों की सुनवाई की जाएगी। इस मामले में प्रशासन की दलील है कि कालोनी के लोगों का पक्ष सुना गया और उनके जो भी दावे थे उन्हें खारिज करने के बाद ही इसे हटाने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2022 में भी प्रशासन ने संजय कालोनी व जनता कालोनी के लोगों को नोटिस थमाये थे जिसके खिलाफ ये हाईकोर्ट चले गये थे जिसके बाद कोर्ट ने कालोनी हटाने की मुहिम पर रोक लगा दी थी।

### पुनर्वास योजना के तहत पहले भी किये गये फ्लैट अलॉट

ऐसा नहीं है कि प्रशासन ने कालोनियां हटाने से पहले मानवीय ऐंगल पर नहीं सोचा। एक पूरा सर्वे कर पुनर्वास योजना के तहत योग्य लोगों को फ्लैट अलॉट किये गये। धनास और मलोया में बड़ी तादाद में शहर की विभिन्न कालोनियां जिन्हें हटाया जा चुका है के निवासियों को इन फ्लैटों का आवंटन किया गया। प्रशासन अब तक पुनर्वास योजना के तहत 34,965 मकान अलाट कर चुका है।

# पानी की बर्बादी रोकने के लिए एमसीसी ने कमर कसी, 7 एसडीओ की टीम हर गतिविधियों पर रखेगी नजर

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** पानी बचाओ मिशन के अंतर्गत नगर निगम की टीम पूरे शहर में दिनभर जांच पड़ताल करती रहेगी। पानी की चोरी, पानी की लीकेज और पीन की बर्बादी करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के लिए एमसीसी ने कमर कस ली है। इस कार्य के



लिए सार्वजनिक जन स्वास्थ्य विंग के कुल 7 एसडीओ की 'मिशन टू सेव वाटर' नाम से टीम का गठन किया गया है। यह टीम दिन भर चेक करती रहेगी कि किस एरिया में पानी की लीकेज है किस जगह पानी की चोरी हो र ही है। इसके अलावा यह टीम पानी के बिलों की रिकवरी का काम भी करेगी।

इस प्रकार इन सभी टीमों के सदस्यों द्वारा शहर के प्रत्येक भाग में पानी की बर्बादी, लीकेज, चोरी जैसे मामलों की निगरानी कर आगे की कार्रवाई के लिए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी।

### एसडीओज आगे एक्सईएन को करेंगे रिपोर्ट

टीम के एसडीओ प्रतिदिन अपने डिवीजन के एक्सईएन को रिपोर्ट करेंगे। एक्सईएन को रिपोर्ट करेंगे। एक्सईएन भी रिकवरी, पानी की चोरी, और लीकेज रोकने के लिए संबंधित कार्य को अंजाम देंगे। इसके अलावा हर 15 दिनों में सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (एसई) पाब्लिक हेल्थ को रिपोर्ट करेंगे कि क्या-क्या काम उन्होंने कराया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम चंडीगढ़ ने पहले ही 15 अप्रैल से 30 जून तक सुबह वाटर सप्लाई के समय पानी बर्बादी की जांच करने के लिए 18 एसडीओ की टीम गठित कर दी है। उक्त टीमें प्रतिदिन 'नॉन रेवेन्यू वाटर' को कम करने की दिशा में क्या सुधार किये गये, इनसे आधारिक कार्य को देखेंगी। पब्लिक हेल्थ के अधिकारी सबमिट रिपोर्ट को आब्जर्व करेंगे और इस पर उचित कार्रवाई के लिए संबंधित एक्सईएन टीम द्वारा 15 दिनों की रिपोर्ट सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर को सौंपेंगी। यही रिपोर्ट सूचना के लिए नगर निगम कमिश्नर को प्रस्तुत की जायेगी।

### एसडीओ की टीम में यह अधिकारी शामिल

**टीम-1:** एसडीओ हरमिंदर सिंह, एरिया- सैक्टर 1 से 12, 14, 15, 16, 26, गांव कैंबवाला, खुड्डा अलीशेर, खुड्डा लाहौरा।

**टीम-2:** एसडीओ प्रभदीप सिंह, एरिया- सैक्टर 17 से 25, 27 से 30 गांव सारंगपुर, धनास, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1.

**टीम-3 :** एसडीओ निर्मल सिंह, एरिया-सेक्टर 31 से 38, 38 वेस्ट, गांव डड्डूमाजरा, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2, रामदरबार, हल्लोमाजरा, बहलाना।

**टीम-4 :** एसडीओ गुरचरण जीत सिंह, एरिया- सेक्टर 39 से सेक्टर 47, गांव मलोया, गांव बहलाना, बुटेरला, बड़हेड़ी, बुड़ैल और अटावा।

**टीम-5:** एसडीओ अंग्रेज सिंह, एरिया-सेक्टर 48से 56, सेक्टर 61, 63, गांव कजहेड़ी, फैदां पलसौरा।

**टीम-6:** एसडीओ जोगिन्द्र कुमार, एरिया- मनीमाजरा, शास्त्रीनगर, किशनगढ़, और भगवानपुरा।

**टीम-7:** एसडीओ गौरवपाल, एरिया-मौली जागरां कालोनी, गांव दड़बा, रायपुर कलां, रायपुरखुर्द, मक्खनमाजरा और विकासनगर।

# 62 वर्षीय वृद्ध महिला पर हमले का आरोपी नामजद

**सिर में रॉड मारकर किया था घायल, हमलावर गिरफ्तार**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 अप्रैल।** ढकोली के ग्रीन सिटी के मकान नंबर-166ए में रहने वाली महिला सरोज रानी पर उसके पड़ोसी धीरज कुमार भाटिया ने लोहे के सरिए से हमला कर उसे घायल कर दिया था, इस मामले में ढकोली थाना पुलिस ने आरोपी धीरज कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2),126(2) व 296 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था लेकिन आरोपी के खिलाफ लगाई गई धाराएं जमानत योग्य होने के चलते आरोपी द्वारा जमानत ले ली गई है आरोपी के खिलाफ जो धारा 7/51 लगाई गई थी उसके संबंध में आरोपी ने एसडीएम की अदालत से भी जमानत हासिल कर ली है।

पीड़िता सरोज रानी ने बताया था कि उनका पड़ोसी धीरज कुमार भाटिया अक्सर ही लोगों के साथ मारपीट गाली गलौज व दुर्व्यवहार करता रहता था। उनका पड़ोसी होने के चलते वह उन्हें ज्यादा तंग परेशान करता था। सोमवार सुबह अपने बचाव में गली निवासी इकट्ठे होकर इस संबंधी थाना ढकोली में शिकायत दर्ज करवाने गए थे लेकिन उस समय वहां पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। शाम को उसकी पुत्रवधू जब मार्केट से घर आई तो धीरज कुमार भाटिया फिर से गालियां निकालने लग गया जिसके चलते उसकी पुत्रवधू सोनिया अरोड़ा ने उसे अंदर से आवाज लगाई। जैसे ही वह बाहर आई तो उसके तुरंत बाद धीरज कुमार भाटिया अपने घर से लोहे का सरिया लेकर एकदम से निकाला और सरोज रानी के सर पर जोर से मार दिया जिसके चलते वह नीचे गिर गई और गली में शोर मच गया।लोग इकट्ठे हो गए जिन्होंने घायल सरोज रानी को ढकोली अस्पताल में भर्ती करवाया।

पीड़िता की पुत्रवधू सोनिया अरोड़ा ने अपने पति अमनदीप को भी इस संबंधी सूचना दे दी जो के अमृतसर में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। सूचना मिलते ही तुरंत अमनदीप अरोड़ा जीरकपुर पहुंच गया। इस लड़ाई की पूरी घटना की सूचना परिवार ने फिर से थाना ढकोली में दी थी। पीड़िता के लड़के अमनदीप अरोड़ा ने आरोप लगाया था कि अगर पुलिस पहले ही आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई कर देती तो आज यह नौबत ना आती।

### आरोपी धीरज कुमार भाटिया से था पूरा मोहल्ला परेशान

मोहल्ला निवासियों ने आरोपी धीरज कुमार भाटिया पर आरोप लगाया है की वह अक्सर ही लोगों को तंग परेशान करता रहता है और गंदी गालियां निकालता रहता है। वह तंत्र-मंत्र जादू टोने आदि में भी विश्वास करता है जिसके चलते लोग परेशान हैं। उसी गली में रहने वाली एक महिला ने कहा कि उन्हें यहां पर रहते लगे हुए 4 साल हुए हैं। इन 4 साल में पांच बार वह खुद इस संबंधी पांच बार थाने में शिकायत दर्ज करवा चुकी है। उन्होंने बताया कि हमारी गली में कोई भी कोरियर वाला, सब्जी वाला या स्विग्गी या जोमैटो वाला भी आने से डरता है क्योंकि यह व्यक्ति जब भी बाहर निकलता है तो इसे कोई भी बाहर नजर आ जाता है तो उस पर वह या तो हमला कर देता है या गंदी गालियां निकालता है।

# बलटाना-पंचकुला रोड पर बने होटल संगम के मालिक पर कातिलाना हमला, अज्ञात पर मामला दर्ज





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 अप्रैल।** बलटाना-पंचकुला रोड पर बने होटल संगम के मालिक पर चार हमलावरों ने हमला कर दिया। उसके सिर पर रॉड व बेसबैट से हमला किया गया। हमले में गांव लोहगढ़ के वार्ड नंबर-9 का रहने वाला धर्मपाल घायल हुआ है। धर्मपाल के सिर पर 24 टांके लगे हैं। इस मामले में धर्मपाल के बयान पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 , 332सी, 126/2, 324/4, 351/3, 303/2, 115/2 , 190 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता धर्मपाल ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि बलटान-पंचकुला हाइवे पर उसने होटल संगम लीज पर लिया हुआ है। इस होटल को वह खुद चला रहा है। उसने आरोप लगाया कि 19 अप्रैल को रणजीत सिंह निवासी होटल सुबाता, अंकित उर्फ छोटू, गगन और सोनी निवासी होटल-24 बलटाना ने उसकी पत्नी प्रीत को धमकी दी कि वह उन पर डाला हुआ केस वापिस ले नहीं तो उन्हें इसका गंभीर नतीज भुगतना पड़ेगा। उन्होंने उसे होटल छोडऩे की भी धमकी दी। उसकी पत्नी प्रीत ने केस वापिस लेने से मना कर दिया। 20 अप्रैल को धर्मपाल अपने होटल में काउंटर सीट पर बैठा था और शाम 7.30 पर चार अज्ञात व्यक्ति उसके होटल में दाखिल हुए। एक युवक के हाथ रॉड, दूसरे ने बेसबैट और तीसने हाथ में पत्थर पकड़ा हुआ था। उन्होंने आते ही उसके सिर पर रॉड से हमला किया। वह नीचे गिरा तो सभी उसे पीटने लगे। जिस युवक ने हाथ में पत्थर पकड़ा था उसने पत्थर मारकर होटल में लगी एलईडी टीवी को तोड़ दिया। वह अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागा तो उन्होंने उसकी गाड़ी के बाहर उसे घेर लिया। उसकी टेंपरेरी नंबर स्विफ्ट डिजायर गाड़ी के सभी शीशे तोड़ दिए। एक हमलावर ने गाड़ी से उसका पर्स निकाला और उसमें रखे 50 हजार रुपये निकाल लिए। उसका शोर सुनकर उसकी पत्नी प्रीत व एक व्यक्ति कंवलजीत निवासी लोहगढ़ वहां आ गए। हमलावरों ने उसकी पत्नी को दोबारा धमकी दी कि अगर धर्मपाल ने रणजीत सिंह, अंकित, सोनू और गगन से समझौत नहीं किया तो वह उन्हें जान से मार देंगे। बाद में हमलावर वहां से फरार हो गए और धर्मपाल को ईलाज के लिए जीएमसीएच-32 में भर्ती करवाया गया जहां उसके सिर में 24 टांके लगे हैं। पुलिस ने बयान दर्ज करने उपरांत अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया।

> हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हमारी पुलिस टीम उन्हें पकडऩे के लिए रेड कर रही है। हम मामले के बेहद करीब हैं। जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।
>
> **सतनाम सिंह, चौकी इंचार्ज**

# खुदरा स्टोर उपभोक्ताओं से मोबाइल नंबर नहीं ले सकता, उपभोक्ता आयोग ने 2 दुकानों पर लगाया जुर्माना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** यूटी राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, जिसमें अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राज शेखर अत्री और सदस्य, सुश्री पद्मा पांडे ने दो खुदरा दुकानों, सैवी और एचक्राफ्ट को यूटी राज्य आयोग द्वारा बनाए गए उपभोक्ता कानूनी सहायता खाते में प्रत्येक को 10,000 रुपए का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया है। यह भी माना गया कि एक खुदरा स्टोर उपभोक्ताओं से मोबाइल नंबर नहीं ले सकता है। यह आदेश शिकायतकर्ता पंकज चांदगोठिया द्वारा एलांते मॉल स्थित दुकान एचक्राफ्ट एम्पोरियम और चंडीगढ़ के सेक्टर 35 में एक वस्त्र की दुकान सैवी के खिलाफ दायर मामले में पारित किया गया।

आयोग ने कहा कि शिकायतकर्ता को उसकी स्पष्ट सहमति के बिना उसके व्यक्तिगत विवरण साझा करने के लिए मजबूर करके, विपक्षी दलों ने अनुचित अनुबंध और अनुचित व्यापार व्यवहार के अलावा ÷डार्क पैटर्न÷ अभ्यास में लिप्त हो गए। दुकान को निर्देश दिया गया है कि वह शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी को अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस से तुरंत हटा दे और अनुचित अनुबंध और डार्क पैटर्न अभ्यास में लिप्त न हो। यह भी कहा गया है कि वह ग्राहकों की स्पष्ट सहमति के बिना उनके मोबाइल नंबर और व्यक्तिगत विवरण प्राप्त न करे और उपभोक्ता को समेकित मुआवजे के रूप में 2,000 रुपए का भुगतान करे।

### यह है मामला

अधिवक्ता पंकज चांदगोठिया ने उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराई कि जब उन्होंने 15 जुलाई 2024 को दुकान से सोने की परत चढ़ी चूड़ियां खरीदीं। दुकानदार ने बिल जारी करने के बहाने उनका मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से ले लिया। चांदगोठिया ने तर्क दिया कि इस कार्रवाई ने डेटा गोपनीयता नियमों का उल्लंघन किया और उनकी जानकारी बेईमान व्यक्तियों के सामने उजागर कर दी। चांदगोठिया ने आगे तर्क दिया कि उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 26 मई 2023 को सभी खुदरा विक्रेताओं और विक्रेताओं के संघ को एक अधिसूचना जारी की है, िजसमें विपरीत पक्ष भी शामिल हैं, इस आशय की कि किसी उत्पाद की बिक्री के दौरान एक पूर्व-आवश्यक अनिवार्य शर्त के रूप में मोबाइल नंबर पर जोर देना उनके अधिकारों का उल्लंघन है और अधिनियम के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार का गठन करता है। अधिसूचना में आगे कहा गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 72-ए के तहत, बिक्री के समय प्राप्त मोबाइल नंबर सहित किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा, उसकी सहमति के बिना या किसी वैध अनुबंध के उल्लंघन में, किसी अन्य व्यक्ति को करना दंडनीय अपराध है।

### आयोग ने माना मोबाइल नंबर गलत हाथों में पहुंच जाए तो यह तबाही मचा सकता है

आयोग का कहना है कि 'मोबाइल नंबर बहुत महत्वपूर्ण है और अगर यह गलत हाथों में पहुंच जाए तो यह तबाही मचा सकता है क्योंकि हर तरह की महत्वपूर्ण जानकारी मोबाइल नंबर से जुड़ी होती है। मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किसी डिवाइस के अनुमानित स्थान को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है, खासकर तब जब वह इस्तेमाल में हो। यहां तक कि बैंक खाते भी मोबाइल नंबर से जुड़े होते हैं और पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भी प्राप्त होता है। इसलिए, विपक्षी दलों के कृत्य से शिकायतकर्ता के निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है।

सम्पादकीय

# पंजाब में राजनेताओं पर हमले संबंधी षड्यंत्र का खुलासा गंभीर

पंजाब में सुरक्षा बलों के लिए यह बड़ी कामयाबी है कि उन्होंने आतंकी एवं सांसद अमृतपाल सिंह से जुड़े समर्थकों के द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, अकाली नेता विक्रम सिंह मजीठिया समेत राज्य की कई बड़ी हस्तियों की हत्या की योजना का खुलासा किया है। यह सब आतंकी अमृतपाल सिंह पर एनएसए की अवधि एक वर्ष और बढ़ाए जाने की प्रतिक्रिया स्वरूप किया जाना था। गौरतलब है कि इन नेताओं पर सुरक्षा संबंधी खतरे पहले से हैं, हालांकि राजनीतिक दांव पेच हैं कि पंजाब से जुड़े नेताओं की सुरक्षा को कम कर दिया गया है। बीते दिनों राज्य में जिस प्रकार से विपक्ष के बड़े नेताओं पर हमले हुए हैं, उसके बाद भी क्या यह संदेहपूर्ण रह जाता है कि भविष्य में आतंकी ऐसी वारदात को अंजाम न दें। निश्चित रूप से यह समय पंजाब की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का है, हालांकि जिस प्रकार से राज्य में दिन-प्रतिदिन माहौल गंभीर हो रहा है, वह चिंताजनक है। गौरतलब है कि आतंकी अमृतपाल सिंह आरंभ से ही राज्य में आतंकी वारदातों को बढ़ावा दे रहा है और खालिस्तान की सोच को जिंदा कर रहा है। यह भी कितना विचित्र है कि जेल में बैठे हुए ही वह लोकसभा चुनाव जीत जाता है और लोग उसे मत दे भी देते हैं। अब जब वह जेल में है और उसे शपथ तक नहीं मिली है, तब उसके क्षेत्र के विकास कार्यों का क्या? किसी के प्रति मतांध होकर वोट करने की यह रीत किस प्रकार एक क्षेत्र एवं वहां के लोगों को पिछड़ा कर देती है, यह इसका उदाहरण है। अन्य गंभीर बात यह भी है कि अकाली दल वारिस पंजाब दे नाम से एक व्हाट्सग्रुप भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें अमृतपाल के समर्थन में मैसेज डाले जाते हैं।

**आखिर राज्य में जब अमृतपाल सरीखे तत्वों पर कार्रवाई होती है, तब इसे अनुचित बताने वालों की बाढ़ क्यों आ जाती है। वहीं इसी प्रकार की सोच के अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होती है, तब भी इसे पुलिस का अत्याचार बताया जाता है। किसान आंदोलन के दौरान अनेक बाद अनेक जगह पर ऐसे तत्व सामने आए थे, जिनका वास्ता किसानों से कम उन ताकतों से ज्यादा जुड़ा मालूम हो रहा था, जोकि पंजाब एवं भारत के प्रति बदले की भावना से प्रेरित होकर चल रहे हैं। पाकिस्तान, कनाडा और दुनिया के दूसरे देशों में बैठे इन आतंकियों का एकमात्र मकसद पंजाब को अस्थिर कर भारत की एकता, अखंडता को क्षतिग्रस्त करना है।**

आखिर राज्य में जब अमृतपाल सरीखे तत्वों पर कार्रवाई होती है, तब इसे अनुचित बताने वालों की बाढ़ क्यों आ जाती है। वहीं इसी प्रकार की सोच के अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होती है, तब भी इसे पुलिस का अत्याचार बताया जाता है। किसान आंदोलन के दौरान अनेक बाद अनेक जगह पर ऐसे तत्व सामने आए थे, जिनका वास्ता किसानों से कम उन ताकतों से ज्यादा जुड़ा मालूम हो रहा था, जोकि पंजाब एवं भारत के प्रति बदले की भावना से प्रेरित होकर चल रहे हैं। पाकिस्तान, कनाडा और दुनिया के दूसरे देशों में बैठे इन आतंकियों का एकमात्र मकसद पंजाब को अस्थिर कर भारत की एकता, अखंडता को क्षतिग्रस्त करना है। अब अकाली दल वारिस पंजाब दे नामक इस सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप से यही निकल कर सामने आ रहा है कि इससे जुड़े लोग पंजाब एवं देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। ग्रुप में विदेशी फंडिंग, हथियारों की खरीद और ऑनलाइन भड़काऊ सामग्री की चर्चा शामिल है। इसके बाद इसकी शंका नहीं रह जाती कि ऐसे तत्वों को विदेश से फंडिंग हासिल हो रही है। अब एक और चौंकाने वाला रहस्योद्घाटन अकाली नेता विक्रम सिंह मजीठिया की ओर से आया है, जिसकी व्यापक जांच आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गैंगस्टर जयपाल भुल्लर के द्वारा 32 किलो सोने और 20 करोड़ रुपये की लूट में अमृतपाल सिंह की भी हिस्सेदारी है और यह सोना कहीं छिपाया हुआ है। इस संबंध में ऑडियो भी जारी किया गया है। निश्चित रूप से इस तरह की वारदातों का एक विपक्षी राजनेता के हवाले से सामने आना व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यह महज आरोप है या फिर इसमें कहीं कोई सच्चाई है, इसका पता लगाया जाना आवश्यक है। पंजाब के शांतिपूर्ण माहौल को क्षतिग्रस्त करने के लिए आतंकी किसी भी हद तक जा सकते हैं और पैसे का बंदोबस्त इसी प्रकार की वारदातों के जरिये किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

जाहिर है, खालिस्तान की सोच का समर्थन कौन कर रहा है, ये वे लोग हैं जोकि नहीं चाहते कि पंजाब में अमन और चैन कायम रहे। पड़ोसी पाकिस्तान में खाने के लाले हैं, लेकिन उसकी एजेंसियां भारत में ऐसे लोगों को न अपनी फंडिंग रोक रही हैं और न ही अपने विभाजक मंसूबों को पूरा करने की जुगत से बाज आ रही हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पंजाब में ऐसे लोग इन करतूतों को नहीं समझ पा रहे। यह जरूरी है कि ऐसी सोच और उसे अपना कर बैठे लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। पंजाब की सुरक्षा और शांति पूरे देश के लिए महत्व रखती है। मौजूदा हालात में सरकार एवं पुलिस प्रशासन की ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई ही ऐसी ताकतों के बढ़ते दुस्साहस को खत्म करने का काम करेगी।

# अदालतों से फटकार खाकर भी नहीं सुधर रही देश की पुलिस

नेताओं की हाथों की कठपुतली बनी पुलिस प्रणाली देश के आम लोगों का विश्वास जीतने में पूरी तरह नाकाम रही है। पुलिस का आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्रों में होने के कारण सत्तारुढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है। ऐसे ही हालात पुलिस पर पक्षपात करने के जिम्मेदार हैं। अधिनस्थ से लेकर देश की शीर्ष अदालत कई बार पुलिस की कारगुजारियों को उजागर किया है। इसके बावजूद पुलिस के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश (यूपी) पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि यूपी पुलिस की ओर से दीवानी मामलों में दर्ज की गई प्राथमिकियों पर गौर करने से पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।



पुलिस के कुकृत्यों सिर्फ मनमर्जी तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाए कई मामलों खुद अपराधी बन बैठी है। पंजाब के चर्चित मोगा सेक्स स्कैंडल में मोहाली स्थित कोर्ट ने 4 पुलिस अधिकारियों को सजा सुनाई है। मोगा सेक्स स्कैंडल साल 2007 में सुर्खियों में आया। उस समय पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इस स्कैंडल में कई हाई प्रोफाइल राजनेता और सीनियर पुलिस अधिकारी शामिल थे। ये सब मिलकर अमीर लोगों को देह व्यापार में फंसाते थे। पुलिस की कारगुजारियों का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत्युदंड के मामले में भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में निचली अदालत से मौत की सजा प्राप्त एक युवक को बरी करते हुए पुलिस प्रक्रिया पर तीखी टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सभी फोरेंसिक और गवाहों की रिपोर्टों की बारीकी से समीक्षा की और पाया कि आरोपी के खिलाफ कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। इस तरह एक निर्दोष व्यक्ति ने 10 साल फांसी की सजा के साए में जेल में बिताए, जबकि पुलिस और न्यायिक व्यवस्था की नाकामी साफ नजर आई। सुप्रीम कोर्ट पुलिस और सत्तारुढ़ दलों के नापाक गठजोड़ को कई बार उजागर कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे एनवी रमना ने एक मामले में कहा था कि देखा जा रहा है कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर करते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। देश में इस तरह का जो ट्रेंड दिख रहा है वह काफी परेशान करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा था कि इसके लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह कानून के शासन पर टिके रहें। वह सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करें। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। पाल के खिलाफ पुलिस ने सत्तारुढ दल के इशारे पर आय से अधिक सम्पत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज किया था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कोलकाता चिकित्सक के बलात्कार-हत्याकांड की सुनवाई के दौरान कहा था कि कोलकाता पुलिस ने इस मामले को जिस तरह से संभाला, वह कुछ ऐसा है जो उन्होंने अपने जीवन के 30 वर्षों में नहीं देखा। शीर्ष अदालत ने अप्राकृतिक मौत के मामले के पंजीकरण में देरी की आलोचना की। पुलिस की मौजूदा कार्यप्रणाली को लेकर देश में कई सुधार करने के प्रयास हुए हैं, किन्तु सत्तारुढ़ दलों के नेताओं ने ऐसे प्रयासों को नाकाम करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। स्वतंत्रता के बाद से ही, इस व्यवस्था में सुधार की मांग उठती रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार, अकुशलता और जनता में अविश्वास का कारण बनी हुई है।

पुलिस सुधारों के लिए कई आयोगों और समितियों का गठन किया गया। राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और वर्ष 1971 में बनी गोर समिति की रिपोर्ट की सिफारिशें धूल खा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह मामले में पुलिस सुधारों पर कई निर्देश दिए। जिनमें यह भी शामिल था कि राज्य पुलिस प्रमुखों का दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल होगा। निर्देशों में राज्य सुरक्षा आयोगों की स्थापना, वरिष्ठ अधिकारियों के लिये निश्चित कार्यकाल और कानून एवं व्यवस्था से जाँच को अलग करना शामिल था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की भी राज्यों ने पालना नहीं की। इसे देश के सभी राज्यों ने या तो लागू नहीं किया या फिर निर्देशों को आधे-अधूरे तरीके से लागू किया गया ताकि पुलिस में सत्तारुढ़ दलों का हस्तक्षेप पूरी तरह से बना रह सके। इन सिफारिशों को लागू नहीं करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। दिल्ली की वर्ष 2019 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 72 प्रतिशत पुलिस अधिकारियों ने मामलों की जाँच करते समय राजनीतिक दबाव का अनुभव किया है। पुलिस प्राय~ अत्यधिक बल का प्रयोग करती है, विशेषकर विरोध प्रदर्शनों और नागरिक अशांति से निपटने में। अप्रैल, 2017 से मार्च, 2022 तक पिछले पाँच वर्षों में देश भर में पुलिस हिरासत में मौत के कुल 669 मामले दर्ज किये गए। इसके अलावा, भारत में अपराध विज्ञान के क्षेत्र में इतने सारे अवसर होने के बावजूद, प्रति 0.1 मिलियन जनसंख्या पर केवल 0.33 फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं, जबकि विदेशों में प्रति 0.1 मिलियन जनसंख्या पर 20 से 50 वैज्ञानिक हैं। पुलिस अधिकारियों का अपर्याप्त प्रशिक्षण इस मुद्दे को और भी गंभीर बना देता है।

एक रिपोर्ट में पाया गया कि देश में 11 राज्य पुलिस कर्मियों के लिये केवल एक कंप्यूटर/लैपटॉप था, जबकि कुछ बड़े राज्यों में वर्ष 2022 में 30 या उससे अधिक कर्मियों के लिये केवल एक प्रणाली थी। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लगातार प्रयासों के बावजूद देश में पुलिस बलों में केवल 11.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। प्रतिनिधित्व की यह कमी महिलाओं को अपराधों की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करती है और लिंग आधारित हिंसा के मामलों को ठीक से नहीं निपटा पाती। पुलिस अधिकारी कानून प्रवर्तन से लेकर चुनाव ड्यूटी तक अनेक भूमिकाएँ निभाते हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त आराम या उचित पारिश्रमिक नहीं मिलता। कम वेतन से व्यावसायिकता हतोत्साहित होती है और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ती है, जिससे जनता का विश्वास प्रभावित होता है।

पुलिस कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप ने व्यावसायिकता और स्वतंत्रता को समाप्त कर दिया है। बार-बार स्थानांतरण, राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का दबाव और जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग ने कानून प्रवर्तन की विश्वसनीयता को कमज़ोर कर दिया है। राजद्रोह कानूनों का मनमाना प्रयोग तथा कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की लक्षित गिरफ्तारियाँ इस बात को उजागर करती हैं कि पुलिसिंग प्रायः विधि के शासन के बजाय राजनीतिक हितों से प्रेरित होती है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2017 में कराए गए एक सर्वे के मुताबिक भारत में पुलिस विभाग सबसे ज्यादा भ्रष्ट है। अदालतों की समय-समय पर कड़ी फटकार के बावजूद देश में पुलिस का रवैया बदला नहीं है। यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक पुलिस नेताओं के हस्तक्षेप से मुक्त नहीं होगी।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### कांग्रेसी नेता की मोहाली में हत्या

चंडीगढ़। मोहाली के फेज 2 में खाड़कुओं ने गोली चलाकर एक कांग्रेसी नेता की हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज दोपहर बाद 2 खाड़कुओं ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर कांग्रेसी नेता रमेश चंद की हत्या कर दी बताया जाता है कि यह दोनों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार थे। वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये है तथा सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए है। श्री रमेश मोहाली यूनिट के कांग्रेस के प्रधान बताए जाते है। यह घटना लगभग 2 बजे के करीब बताई जाती है। समाचार छपने तक विस्तृत जानकारी की प्रतिक्षा थी।

### चन्द्रमोहन का राजगद्दी की ओर बढ़ता कदम

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल के ज्येष्ठ पुत्र श्री चन्द्रमोहन ने राज सिंहासन की ओर अपना एक कदम और आगे बढ़ाया। इस उद्देश्य से की जाने वाली राजनीति में सक्रिय रून से शामिल होने के इरादे से श्री चन्द्र मोहन ने आज 11 बजे कालका निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अपने पर्चे दाखिल किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल एवं उनकी पत्नी श्रीमति जसमा देवी, उनके बेटे पुत्र कुलदीप और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। श्री चन्द्रमोहन का काफीला जब पंचकूला के उपमंडल मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर बढ़ा तो वहां पर सैकड़ों आदमियों की भीड़ एकत्र थी। पूर्व मंत्री सरदार लक्ष्मण सिंह की इस अवसर पर मौजूदगी भी चन्द्र मोहन की मदद का प्रतिक थी। याद रहे श्री लक्ष्मण सिंह, जगपाल चौधरी जैसे कई दिग्गज नेता चन्द्रमोहन के इस क्षेत्र से खड़ा होने की स्थिति में चुनाव न लड़ने की घोषणा कर चुके है। वर्षों से पिछड़ा यह क्षेत्र अब काफी अर्से से ऐसे उम्मीदवार की तलाश रहा जो इसे विकास का नया सौंगात दे सके।

### टक्कर मार कर स्कूटर सहित फरार


चंडीगढ़। सेक्टर 15 की रेहड़ी मार्किट के पास दो स्कूटरों के बीच टक्कर हो गई जिससे एक स्कूटर सवार मलविन्द्र सिंह घायल हो गया, जबकि स्कूटर पर सवार व्यक्ति स्कूटर सहित फरार होने में सफल हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1857 - बाबू कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम के सिपाही।
1858 - पंडिता रमाबाई - प्रख्यात भारतीय विदुषी महिला और समाज सुधारक।
1873 - विट्ठल रामजी शिंदे - महाराष्ट्र के प्रसिद्ध और बड़े समाज सुधारकों में से एक थे।
1889 - जी.पी. श्रीवास्तव - हिन्दी साहित्यकार थे।
1893 - ज्ञानेन्द्रनाथ मुखर्जी - भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों में से एक थे।
1913 - धनंजय कीर - बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जीवनी लिखने वाले साहित्यकार थे।
1915 - जगन्नाथ कौशल - भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के राजनेता थे।
1935 - कक्कानादन - भारतीय लेखक, उपन्यासकार व कथाकार थे।
1927 - अन्नपूर्णा देवी - सुरबहार वाद्ययंत्र बजाने वाली एकमात्र महिला उस्ताद हैं।
1927 - विल्फ़्रेड डिसूजा - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ, जो गोवा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।
1926 - माधवराव सप्रे - राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नायक, प्रखर चिंतक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सार्वजनिक कार्यों के लिये समर्पित कार्यकर्ता थे।
1973 - धीरेन्द्र वर्मा - हिन्दी और ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक।
1992 - सत्यजित राय निर्देशक, कहानीकार, साहित्यकार।
1990 - नामीबिया सं.रा. संघ का 160वां सदस्य बना।
1996 - चेचेन्या के अलगाववादी नेता दुदायेव का एक हवाई हमले में निधन।
1999 - उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना के लिए 50 वर्ष पूरे होने पर वाशिंगटन में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ।
2002 - पेइचिंग में भारत तथा चीन के बीच सीमापार आतंकवाद पर वार्ता।
2003 - कुर्द और अरब विवादों को निपटाने के लिए आयोग गठित करने का निर्णय।
2007 - रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
2008 - क्षेत्रीय अनुसंधान और विश्लेषण केन्द्र, लखनऊ को केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने मान्यता दी। इंडियन फरमर्स फर्टिलाइजर (इफ्को) और मिस्र की सेन्ट्रल एग्रीकल्चर व कोआपरेटिव यूनियन (कांकू) ने सहकारिता के क्षेत्र में नई परियोजनाओं के लिए एक समझौता किया।
1954 - राजेन्द्र आर्लेकर - हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल हैं।
2013 - शमशाद बेगम - हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका।

## बोल ब्यूटीफुल

**सुभाष काक:** भारत विश्व मंच पर तब तक अपना वांछित स्थान हासिल नहीं कर सकता, जब तक न्यायपालिका का भ्रष्टाचार दूर नहीं होता।



**तवलीन सिंह:** नेशनल हेराल्ड मामला कुछ और नहीं, बल्कि उन्हीं दिनों की याद दिलाता है, जब कांग्रेस का राज परिवार भारत को अपनी निजी जायदाद समझ बैठा था।

**शिव अरूर:** 292 दिन, 11वीं बार राहत। आइएएस फ्राड पूजा खेडकर को तारीख पर तारीख। 258 दिन, फिर भी गिरफ्तारी नहीं। कोर्ट ने पूछा, पूछताछ क्यों नहीं? पूंजा को अब पुलिस के सामने पेश होने का आदेश मिला है, लेकिन गिरफ्तार से सुरक्षा फिर बढ़ा दी गई।

**ब्रह्मा चेलानी:** तुलसी गबार्ड के बाद जेडी वेंस का दौरा दर्शाता है कि बाइडन दौर की शिथिलता के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में घनिष्ठता फिर से लौट रही है। वैसे अमेरिका के युवा उपराष्ट्रपति है, जो मागा आंदोलन के उत्तराधिकारी और अगले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन दावेदार भी दिख रहे है।

# आईआईटी रोपड़ में हार्वेस्ट एशिया प्रशांत शिखर सम्मेलन शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोपड़/चंडीगढ़।** स्मार्ट और संधारणीय कृषि पर हार्वेस्ट (ग्रामीण मूल्य-श्रृंखला संवर्धन और संधारणीय परिवर्तन के लिए समग्र कृषि-तकनीक पहल) एशिया प्रशांत शिखर सम्मेलन आधिकारिक तौर पर 21 अप्रैल को शुरू हुआ, जिसका पहला दिन आईआईटी रोपड़, पंजाब में आयोजित किया गया। यह नवाचार, सर्वोत्तम प्रथाओं और सहयोग पर केंद्रित क्यूरेटेड सत्रों के माध्यम से किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) और कृषि सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी सप्ताह की शुरुआत है। 10 भारतीय राज्यों और 7 एशिया-प्रशांत देशों के स्वक्कह्य और सहकारी समितियों की भागीदारी के साथ, शिखर सम्मेलन संधारणीय कृषि पर वैश्विक संवाद को बढ़ावा देता है।

एनइडीएसी (एशिया और प्रशांत क्षेत्र में कृषि सहकारी समितियों के विकास के लिए नेटवर्क), पीआई-आरएएचआई (पंजाब विश्वविद्यालय- आईआईटी रोपड़ क्षेत्रीय समग्र नवाचार फाउंडेशन के लिए त्वरक) और भारत सरकार के पीएसए कार्यालय के तहत उत्तरी क्षेत्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्लस्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह शिखर सम्मेलन उनाती सहकारी विपणन-सह-प्रसंस्करण सोसायटी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया है। इसका लक्ष्य ग्रामीण मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ाना और प्रौद्योगिकी के माध्यम से जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाना है।

उत्तरी क्षेत्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्लस्टर की सलाहकार डॉ. जतिंदर कौर अरोड़ा ने उद्घाटन भाषण दिया और उनाती सहकारी को सहकारी नेतृत्व वाली उद्यमिता के एक सफल मॉडल के रूप में रेखांकित किया। iHub-AWaDH की सीईओ डॉ. राधिका त्रिखा ने डेटा संचालित कृषि में अंत:विषय साइबर भौतिक प्रणालियों और ANNAM.AI (कृषि में एआई-सीओई) पर राष्ट्रीय मिशन के तहत विकसित कृषि प्रौद्योगिकी नवाचारों पर प्रकाश डाला।

उत्तरी क्षेत्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टर की सीओओ सुश्री नेहा अरोड़ा ने कृषि उद्यमिता को गति देने में सहयोगी संघ के प्रभाव पर चर्चा की। पंजाब सरकार की बागवानी निदेशक श्रीमती शैलेंद्र कौर (IFS) ने शिखर सम्मेलन के किसान-प्रथम दृष्टिकोण की सराहना की। इस सत्र में पीएयू के डॉ. मनमोहनजीत सिंह और नेडैक के उपाध्यक्ष श्री विरगिलियो रोड्रिग्ज लाजगा ने भी अपने संबोधन दिए। संयुक्त क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी तैनाती के लिए NEDAC और PI-RAHI के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन एक प्रमुख आकर्षण था। उद्घाटन सत्र का समापन उन्नति कोऑपरेटिव के संस्थापक और निदेशक श्री ज्योति सरूप द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिनके जमीनी स्तर के नेतृत्व ने किसानों के लिए समावेशी आर्थिक अवसर पैदा किए हैं। बाद में प्रतिनिधियों ने आईहब-एडब्लूएडीएच में संवादात्मक सत्रों में भाग लिया, जिसमें डॉ. प्रबीर सरकार और डॉ. नीलकंठ निर्मलकर द्वारा कृषि-तकनीक वार्ता और आईआईटी रोपड़ में प्रयोगशाला भ्रमण शामिल थे।

संयुक्त राष्ट्र के 2025 के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अनुरूप, HARVEST ने 'सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती है' थीम मनाई। शिखर सम्मेलन सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर, उन्नति कोऑपरेटिव और एनएबीआई मोहाली में एक सप्ताह तक क्षेत्र भ्रमण और विषयगत सत्रों के साथ जारी रहेगा, जो तकनीक-संचालित सहकारी समाधानों को आगे बढ़ाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाएगा।

# संजय कालोनी के योग्य लोगों को मिलेगा पक्का मकान: अरुण सूद

**डीसी केआदेश पर कालोनी सेल लगाएगी कैंप में योग्य लोगों की स्क्रीनिंग कर मकान पाने वाले लोगों की होगी लिस्ट जारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। प्रशासन द्वारा को शहर को स्लम फ्री करने की योजना के तहत बुधवार को संजय कालोनी पर भी प्रशासन का पीला पंजा चलाया जाएगा। इस मुहिम में प्रशासन की तरफ से संजय कॉलोनी, वार्ड नंबर 9 के 75 परिवारों को डेमोलिशन के नोटिस मिले थे। नोटिस पाते ही संजय कालोनी के लोग अपनी गुहार लेकर पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंडीगढ़ व पूर्व मेयर अरुण सूद को मिलने उनके निवास स्थान पर पहुंचे। जहां पर भाजपा अरुण सूद ने सभी लोगों को आश्वासन दिया कि योग्य लोगों के साथ किसी प्रकार का धक्का नहीं होगा और उन्हें सरकार की और से मकान भी जरूर मिलेगें। जिसके बाद लोगों की समस्या जानने के लिए अरुण सूद शनिवार को संजय कालोनी का दौरा करने पहुंचे । इस मौके पर उनके साथ पार्षद विमला दुबे, पूर्व पार्षद व भाजपा नेता अनिल दुबे भी साथ थे।लोगों ने बताया कि कालोनी में बहुत से लोगों का बायोमेट्रिक होने के बावजूद भी आवास योजना में उनका नाम नहीं है और बुधवार को प्रशासन द्वारा उनके घर पर पीला पंजा कहर बरस देगा। लोगों की समस्या जानने के बाद व उनके दस्तावेजों को जांचने के बाद इस मुद्दे पर सोमवार को अरुण सूद ने चंडीगढ़ के डीसी निशांत कुमार यादव से मुलाकात की। जहां पर उन्होंने संजय कालोनी के लोगों की समस्या को उनके सामने रखा। जिस पर डीसी निशांत कुमार ने एस्टेस्ट ऑफिसर नवीन रतू की अध्यक्षता में कालोनी सेल के सदस्यों की कमेटी को मंगलवार को संजय कालोनी में एक दिवसीय कैंप लगाने के आदेश दिए। इस कैंप में कमेटी द्वारा लोगों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। कैंप में पहले हुए बायमैट्रिक के आधार पर प्रशासन द्वारा योग्य लोगों की लिस्ट भी जारी की जाएगी।

इस बारे में संजय कॉलोनी, वार्ड नंबर 9 से गीता , नरेंद्र कुमार गुप्ता , राज कुमार ने बताया कि डेमोलिशन के नोटिस मिलने के बाद लोगों में मन में बेघर होने का भय सताने लगा था। हालांकि इस में अधिकतर लोगों के पास बायोमेट्रिक के दस्तावेज तक मौजूद है। इस के बावजूद प्रसाशन द्वारा उनको नोटिस जारी किए।उन्होंने बताया कि घर खो जाने के डर से वो लोग अपनी सहायता के लिए भाजपा नेता अरुण सूद के पास गए। जहां पर उन्होंने उनकी समस्या का संज्ञान लेते हुए उन्होने तुरंत लोगों की सहायता के लिए आगे आए। जिसके परिणाम स्वरूप प्रशासन उनकी बात सुनने को तैयार हुआ और उनके प्रयासों से योग्य लोगों जल्द ही पक्का मकान भी मिलने की उम्मीद बन गई है।

# प्रथम आराध्य श्री गणेश की बुधवार को करें पूजा, सभी संकट हो जाएंगे दूर

बुधवार का दिन प्रथम आराध्य भगवान गणेश का दिन माना जाता है। हिंदू धर्म में सभी देवी-देवताओं के लिए एक दिन विशेष तय है, उस दिन संबंधित भगवान की आराधना करने से विशेष लाभ होता है। जिस तरह सोमवार का दिन भगवान शिवजी का दिन माना जाता है, उसी तरह शिवपुत्र भगवान गणेश के पूजन का विशेष दिन बुधवार को माना गया है। बुधवार के दिन सच्ची श्रद्धा से गणेशजी का पूजन करने से जीवन के समस्त संकटों का नाश हो जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन विधि-विधान से गणेशजी का पूजन करने से वे अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं और भक्त के घर सुख-शांति के साथ ही समृद्धि का वास हो जाता है।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता भी माना जाता है. बुधवार को गणेश पूजा करने से बुद्धि एवं विवेक में भी बढ़ोतरी होती है। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करने के पहले गणेश जी की आराधना करना अनिवार्य माना गया है। धार्मिक मतों के अनुसार सभी देवी-देवताओं के पहले भगवान गणेश का पूजन अनिवार्य होता है।



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस वक्त कैलाश पर्वत पर मां पार्वती द्वारा गणेश जी की उत्पत्ति की गई थी उस वक्त वहां पर बुध देव भी मौजूद थे, इसी वजह से बुधवार को गणेश जी का प्रमुख वार माना गया है।

**इस तरह करें गणेश पूजन**

गणेश जी का पूजन विधि-विधान से करने पर ही पूजा का पूर्ण लाभ प्राप्त होता है। अतः यह जरूरी है कि उनका पूजन करते समय समस्त धार्मिक नियमों का क्रमानुसार पालन किया जाए। भगवान गणेश को खुशी का देवता भी माना गया है, यही वजह है कि वे जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं।

### बुधवार के दिन करें ये उपाय

अगर आपकी कुंडली में बुध कमजोर है तो बुधवार के दिन आपको हरे रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इस दिन किसी जरुरतमंद को हरी मूंग की दाल और हरे रंग का कपड़ा दान करना काफी शुभ माना जाता है।

भगवान गणेश को दूर्वा काफी प्रिय है। ऐसे में बुधवार के दिन भगवान गणेश को 21 दूर्वा अर्पित करें। इससे आपकी सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी।

बुधवार के दिन गाय को हरी घास खिलाना काफी शुभ माना जाता है. साथ ही इस दिन भगवान गणेश के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाएं। इससे आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

बुधवार के दिन भगवान गणेश को शमी के पत्ते अर्पित करना काफी शुभ माना जाता है. ऐसा करने से तनाव और मानसिक संकट दूर होते हैं।

बुधवार के दिन भगवान गणेश के बीज मंत्र ऊँ गं गणपतये नमः का जाप करें। इससे आपको ज्ञान की प्राप्ति होती है और शिक्षा में सफलता प्राप्त होती है।

# पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव में मंत्र आराधना, पूजा हवन, आदिकुमार का राज्यभिषेक

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**रोहतक।** जहां पर तीर्थ धर्म है वहां पर अंत धर्म भी है। जब हम कोई कार्य करते है। तो उसे भी विधि से करते है। जब आप यहां पर कोई भी कार्य करते हैं तो आपको ज्ञान होना चाहिए की कैसी विधि से कार्य करना चाहिए। यह उद्गार मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज ने अपने संबोधन में श्रद्धालुओं को कहे। श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक एवं सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर स्थित श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जति जी में पांचवे दिन सात दिवसीय पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव में ज्ञान कल्याणक में मंत्र आराधना, पूजा हवन, महाराजा नाभि राय का दरबार, आदिकुमार का राज्यभिषेक, राज्य संचालन अभिषेक, नित्यमय पूजा, हवन विधान, मण्डल प्रतिष्ठा श्रद्धालुओं के द्वारा की गई व हर्ष उल्लास से मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया रोहतक एक तीर्थ स्थान बन चुका हैं हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण आसपास के क्षेत्रों से शामली, सहारनपुर, दिल्ली, अलवर, जींद, हिसार, गुरुग्राम, हांसी, झज्जर आदि से महोत्सव को देखने के लिए आ रहे हैं और भीड़ उमड़ पड़ी है। यह इतिहास में पहली बार इतना भव्य पंजकल्याण महामहोत्सव हो रहा है। प्रातः 6 बजे जलाभिषेक एवं शांति धारा समाज सेवी उद्योगपति शलैन्द्र जैन, सिद्धार्थ जैन, के परिवार के द्वारा एवं सभी श्रद्धालुओं ने की। प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी नीतिन भैया ने विनय पाठ, जन्मकल्याणक पूजा, अष्ट द्रव से बना भगवान के चरणों में श्रद्धालुओं के द्वारा समर्पित किया गया। सभी ने मंगल आरती की। इन्द्रों के द्वारा सौधर्म, कुबेर इन्द्र एवं सभी इन्द्रों के द्वारा लौंग, घी, चंदन की लक?ी, देसी घी, हवन सामग्री से पांच मालाओं का उच्चारण करके हवन में पूर्ण आहुति दी। मुनिराज आदिनाथ का प्रथम आहार होने पर आज पूरे रोहतक शहर में गन्ने का रस का प्रसाद बटवाया गया। यह सभी कार्यक्रम समाज सेवी उद्योगपति विजय कुमार जैन व एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन की अध्यक्षता में संपन्न हो रहे है। मंच का संचालन राजेश जैन डी.एल.एफ. व अजय जैन ने किया। मुनिश्री ने कहां आपको कई बार ऐसा देखा होगा कई लोग देखे होंगे कि उन्होंने अपने पास बोतल रखी होती और वह कुछ ना कुछ पानी में डालते रहेंगे। यह व्यवस्था अन्य-2 स्थानों अन्य-2 किसी और कार्य में होंगे लेकिन किसी मंगल कार्य किये जाते हैं, पंचकल्याणक के कार्य होते है, जैन मुनियों के कार्य होते हैं उसमें यह सब नहीं होता है। इनके यह व्यवस्था लागू नहीं होती। जहां भगवन बैठे हों वहां जहां मुनि बैठे हो वहां यह व्यवस्था लागू नहीं होती उनके सामने पानी नहीं पीना चाहिए। जहां पंचकल्याणक का मंडप होता है वहां पर ना कुछ खाईए और ना कुछ पीजिए। ना जूता-चप्पल लेकर बैठिए। वहां पर शुद्धता के साथ बैठिए। यहां से निकलने के बाद जिस चीज का यहां पर निषेध्या किया जा रहा है वहां से निकलने के बाद वह विधि रूप बन जाती है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि अगर जो विधि रूप में हमें अच्छा लगता है तो अगर कोई निषेध भी करें तो हमें अच्छा लगे। अगर हमें कोई काम करने के लिए कहं और हमें खुशी मिले ओर अगर कोई हमें काम करने से रोके तो भी हमें खुशी होनी चाहिए।


# आर्य कन्या स्कूल ने पृथ्वी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत मैं आज 55 में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस को जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा मैनेजमेंट ,पुलिस प्रशासन व अध्यापिकाओं के सहयोग से बड़ा बाजार व ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से होते हुए एक रैली निकाली और लोगों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने पेड़ लगाने व पृथ्वी को बचाने की अपील की। रैली के दौरान मनीष के सहयोग से रास्ते में आने वाले लोगों को पौधे वितरित किए गए और पृथ्वी को हरा भरा बनाने के लिए लोगों का आह्वान किया ताकि गर्मी को नियंत्रण में रखा जा सके। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता अहलावत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी माता है, हमारी जीवन दायिनी है हमारी जननी है और हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसकी सुरक्षा करनी है। विद्यालय के प्रधान अजय गर्ग सचिव सुरेश गुप्ता मीडिया प्रभारी संजय सिगंला ,देवेंद्र कुच्छल, मनोज गर्ग आदि सदस्यों ने भी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और इस जागरूकता रैली की सराहना करते हुए कहा कि यह पृथ्वी को बचाने के लिए एक खूबसूरत प्रयास है और बूंद बूंद से ही सागर भरता है तो हमें सबको मिलकर अपनी पृथ्वी को हरा भरा रखना है।



# मन में बैठी हुई हैं लालसा व तृष्णा



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जिस तरह से एक लालटेन के ऊपर कोई पतंगा, कोई कीड़ा बैठा हुआ है। उस पतंगे का अक्स, उसकी परछाई, सामने दीवार के ऊपर पड़ती है। अगर हम कहें कि उस दीवार पर बैठे पतंगे को हटाना है और हम कोई झाड़ू ले लें, कोई सोटी (डंडा) ले लें या हाथ से ही उसे हम दीवार से हटाना चाहें, तो वह नहीं हटेगा, वह वहीं पर रहेगा। क्योंकि वह पतंगा दीवार पर नहीं बैठा हुआ है, वह लालटेन पर बैठा हुआ है। उसे लालटेन से हटाएंगे तो वह खुद-ब-खुद दीवार से भी हट जाएगा।

इसी तरह से जो भी लालसाएं, तृष्णाएं हैं, ये मन में बैठी हुई हैं। मन में ही अभिमान होता है, मन ही सचिंत होता है। बैठे कहीं होते हैं, यह मन कहां की सोच रहा होता है, कहां पर इसका ध्यान लगा होता है। महापुरुष इस मन को अर्पित करता है। हम चाहे कुछ भी अर्पित कर देते हैं, दान पुण्य भी कर देते हैं, लेकिन मन में अभिमान बना हुआ है, तो महापुरुषों ने कहा-

कबीर माया तजिआ, मानु तजिआ न जाई।

अगर सब कुछ अर्पित कर दिया, लेकिन मन का ये अभिमान बना रहा तो कुछ भी बनने वाला नहीं। हमें मन को समझाना है। अगर हम मन को अपने फर्जों की अदायगी करते हुए एक प्रभु के साथ जोड़ लेते हैं, तो हम फिर भी निर्लिप्त रह सकते हैं, एक निर्लेप अवस्था वाले हो सकते हैं।माया में मन ही फंसा करता है। शरीर तो खुद ही माया का पुतला है। इसीलिए सन्तों ने कहा है कि-

जो किछु किया सो मन कीआ मूंडा मूंडु आ जाइ।

अगर इस मन के ऊपर हम हावी नहीं, तो फिर यह ऐसे नाच नचाता है, जैसे बेलगाम का घोड़ा। जिस घोड़े के लगाम नहीं होती, वह घोड़ा हावी होता है और सवार उसके अधीन होता है, लेकिन जिसकी लगाम है और सवार का लगाम पर कंट्रोल है, तो फिर सवार हावी होता है और घोड़ा उसकी मर्जी के मुताबिक चलता है। सांसारिक त्याग की भावना तो ऐसी है, जैसे यह कहनाकि घोड़े से गिरने का खतरा होता है, अतः घोड़े की छुट्टी करो। लेकिन घोड़ा एक अच्छी सवारी भी है, घोड़ा हमारे कई काम भी करता है, उसे त्यागना नहीं है, घोड़े को कंट्रोल मे रखना है। तभी महापुरुष कहते हैं कि यह ज्ञान समझे खम्भा है, और मन है बन्दर। बन्दर कहीं भी जा सकता है, लेकिन अगर ब्रह्मज्ञान रूपी खम्भे से बन्दर को बांध दो, तो वह बन्दर वहीं बैठ जाता है। मन को वश करने के लिए ही हमें साधसंगत की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान इस दातार के साथ जुड़ा रहे। जब हम साधसंगत से दूर हो जात हं, तो यह मन भी पदार्थ की तरफ खिंच कर सांसारिक दृष्टि वाला बन जाता है। सन्तों की संगति मन को ऊँचा करती है, क्योंकि यहां पर ऊँची मति प्राप्त होती है, ऊँची भावनाएं हमें सीखने को मिलती है। संसार में तो मति को नीचे गिराना सिखाया जाता है, अभिमान करना सिखाया जाता है। जब ऐसी भावनाएं मानव की बनती हैं, तो फिर यह मन भी उसी तरह की वृत्ति रखने वाला बन जाता है। इसको फिर कष्ट सहना पड़ता है, इसकी बेचैनी बनी रहती है।

## पंचांग

बुधवार, 23 अप्रैल, 2025, सूर्योदयः 05:48 ए एम, सूर्यास्तः 06:52 पी एम, चन्द्रोदयः 03:21 ए एम, अप्रैल 24, चन्द्रास्तः 02:05 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः बुधवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः दशमी - 04:43 पी एम तक, नक्षत्रः धनिष्ठा - 12:07 पी एम तक, योगः शुक्ल - 06:51 पी एम तक, करणः विष्टि - 04:43 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 03:42 ए एम, अप्रैल 24 तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः कुम्भ, राहुकालः 12:20 पी एम से 01:58 पी एम, गुलिक कालः 10:42 ए एम से 12:20 पी एम, यमगण्डः 07:26 ए एम से 09:04 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 11:53 ए एम से 12:46 पी एम, अमृत कालः 04:01 ए एम, अप्रैल 24 से 05:31 ए एम, अप्रैल 24, वर्ज्यः 06:56 पी एम से 08:27 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज का दिन आपको दूसरों के साथ व्यावसायिक व्यवहार के सन्दर्भ में भाग्यशाली बना देगा। नुकसान भरे सौदे और अटकलों से दूर रहने का प्रयास करें।

**वृषः** आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा। आपके अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ होगा।

**मिथुनः** ऑफिस में नया काम या नई जिम्मेदारी भी आपको मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्कः** नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करें, कामयाबी अवश्य मिलेगी। ऐसी संभावनाएं हैं कि आपको भूमि सौदों से अच्छा लाभ हो सकता है।

**सिंहः** आज आप जो कुछ भी करेंगे, उसमें आप उत्साही रहेंगे। सुविचारित निर्णय लंबे समय तक प्रभावी रहेंगे।

**कन्याः** आज ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ होगी। किसी विषय में आ रही समस्या आसानी से सॉल्व हो जायेगी।

**तुलाः** कुछ रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी और बिजनेस में समय पर सहयोग नहीं मिलने से परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिकः** आज आप किसी पुराने दोस्त या परिवार के साथ बाहर घुमने जाने या बातचीत का आनंद लेंगे। रोजगार से जुड़े अवसर आपको हासिल होने वाले है।

**धनुः** आप शैक्षिक रूप से बहुत सफल होंगे और आपका नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी। आप अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे।

**मकरः** आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। बच्चों से किसी मसले को लेकर आप असहमत हो सकते हैं।

**कुंभः** करियर के लिए कुंभ राशि वाले लोगों के लिए दिन अच्छा कहा जा सकता है। ऑफिस में साथ वाले लोगों से मदद मिल सकती है।

**मीनः** संतान से दूर रह रहे लोगों को आज अपने बच्चों से मुलाकात होगी। आज किस कार्यक्रम में शामिल होने का आप सोच सकते है।

जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

# 20 शिकायतों में 15 का मौके पर समाधान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन खेल मंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में हुआ। इस मौके पर 20 शिकायतें रखी गई। जिसमें से 15 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया व पॉच शिकायतों को लम्बित रखा गया है। रंगोली बिल्डिर के खिलाफ मिली शिकायत को लेकर एसआईटी गठित के बाद गहनता से जॉच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि वादी इस मामले में हरेरा में भी शिकायत करें और जब तक वहॉ से कोई कार्यवाही नही होती तब तक इस शिकायत को लम्बित रखा जाएगा।अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और कौशिश करें कि पहली बार मे ही समस्या का समाधान हो। खेल मंत्री ने एचएसवीपी के ईओ को भी फटकार लगाते हुए कहा कि कई मामलों में उनके पास शिकायत आई है। इस लिए उनकी सुनवाई कर जल्द समस्या का समाधान करे। इस मौके पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के भाई माईराम कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला परिषद की चैयरपर्सन मोनिका दहिया, पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन, उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, पुलिस नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, सभी एसडीएम एवं सभी संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों में की जा चुकी है तीन लाख 28 हजार 403 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद तेज हो गई है। सोमवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में तीन लाख 28 हजार 403 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे तीन लाख 28 हजार 403 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख चार हजार 251 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 36 हजार 259 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 68 हजार 710 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा दस हजार 782 मीट्रिक टन गेहूं एवं आमजन के द्वारा (कमर्शियल गेहूं) 8401 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 2680 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 3750 मीट्रिक टन खरीदी गई।

# फ्लेक्स प्रिंटिंग एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल मेयर व आयुक्त से मिला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत। शहर के फ्लेक्स प्रिंटिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त नगर निगम हर्षित कुमार से भेंट कर आग्रह किया कि विज्ञापन साइट बढ़ाई जाएं तथा छोटे - छोटे विज्ञापन बोर्ड लगाने की इजाजत दी जाये ताकि सरकार का विज्ञापन राजस्व भी बढे और हमारा भी कारोबार सुचारु ढंग से चल सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कमल हसीजा ने कहा कि हमें छोटे - छोटे बोर्ड बिजली के पोल पर लगाने की इजाजत दी जाये जिसके लिए हम फीस भरने को तैयार हैं। इसके अतिरिक्त प्राइवेट प्रॉपर्टी पर विज्ञापन लगाने की इजाजत देने की प्रक्रिया सरल करने की भी मांग की।



मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि प्रदेश की विज्ञापन नीति के अनुसार विज्ञापन लगाने की अनुमति तुरंत दी जाएगी। उन्होंने बिजली के पोल या अन्य स्थान पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने बारे कहा कि विज्ञापन नीति के अनुसार अनुमति नहीं दी जा सकती। इस बारे में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव बनाकर रखा जायेगा तथा दूसरे राज्यों की विज्ञापन नीति का भी अध्ययन करके प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जायेगा। इस अवसर पर विपिन ढींगरा, विनोद पालीवाल, ऋषि प्रकाश, पवन बत्रा, संदीप सरोहा, गौरव चावला, विजय सेतिया, सूरज, दिनेश, गोविन्द, अंकित, शंकर आदि उपस्थित रहे।

# नेस्ले इंडिया ने प्रोजेक्ट हिलदारी के ज़रिये हिल स्टेशनों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत किया

**शिमला।** नेस्ले इंडिया ने अर्थ डे से पहले हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत शहरों पालमपुर और डलहौजी में प्रोजेक्ट हिलदारी को और मजबूत बनाते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।यह पहल प्लान फाउंडेशन और तकनीकी भागीदार आरईसिटी इंडिया प्रा. लि.के साथ मिलकर चलाई जा रही है। बीते पाँच वर्षों में प्रोजेक्ट हिलदारी ने देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में समावेशी और टिकाऊ कचरा प्रबंधन के मॉडल तैयार किए हैं।यह प्रोजेक्ट फिलहाल पोंडा, मसूरी, महाबलेश्वर, मुन्नार,दार्जिलिंग,डलहौजी,पालमपुर,पंचगनी और जूनागढ़ जैसे शहरों में सफलतापूर्वक चल रहा है।पालमपुर में यह प्रोजेक्ट अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ और बहुत कम समय में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में एक मिसाल बन गया है।इस बदलाव में स्थानीय लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है।अब तक इस पहल के तहत 12900 घरों,2000 दुकानों और अन्य व्यवसायिक स्थानों को जोड़ा जा चुका है साथ ही यहां हर साल आने वाले करीब आठ लाख पर्यटकों को भी इसका लाभ मिल रहा है। खास बात यह है कि पालमपुर में 82प्रतिशत कचरे को सही ढंग से अलग किया जा रहा है।

# विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर ने बताया कि सोनीपत में विकसित हो रही अवैध कालोंनियों तथा अवैध निर्माण को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को सोनीपत की ईन्फोर्समैंट टीम द्वारा गांव जांटी कलां की राजस्व सम्पदा में गांव जांटी कलां से सेरसा रोड पर 3.5 एकड़ भूमि में 16 डी.पी.सी., कच्चा रास्ता व बाउण्ड्री वाल बनाकर अवैध कालोनियां विकसित की जा रही थी। जिसको जिला प्रशासन की मदद से ध्वस्त किया गया। डीटीपी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भू:माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें। अपनी मेहनत की कमाई को बरर्बाद ना होने दें। क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है।



कोई भी अवैध कालोनी/निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लेनी होती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ज्यादा जानकारी हेतू जिला नगर योजनाकर कार्यालय सोनीपत, प्रथम तल, एच.एस.वी.पी कॉम्पलैक्स, सैक्टर-15, सोनीपत में सम्पर्क करें।

# विश्व शांति के लिए सामूहिक योग द्वारा 3500 से अधिक ब्रह्मा वत्सों ने दी श्रद्धांजलि

हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष व् विधायक भी रहे मौजूद

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत विश्व कल्याण सरोवर में परम आदरणीया रत्न मोहिनी दादी जी के अव्यक्त आरोहणपर विश्व शांति के लिए सामूहिक राजयोग का आयोजन दिल्ली जोन द्वारा किया गया। इसमें दिल्ली जोन के विभिन्न सेवा केंद्रों के साढ़े तीन हजार से अधिक ब्रह्मा वत्सों ने भाग लिया तथा यह प्रोग्राम प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होकर 9 बजे तक चला। अंत में राजयोगिनी दादी रत्न मोहिनी जी के निमित्त भोग भी अर्पित किया गया। दादी जी को स्नेहांजलि देने के लिए हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष माननीय मोहनलाल बड़ौली व विधायक राई बहन कृष्णा गहलावत भी पधारे तथा दादी जी के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। आदरणीय आशा दीदी ( ऑनलाइन ) एवं पुष्पा दीदी जी ने भी आदरणीय दादी जी की विशेषताओं व् महानताओ से अवगत कराया इस मौके पर मास्टर नरेंद्र धीमान मौजूद रहे।



# जीरकपुर में बिजली के अघोषित कट, 24 घंटे में से 5 से 6 घंटे रहती है बिजली बंद




अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर ।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है उसके साथ-साथ बिजली की मांग भी बढ़ती जा रही है और उसके साथ-साथ बिजली के अघोषित कटों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। बलटाना क्षेत्र की में मार्केट,एकता विहार कॉलोनी,सैनी विहार,आनंद विहार, मॉडर्न एनक्लेव ,गोल्डन स्टेट के अलावा ढकोली तथा पीरमुछल्ला की बहुत सी सोसाइटीयां लोहगढ़ क्षेत्र की सिगमा सिटी वन, सिगमा सिटी 2, सिगमा सिटी एक्सटेंशन के अलावा बालाजी एनक्लेव फेज 2 में प्रतिदिन बिजली के कट लग रहे हैं। लोग हमेशा बिजली आने का इंतजार ही करते दिखाई देते हैं। लोगों का कहना है कि पंजाब में पहले अकाली सरकार के समय भी कहा जाता था कि पंजाब में बिजली सरप्लस है उसके बाद कैप्टन सरकार के समय भी कहा जाता था के पंजाब में बिजली की कोई कमी नहीं है और अब भगवंत मान सरकार के समय भी लोगों को यही दिखावा किया जा रहा है लेकिन असल में बात इसके बिलकुल विपरीत है। बिजली विभाग को गर्मी के दिनों में ही मेंटेनेंस का काम याद आता है जब के सर्दियों में ऐसा नहीं किया जाता। बलटाना क्षेत्र के लोगों अजैब सिंह, सुरजीत सिंह ,कमल कौर, हरिश्चंद्र, दुर्गा देवी, सुमित्रा रानी ,सुनीता रानी, लक्ष्मी देवी आदि ने कहा के अगर बिजली विभाग सर्दी के मौसम से ही गर्मी की बिजली आपूर्ति संबंधी सही योजना बनाई तो गर्मी में बिजली के कट लगाने की कोई जरूरत ना पड़े लेकिन योजना बनाने के लिए भी इच्छा शक्ति की जरूरत होती है जोकि बिजली विभाग के अधिकारियों में नहीं है।



अभी तो गर्मी शुरू हुई है अभी से ही 24 घंटे में 8 से 10 घंटे बिजली के कट लगने लगे हैं जिसके चलते भारी परेशानी हो रही है। रात के समय जब भी नींद आने लगती है इस समय बिजली का कट लग जाता है और पंखे आदि बंद हो जाते हैं और नींद खराब हो जाती है।

**सुशील गोयल बलटाना।**



बिजली के कट लगने के कारण दुकानदारी ठप हो रही है। शाम के समय ही ग्राहक खरीदारी करने के लिए निकलता है और शाम को बार-बार बिजली के कट लग जाते हैं जिसके चलते हम दुकानदारों का धंधा भी चौपट हो रहा है।

**रामभज गर्ग बलटाना।**

हमारा मेंटेनेंस का काम चलता रहता है जिसके चलते बिजली काटनी पड़ती है। गर्मी एकदम से बढ़ाने के कारण भी बिजली की मांग बढ़ गई है।

**सुरेंद्र सिंह बैंस एकसीयन बिजली विभाग जीरकपुर।**

# शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है रंग-बिरंगे लिफाफे का पेड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** जीरकपुर शहर में एक पेड़ ऐसा है जो आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि उसे पेड़ पर विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे पॉलिथीन के लिफाफे लटक रहे हैं। यह पेड़ कहीं और नहीं बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड की दीवार के साथ लगा हुआ है जोकि काफी दूर से नजर आ रहा है।

दूर से देखने से तो ऐसा लगता है कि कोई खास किस्म का फल इस पेड़ पर लटक रहा हो लेकिन थोड़ा सा नजदीक जाने से पता चलता है कि यहां पर तो रंग-बिरंगे पॉलिथीन के लिफाफे ही लटके हुए हैं जोकि डंपिंग ग्राउंड से उड़कर पेड़ों में फंस रहे हैं और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण का कारण भी बना रहे हैं। एक तरफ तो नगर कौंसिल द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मिशन के अंतर्गत जगह-जगह पर चेकिंग करके दुकानदारों के चालान किए जा रहे हैं और छोटी-छोटी रेहड़ी वालों के भी लिफाफे जप्त किए जा रहे हैं जबकि प्लास्टिक की असली हालत डंपिंग ग्राउंड से ही पता चलती है।



लिफाफे वाला पेड़ मैंने देखा हुआ है। कुछ दिन पहले चली आंधी के कारण पॉलिथीन उड़कर इस पेड़ में फंस गए हैं इनको आज ही उतरवा दिया जाएगा।

**रामगोपाल सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर कौंसिल जीरकपुर।**

## चोरों ने घर से उड़ाए 2 लाख और जेवर

**पंचकूला (अप्रस)।** शहर के सेक्टर 21 में सोमवार शाम को एक घर में चोरी की घटना हुई जिसमें नकदी, गहने और 2 लाख रुपए के कीमती सामान चोरी हो गए। घटना का पता तब चला जब विनय कुमार वत्स के घर पर काम करने वाली घरेलू हेल्पर काजल ने घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ देखा और तुरंत वत्स को इसकी सूचना दी। वत्स के निर्देश पर काजल घर के अंदर दाखिल हुई और देखा कि भूतल पर स्थित बेडरूम की अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। आगे की जांच में पता चला कि पहली मंजिल के कमरे और स्टोर रूम का दरवाजा भी जबरन खोला गया था।

# आग से लकड़ी और टीन से बना शेड जलकर राख

राहगीरों और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 22 अप्रैल।** बीती रात बनूड़-तेपला राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव खासपुर के बस स्टैंड के पास एक 84 वर्षीय पूर्व सैनिक द्वारा लकड़ी की बल्लियों व टीन से बनाए गए शेड में अचानक आग लगने से वह जलकर राख हो गया। राहगीरों और फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक बख्शीश सिंह ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से बस स्टैंड के पास लकड़ी के डंडे व टीन से झोपड़ी बनाकर चाय, कोल्ड ड्रिंक व अन्य सामान बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। उन्होंने बताया कि कल शाम को वह रोजाना की तरह अपना सामान समेट कर करीब 7 बजे घर चला गया था। करीब 8 बजे किसी ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी दुकान में आग लग गई है। सूचना पाकर वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों ने पास के ट्यूबवेल से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। दुकान के मालिक ने बताया कि जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक करीब 50 हज़ार रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो पीछे खड़ी पकी हुई गेहूं की फसल भी जल सकती थी।

# योगाभ्यास द्वारा पांच दिवसीय हड्डी रोग निवारण कैम्प

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** भारतीय योग संस्थान चंडीगढ़ प्रांत के अन्तर्गत इस वर्ष हड्डी रोगों पर पांच दिवसीय विशेष योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह योग शिविर क्षेत्रीय एवं केन्द्रीय स्तर पर रहेंगे। बुधवार 23 अप्रैल से रविवार 27 अप्रैल 2025 तक नेवरहुड़ पार्क फेज 11 मोहाली में योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

हड्डी रोगों से पीड़ित मोहाली एवं चंडीगढ़ के रोगी शिविर ज्वॉइन करके लाभ उठा सकते हैं। शिविर के लिए पंजीकरण करवाना जरूरी होगा। शिविर का समय प्रातः 5.15 से 6.45 तक रहेगा। शिविर में योगाभ्यास के जरिए हड्डी रोगों का इलाज किया जायेगा। योग शिविर के लिए पंजीकरण करवाने के लिए मोबाइल नंबर 76268 42338 एवं 98146 72261 पर सम्पर्क कर सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### उप जिला शिक्षा अधिकारी बने दो अधिकारियों को दी बधाई



**कालका (जग्गी)।** हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर एसोसिएशन पंचकूला जिला प्रधान सिम्मी बंसल के नेतृत्व में डॉ अनूप नांदल एवं श्री मति सुमन चौधरी को उप जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर उनके कार्यालय में जाकर बधाई दी । इस अवसर पर कार्यकारणी के सदस्य श्री मति शालिनी कपूर बी आर सी, लता सैनी,सरोज , परमिंदर कौर रजनी मल्होत्रा ,वंदना जोशी, बबीता कमलेश नेहरा, राज , पुनम,सरोज, सुनीता लाकड़ा,,सुनीता मालिक, अनुराधा, उपस्थित रहे। सिम्मी बंसल ने शुभ कमाना देते हुए कहा कि ये दोनों पदोन्नत शिक्षा अधिकारी जिले में शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने एवं स्कूलों की समस्याओं का समाधान करने में बेहतर कार्य करेंगे क्योंकि ये अधिकारी अनुभवी एवं सक्षम हैं।इन अधिकारियों ने जिला पंचकूला में शिक्षक, प्रधानाचार्य खंड शिक्षा अधिकारी के पदों पर भी कार्य किया है।

### महेश जोशी महासचिव के पद पर नियुक्त

**पंचकूला (अप्रस)।** हरियाणा राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय द्वारा महेन्द्रगढ निवासी महेश जोशी को हरियाणा राज्य रैडक्रास सोसायटी के महासचिव के पद पर तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया है। महेश जोशी ने हरियाणा रैडक्रास राज्य मुख्यालय चंडीगढ का पदभार संभाल लिया है। राज्य संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा द्वारा उनके राज्य मुख्यालय पहुंचने पर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। महेश जोशी पिछले लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुडे हुए है। महेश जोशी ने राज्य महासचिव का पदभार संभालने के बाद कहा कि रैडक्रास संस्था एक सामाजिक संगठन हैं जो कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि रैडक्रास की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाकर सामाजिक क्षेत्र में और अधिक क्रियान्वित करेंगे। रैडक्रास के सभी कार्यों का पारदर्शिता एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया जाएगा। इस अवसर पर चंडीगढ संगीत नाटक एकादमी के चेयरमैन सुदेश शर्मा, एडवोकेट पुनीत वर्मा, नवीन मिश्रा, बलवान सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रोहित शर्मा, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान, प्रचार अधिकारी विजय कुमार, अधीक्षक दीपक नासा, रिलिफ अधिकारी सर्वजीत सिंह, विनीत गाबा, अनुपम मैसॉन, सुमन बाला, डिम्पल, अनिल कुमार, नरेश कुमार, सुनील पहाड़िया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बार एसोसिएशन ने एक राष्ट्र एक चुनाव बिल का किया समर्थन



**पंचकूला(अप्रस)।** पंचकूला बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने एक राष्ट्र एक चुनाव बिल को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए एसोसिएशन के तरफ से महामहिम राष्ट्रपति को समर्थन पत्र भेजा है। एक राष्ट्र एक चुनाव बिल के समर्थन में जिला अदालत के बार रूम में अधिवक्ता एसोसिएशन की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे भाजपा के प्रदेश संयोजक विजय पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला प्रधान अजय मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामलाल बंसल, जिला संयोजक आशीष गुलेरिया को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने एक राष्ट्र एक चुनाव को देश हित में बताते हुए कहा कि बिल के लागू होने से देश की अर्थव्यवस्था को गति तो मिलेगी ही साथ ही तमाम सरकारी दफ्तरों, गैर सरकारी संस्थाओं के कार्यों में भी गति आएगी जिससे आमजन को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट गुलबीर सैनी, उपाध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश, एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, एडवोकेट भाग सिंह नेगी, एडवोकेट जसबीर, एडवोकेट मुकेश, एडवोकेट किरन मिश्रा, एडवोकेट अंजू सूरी, एडवोकेट कमलेश कुमारी, एडवोकेट आशीष गुलेरिया, एडवोकेट परमिंदर सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे एवं एक स्वर से बिल का समर्थन किया।

# कार्यशाला आयोजित कर मनाया रचनात्मकता और नवाचार दिवस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** गोस्वामी गणेश दत्ता सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32 चंडीगढ़ की संस्था की इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने मंगलवार को ÷इनोवेट एंड इंस्पायर- अनलॉकिंग एंटरप्रेन्योरियल पोटेंशियल थ्रू प्रोडक्शन क्रिएटिव्स÷ नामक एक अनूठी, व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित करके विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस मनाया। डॉ. गुरजीत कौर, पीजी डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की सहायक प्रोफेसर ने कॉलेज के रेडियो और टीवी स्टूडियो में कार्यशाला आयोजित की।

सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक तकनीकी कौशल और रचनात्मक अंतर्दृष्टि से लैस करना था, जिससे अकादमिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के मीडिया अभ्यासों के बीच की खाई को पाटा जा सके। छात्रों ने प्री-प्रोडक्शन प्लानिंग से लेकर लाइव रिकॉर्डिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन एडिटिंग तक पूरे रचनात्मक वर्कफ़्लो का पता लगाया।

# केंद्र सरकार व भाजपा कर रहे चंडीगढ़ से सौतेला व्यवहार

## कलेक्टर रेट व प्रापर्टी टैक्स में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** चंडीगढ़ में कलेक्टर रेट और प्रॉपर्टी टैक्स में बेतहाशा वृद्धि और केंद्र सरकार द्वारा संविधान पर लगातार हमलों के मद्देनजर पार्टी की भावी रणनीति पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ कांग्रेस की प्रदेश और जिला स्तरीय कमेटियों की बैठक मंगलवार को सैक्टर 35 कांग्रेस भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस.लक्की ने की। इस अवसर पर सांसद मनीष तिवारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विदित चौधरी ने विशेष तौर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। बैठक की शुरुआत दिवंगत पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने से हुई। उनके लिए दो मिनट का मौन रखा गया। चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा के अनुसार, बैठक में शहर में संपत्ति कर और कलेक्टर दरों में अभूतपूर्व वृद्धि करने वाली भाजपा और भाजपानीत प्रशासन के खिलाफ चल रहे शान्तिपूर्ण आन्दोलन को और तेज़ करने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। तत्पश्चात केन्द्र सरकार द्वारा संविधान पर लगातार हमलों को देखते हुए जल्द ही एक 'संविधान बचाओ' बैठक आयोजित करने का फ़ैसला भी लिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़ में इन दिनों चल रही समस्याओं का मूल कारण यह है कि पिछले साल निगम को केवल 570 करोड़ रुपए आवंटित किए गए और इस वर्ष मात्र 675 करोड़ रुपए आवंटित किए जा रहे हैं, जबकि दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिश के आधार पर निगम का सही हिस्सा कम से कम 1700 करोड़ रुपए से अधिक का बनता है।

चंडीगढ़ कांग्रेस द्वारा जनहित के मुद्दों को हर वक्त पूरी ताकत से उठाते रहने का संकल्प दोहराते हुए, एच.एस लक्की ने कहा कि स्थानीय भाजपा और उसके पार्षदों को चण्डीगढ़ प्रशासन द्वारा निवासियों पर अनुचित कर लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है,। उन्होने आरोप लगाया कि ऐसा केवल केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि इस वर्ष की शुरुआत में स्थानीय भाजपा ने बिजली विभाग के निजीकरण करने के प्रशासन के गलत और भ्रष्टाचार से प्रेरित एक चण्डीगढ़ विरोधी कदम का समर्थन किया था और अब इस पार्टी ने संपत्ति कर में वृद्धि को अन्दर खाते मौन समर्थन दिया है, जबकि बाहर से वह घड़ियाली आंसू बहा रही है।

लक्की ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियां उजागर हो चुकी हैं और जनता के सामने उसके शहर विरोधी चेहरे का पर्दाफाश हो चुका है। उन्होंने उम्मीद ज़ाहिर की कि चंडीगढ़ कांग्रेस शहरवासियों के सहयोग से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी रख कर प्रशासन को संपत्ति कर में वृद्धि वापस लेने के लिए मजबूर कर देगी।

# अंतर्राष्ट्रीय फार्मा फेडरेशन के सेमिनार का तीसरा संस्करण सेक्टर 10, पंचकूला में हुआ संपन्न

अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई




**पंचकूला।** अंतर्राष्ट्रीय फार्मा फेडरेशन के सेमिनार का तीसरा संस्करण सेक्टर 10, पंचकूला में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. राजेश गुप्ता का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष संजय सिन्हा और प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने किया। अंकुर बंसल ने बैन किये गए दवाओं पर जानकारी दी, जिसमें एनपीपीए और डीपीसीओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। डा. राजेश गुप्ता और अंकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कंपनी मालिकों और पेशेवरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

फेडरेशन के प्रेसिडेंट गुलशन रावत ने पंचकूला चंडीगढ़ मोहाली दवा कंपनियों का एक हब बन चुका है, जिसने हजारों लोगों को रोजगार मुहैया कराया है। फेडरेशन के सचिव नीरज गिरी ने भी जो दवा कंपनी काम कर रही है, उसमें आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और उनके निवारण के बारे में भी चर्चा की। संगठन के प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने कहा कि तीन सफल सेमिनार हो चुके हैं और आने वाले दिनों में भी फेडरेशन ऐसे ही सेमिनार करती रहेगी। इस मौके पर संजय सिन्हा (चेयरमैन), गुलशन रावत (अध्यक्ष/प्रेसिडेंट), एम के भटिया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), नीरज गिरि (सचिव), सुरेन्द्र राठी (प्रवक्ता), विवेक नासा, चन्द्र मोहन क्यूबिक लाइफ साइंसेज,मनीत गोयल विर्बस हेल्थकेयर,पंकज कपूर जेनेक्स ग्रुप,

दीपक ठाकुर, संजय डॉलविस फार्मा रोहित, वीरेश खन्ना, अजय अग्रवाल, दिनेश गुप्ता जी स्ट्रास्वेल फार्म, रोहित जी मेड्रिक्स फार्म , सुनील शर्मा , हेमंत युवेंटीस फार्म , रमन लंबा, मनोज निगम दिनेश गुप्ता जी स्ट्रॉस्वेल फार्म , रोहित जी मेड्रिक्स फार्म , सुनील शर्मा , शिल्पा, दीपक ठाकुर, रोहित वीरेश खन्ना अजय अग्रवाल ने शिरकत की।

# बुलेट बाइक से पटाखे बजाने पर बाइक इंपाउंड, 32000 का काटा



**पंचकूला (अप्रस)।** शहर में यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर 26 स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास एक बुलेट बाइक सवार युवक को पटाखे बजाकर हुल्लड़बाजी करने और शांति भंग करते हुए पकड़ा है। इस मामले में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाइक को इंपाउंड कर लिया गया है और संबंधित चालक के खिलाफ 32,000 रुपए का भारी चालान भी काटा गया है। सिटी ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि उक्त युवक द्वारा अपनी बुलेट बाइक में अवैध साइलेंसर का प्रयोग कर पटाखों जैसी तेज आवाजें निकालकर न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा था, बल्कि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को भी खतरे में डाला जा रहा था। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले चालक को मौके पर रोक कर समझाया गया और यातायात नियमों की गंभीरता और उनके पालन की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य सिर्फ चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, मॉडिफाइड साइलेंसर या अन्य अवैध उपकरणों का प्रयोग न करें और सड़क पर शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें।

**अर्थ प्रकाश की खबर का असर**

# नगर कौंसिल की टीम ने हटाए अवैध रूप से सड़क के किनारे बने हुए खोखे

शिकायत मिलते ही की गई कार्रवाई - इंस्पेक्टर अशोक

अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा






**जीरकपुर ।** आज नगर कौंसिल की टीम ने नगर कौंसिल के इंस्पेक्टर अशोक कुमार की अगवाई में कार्रवाई करते हुए पीरमुछल्ला क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए जा रहे खोखे हटा दिए हैं। जिक्र योग्य है के पिछले हफ्ते यहां पर सड़क के किनारे अवैध कब्जा करके बने हुए तीन खोखों में आग लग गई थी और वह पूरी तरह से जलकर राख हो गए थे। इसके बाद फिर से उन्हीं लोगों द्वारा खोखे बनाने शुरू कर दिए थे जिसके चलते आज सोमवार को सुबह नगर कौंसिल की टीम इंस्पेक्टर अशोक कुमार की अगवाई में मौके पर पहुंची तथा उन खोखों को हटाने का काम शुरू कर दिया। टीम द्वारा लोहे की चादरें हटा दी गई इसी दौरान खोखे बनाने वाले व्यक्ति द्वारा कहा गया के बाकी का जो स्ट्रक्चर बना हुआ है उसे वह कल अपने स्तर पर हटा देगा और यहां पर किया गया अवैध कब्जा छोड़ देगा।

**ढकोली रेलवे फाटक के पास से हटाई 6 सब्जी की रेहड़ीयां :** इसी दौरान अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही को आगे बढ़ते हुए इस टीम द्वारा शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए ढकोली रेलवे फाटक के पास मंदिर के आगे लगने वाली सब्जी की छह रेडियों को भी उठा लिया गया है। इंस्पेक्टर अशोक कुमार के अनुसार उन्हें शिकायत मिली थी के यहां पर सब्जी की रेहडियां अवैध रूप से लगाई जा रही है जिनके कारण यहां पर ट्रैफिक में बाधा पड़ती है जिसके चलते टीम द्वारा उन रेहडियों को उठा लिया गया है।

# नगर कौंसिल जीरकपुर में जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र का काम दो आउटसोर्स कर्मियों के सहारे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** नगर कौंसिल जीरकपुर में जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का काम मात्र दो आउटसोर्स कर्मियों के सहारे ही चल रहा है जबकि इस काम के लिए सेहत विभाग द्वारा रेगुलर कर्मचारी तैनात किए जाने चाहिए। जानकारी के अनुसार नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी द्वारा सेहत विभाग के उच्च अधिकारियों को इस संबंधी पत्र भी लिखे गए हैं उनके द्वारा एक पत्र जून 2024 में भी लिखा गया था और उसके बाद एक पत्र दिसंबर 2024 में भी लिखा गया था लेकिन अब तक उन पत्रों का कोई जवाब नगर कौंसिल जीरकपुर के पास नहीं आया। नगर कौंसिल जीरकपुर द्वारा सेहत विभाग के उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द यहां पर रेगुलर कर्मचारी तैनात करने की मांग की गई थी और लिखा था कि जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए समय निर्धारित होता है और सीधे तौर पर लोगों से जुड़ा हुआ मुद्दा है। इसके अलावा यह सारा काम ऑनलाइन होने के चलते जिला प्रशासन को प्रतिदिन बकाया काम निपटा के रिपोर्ट भेजी जाती है। जिस काम को आउटसोर्स कर्मचारी के द्वारा बड़ी मुश्किल से चलाया जा रहा है लेकिन यहां पर ऑनलाइन करेक्शन केस, लेट दर्ज केस, वेरीफिकेशन, ऑनलाइन शिकायतें आदि का निपटारा करने के लिए सेहत विभाग के साथ संबंधित रेगुलर कर्मचारी की तैनाती जरूरी है। नगर कौंसिल द्वारा सेहत विभाग को दो बार पत्र लिखने के बावजूद भी यहां पर किसी भी रेगुलर कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गई।

जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में सेहत विभाग द्वारा रेगुलर कर्मचारी लगाए जाना जरूरी होता है नगर कौंसिल जीरकपुर में इस काम के लिए रेगुलर कर्मचारियों की तैनाती संबंधी कल ही उच्च अधिकारियों से बात करूंगी।

**डॉ संगीता जैन सिविल सर्जन मोहाली।**

## विधायक निखिल मदान ने नई अनाज मंडी सोनीपत का किया दौरा

# नई अनाज मंडी का 4 करोड़ 70 लाख की लागत से होगा कायाकल्प : निखिल मदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान मंगलवार को नई अनाज मंडी में पहुंचे जहां उन्होंने गेहूं की फसल खरीद संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी, हैफेड और भारतीय खाद्य निगम के सभी अधिकारी, स्थानीय व्यापारी,किसानऔर आढ़ती मौजूद रहे।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज हरियाणा अकेला ऐसा प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। आज सोनीपत अनाज मंडी में गेहूँ को 2425 की एमएसपी और अन्य सभी फसलों को भी एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। 21 अप्रैल तक मंडी में 307511 क्विंटल गेहूं आया है और 296311 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। इसमें से 181528 क्विंटल गेहूं उठान हुआ है जोकि तकरीबन 61 प्रतिशत है। मौके पर विधायक निखिल मदान ने अधिकारियों को फसलों के उठान की गति बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। मौके पर फसलों के वजन करने और नमी इत्यादि मानक जांचने की सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई।विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज व्यापारियों और आढ़तियों द्वारा अनाज मंडी के विकास कार्यों से संबंधित कुछ मांगें रखी गई हैं। जिसमें उन्हें बताना चाहता हूं कि नई अनाज मंडी में 4 करोड़ 70 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को करवाया जाएगा, जिससे अनाज मंडी का पूरा कायाकल्प होगा।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्योडक (कैथल) में हैंडबॉल खेल नर्सरी प्रदान की गई है, जिसके लिए हैंडबॉल कोच की नियुक्ति की जानी है। योग्य व इच्छुक उम्मीदवार 23 अप्रैल 2025 तक स्कूल परिसर में 9 से 2 बजे तक अपनी योग्यता संबंधित दस्तावेज जमा करवाना सुनिश्चित करे।

**खेल कोच हेतु निम्न योग्यता जरूरी है:**

खेल एवं युवा मंत्रालय के अधीन एनआईएस पटियाला या अन्य किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित खेल में डिप्लोमा होल्डर हो अथवा सीनियर इंटरनेशनल मेडलिस्ट हो उसको 25 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। संबंधित खेल में एनआईएस सर्टिफिकेट कोर्स हो, अथवा एमपीएड, डीपीएड, बीपीएड हो, संबंधित खेल में सीनियर नेशनल/ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्लेयर हो। अथवा संबंधित खेल में 12 वीं कक्षा के साथ जूनियर इंटरनेशनल मैडलिस्ट हो, उसकी सैलरी 20 हजार रुपए होगी।

**प्रिंसिपल,**
**राजकीय मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, क्योड़क (कैथल)।**

AP-580

## निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हड़ौली खंड नागपुर जिला फतेहाबाद में बस स्टैंड पर बने कंडम कमरे की बोली दिनांक 1 मई 2025 को दोपहर 1 बजे ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को 5 हजार रुपये धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को संपूर्ण राशि मौके पर जमा करवानी होगी। बाकी नियम व शर्ते 9मौके पर बताई व सुनाई जाएगी।

**श्रीमति रचना कौर**
**सरपंच ग्राम पंचायत हड़ौली जिला फतेहाबाद।**
**मो. 98122-62919**

AP-596

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खण्ड कलानौर ने गांव स्थित तालाब गुहला तालाब व मिठा टुबल के पास छोटी जोड़ी को मछली पालन हेतु लंबी अवधि के लिए पट्टे पर देने का निर्णय लिया है इसके लिए खुली बोली दिनांक 27-04-2025 को सुबह 11 बजे गांव निगाना के अड्डे वाली देश सेवा धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। इसके लिए धरोहर राशि 50,000/- पचास हजार रुपए होगी बाकी शर्ते मौके पर सुनाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके पर लाभ उठाएं।

**दर्शन** — **हस्ता/ भगत सिंह**
**ग्राम सचिव** — **सरपंच ग्राम पंचायत**
**निगाना** — **निगाना (रोहतक)**
**मो.नं. 7082830333**

AP-582

## सार्वजनिक सूचना

विषय : आवंटी / सह आवंटी श्रीमती दर्शना रानी गुलाटी पत्नी संत लाल गुलाटी की निर्वसीयत मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित / अनिर्मित संपत्ति / प्लॉट नं. 128, सेक्टर-18, अर्बन एस्टेट, पानीपत के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। श्रीमती दर्शना रानी गुलाटी, जो रिकॉर्ड के अनुसार उद्धृत संपत्ति के आवंटी / सह आवंटी थी, की 31.01.2025 को मृत्यु हो गई है। उनके पास मेमो नं. 720 दिनांक 16.11.2022 के तहत पानीपत तहसील में एक वसीयत रजिस्टर्ड है, यह वसीयत इन दोनों के नाम रजिस्टर्ड है- 1. अजय कुमार गुलाटी, 2) कृष्ण पुत्र संत लाल गुलाटी निवासी 213-219, नई सुखदेव नगर, पानीपत ने कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करने का अनुरोध किया है और अजय कुमार गुलाटी और कृष्ण अपने नाम पर पुनः आवंटन के लिए अनुरोध करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्लॉट के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पानीपत को लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी पॉलिसी के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण / पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है। और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है।

**अजय कुमार गुलाटी व कृष्ण, कानूनी वारिस**

AP-578

## सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**

**विषय :-** स्वर्गीय तरसेम चंद की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 14, सेक्टर 20-ए, चंडीगढ़ (आरपी 11704) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री तरसेम चंद 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 14, सेक्टर 20-ए, चंडीगढ़ के मालिक/पट्टेदार हैं।

सुनील कुमार अग्रवाल, सावित्री देवी गुप्ता, नीलम गुप्ता, अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री तरसेम चंद की मृत्यु 18.10.2014 को हो गई। 2024 और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के नि नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- - (1) सुनील कुमार अग्रवाल - पुत्र, (2) नीलम गुप्ता - पुत्री, (3) अनिल कुमार अग्रवाल - पुत्र, (4) सावित्री देवी गुप्ता - पत्नी

अब, सुनील कुमार अग्रवाल, सावित्री देवी गुप्ता, नीलम गुप्ता, अनिल कुमार अग्रवाल ने आवासीय साइट संख्या 14, सेक्टर 20-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वर्गीय तरसेम चंद द्वारा धारित 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-592

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मैं, हरबंश कौर पत्नी श्री लछमन दास पुत्र श्री खुशाल, निवासी गांव थेह बनेरा, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा, ने एक्सक्लूसिव लीजिंग एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से अपने आवासीय संपत्ति पर रु. 7,31,216/- का सुरक्षित ऋण लिया है। यह संपत्ति 12 मरले की है जो कुल 44 कनाल 15 मरले में से 12/895 हिस्सा है, जो खेवट नं. 163 मिन, खतौनी नं. 226, किता 9 (44-15) में स्थित है और यह सम्पत्ति गांव थेह बनेरा, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा की राजस्व सीमा के अंतर्गत आती है, जैसा कि पंजीकृत ट्रांसफर डीड नंबर 4150/1 दिनांक 11-03-2025 एवं म्युटेशन नंबर 2819 के अनुसार है। यह ऋण प्रस्ताव संख्या 1400005948 के अंतर्गत शाखा कार्यालय, द्वितीय तल, करनाल रोड, कैथल, हरियाणा - 136027 से लिया गया है। मैं आगे यह घोषणा करती हूं कि पंजीकृत ट्रांसफर डीड नंबर 3502/1 दिनांक 10-12-2018, जो जगदीश कुमार पुत्र लछमन दास के पक्ष में, क्षेत्र चीका में निष्पादित की गई थी, वह दस्तावेज खो गया है। इस संदर्भ में पुलिस थाना चीका में डेली डायरी रिपोर्ट (डी.डी.आर नंबर 132280072500783 दिनांक 22-04-2025) दर्ज करवाई गई है। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी स्पष्ट करती हूं कि उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध किसी भी प्रकार का ऋण, नकद क्रेडिट (सीसी) सीमा, या ओवरड्राफ्ट (ओडी) सीमा नहीं ली गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति को लेकर कोई आपत्ति हो या किसी को खोया हुआ दस्तावेज प्राप्त हो, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात (7) दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें।

**विकास चहल एडवोकेट, चैंबर नंबर 304, चैंबर कॉम्प्लेक्स, जिला न्यायालय, कैथल**

AP-581

## आवश्यक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड से अनुसार वर्तमान मे PUID No. 3FVJP7J0 वार्ड न003 पर श्री सतनारायण पुत्र श्री नेतराम के नाम पर दर्ज है। अब इस प्रोपर्टी आई डी पर अपना नाम दर्ज करवाने के लिये सरोज,जगदीप, नीलम, पूनम, सुमन पत्नी/पुत्र/पुत्री सत्यनारायण निवासी वार्ड न 03 गोहाना, सोनीपत मोबाईल नं 9041081191 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व. श्री सतनारायण पुत्र श्री नेतराम का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदको का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID No. 3FVJP7J0 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम सरोज, जगदीप, नीलम, पूनम, सुमन पत्नी/ पुत्र/पुत्री श्री खरेती लाल दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यकारी अधिकारी/सचिव**
**नगर परिषद, गोहाना।**

AP-581

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं निर्मला गुप्ता पत्नी श्री कृष्ण गुप्ता निवासी मंडी डबवाली, खेवट संख्या 245 खतौनी संख्या 1348 खसरा संख्या 1911/3 विस्तृत यूटेशन संख्या 16754 के अंतर्गत आने वाली 0 कनाल 3 मरला भूमि पर बनी एक दुकान की मालिक और कब्जेदार हूं, जो मंडी डबवाली तहसील डबवाली जिला सिरसा में जमाबंदी वर्ष 1987-1988 के अनुसार डीड संख्या 1173 दिनांक 05-08-1992 के अनुसार सब रजिस्ट्रार डबवाली के पास पंजीकृत है। बिक्री विलेख संख्या 1309 दिनांक 09/08/82 उपरोक्त संपत्ति से संबंधित है जो लिंक विलेख है, जिसका पता नहीं लगाया जा सका है, गुम/खोया हुआ है। इस संबंध में आवेदन संख्या 132650022500411 के माध्यम से संपत्ति खोने की रिपोर्ट पुलिस स्टेशन सिटी डबवाली में दर्ज कराई गई है। उक्त संपत्ति पहले से ही पंजाब नेशनल बैंक डबवाली के पास गणेश ट्यूबवेल स्टोर डबवाली को ऋण सुविधा के लिए बंधक है। यदि कोई व्यक्ति इस संपत्ति पर किसी अधिकार या हित का दावा करता है, अन्यथा उसे कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को अ यावेदन दे सकता है।

**शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक रेलवे क्रॉसिंग के पास मंडी डबवाली हरियाणा 125104 संपर्क नंबर 97297 57441 ईमेल bo0771@pnb.co.in**

AP-581

## सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**



**विषय:-** स्व. श्रीमती संतोष कपूर की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1089, सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ (आरपी12069) के संबंध में स्वामित्वका हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार,श्रीमती संतोष कपूर 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तकरिहायशी स्थल सं. 1089, सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ की स्वामिनी/लीजी है।

मनीशा कपूर, सुजाता खन्ना, विनीता कपूर मेहता, जगदीश कपूर द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती संतोष कपूर की 20.12.2023को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामिनी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र. सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | जगदीप कपूर | पुत्र |
| 2. | विनीता कपूर मेहता | पुत्री |
| 3. | मनीशा कपूर | पुत्री |
| 4. | सुजाता खन्ना | पुत्री |

अब, मनीशा कपूर, सुजाता खन्ना, विनीता कपूर मेहता, जगदीश कपूर ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्रीमती संतोष कपूर द्वारा आयोजित 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1089, सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित करदी जाएगी एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी,यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

AP-581

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** सैन्य संख्या- 14676908एक्स रैंक-हवलदार नाम- रवि सरोजना स्थायी पता- 71, कृष्णा पुरा रिसाला, म्हो, महू, इंदौर, मध्य प्रदेश 453441 घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम आरुष से बदलकर आरुष सरोजना कर दिया है। शपथ पत्र संख्या-48AA 901535, दिनांक- 22.04.2025
एपी-603

**मैं,** राजबीर कौर पत्नी दलबीर सिंह गाँव ठसका मिरांजी,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर राजबीर उपनाम कौर रख लिया है

**मैं,** Baljit Singh पुत्र त्रिलोक सिंह गाँव हबडी ,कैथल ने अपना नाम बदलकर Baljeet Singh रख लिया है।

**मैं,** Amninder Kaur पत्नी बलजीत सिंह गाँव हबडी ,कैथल ने अपना नाम बदलकर Amaninder Kaur रख लिया है।

**मैं,** चरणजीत पत्नी बलकार सिंह गाँव हरिगढ़ भोरख ,पिहेवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर चरणजीत कौर रख लिया है।

**मैं,** संदीप सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी गाँव असमानपुर, नजदीक खेडा, पेहोवा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ने अपना नाम संदीप उपनाम सिंह रख लिया है।
एपी-605

## बेदखली सूचना

**मैं,** अंजू रानी पत्नी पंकज निवासी शास्त्री कॉलोनी पिहोवा सार्वजनिक घोषणा करती हूँ मेरी रजिस्ट्री न 2854/1 दिनाक 27/03/2012 पिहोवा में 25/03/2025 को गुम हो गई है। जिसकी मैंने ऑनलाइन लॉस्ट प्रॉपर्ट न. 132320782500400 शिकायत दर्ज करवा दिया है । यह रजिस्ट्री किसी भी वित्तीय संस्था व बैंक में आड़ रहन नहीं है। यदि किसी को उपरोक्त दस्तावेज मिले तो दिए गए नबर पर संपर्क करे। 98967 55665, 94160 36000
एपी-605

## सरपंच ग्राम पंचायत खुबडू

**खंड गन्नौर, जिला सोनीपत, (हरियाणा)**

यह है कि ग्राम पंचायत की बैठक में सरपंच द्वारा बताया गया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोनपत के पत्र क्रामंक 569 दिनांक 10.06.24 के तहत ग्राम पंचायत खुबडू में पशु हस्पताल के पास जनस्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवैल पर जलकर्मी के लगाए जाने बारे दिनांक 13.11.24 को कमेटी के सामने साक्षात्कार हेतु प्रार्थियों को बुलाया गया था लेकिन किसी कारणवंश यह कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी। अतः पुनः मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पत्र क्रमांक 269 दिनांक 21.-04-25 के अनुसार ग्राम पंचायत खुबडू में ट्यूबवैल आपरेटर लगाने हेतु तिथि 06/05/2025 को 12.00 बजे दोपहर को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय निश्चित की गई है। पशु हस्पताल के पास पीएच के ट्यूबवैल आपरेटर पर नए जलकर्मी को लगाने हेतु मुनादी मुस्तरी करवाई जाए तथा अखबार के माध्यम से विज्ञापन देकर जलकर्मी लगाने की सूचना दी जाए और इच्छुक प्रार्थियों के आवेदन खण्ड कार्यालय गन्नौर में जमा करवाए जाए।

हाजिर ग्राम पंचायत सदस्यों ने इस बारे अपनी सहमति जाहिर की तथा उक्त सूचना देने का अधिकार सरपंच श्रीमति सपना रानी को दिया जाता है। प्रस्ताव की प्रति श्रीमान बीडीपीओ गन्नौर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोनीपत की सेवा में आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है। प्रस्ताव पास व स्वीकार है।

| | | |
|---|---|---|
| **सरपंच श्रीमति सपना रानी** | **पंच कंवरपाल** | **पंच सुनीता** |
| **ह.अ.** | **ह.अ.** | **ह.अ.** |
| **पंच रणधीर सिंह** | **पंच सोनू** | **पंच सविता** |
| **ह.अ.** | **ह.अ.** | **ह.अ.** |
| **पंच अनिता** | **पंच सेतका** | |
| **ह.हि.** | **ह.हि.** | |

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत खुबडू**
**खण्ड गन्नौर (सोनीपत)**

AP-612

grtr mhll erlA ifvlpmt
AQirtl, mhll, pf Bvn, sktr 62, As.e.As. ngr
jnqk scn



imqk Altl — lBpqr

Plot No. 1086, sktr 67, As.e.As. ngr d 50% ihs d Altl Harpal Kaur W/o Sh. Mohinder Singh R/o H. 1086, Sector 67, SAS Nagar dl mq imql 23.12.2023 f h gel h[ Plot No. 1086, sktr 67, As.e.As. ngr mhll d vrs sbDl Harpal Singh Tehsil Dar Revenue Depertment Gov. of NCT of Delhi office of the District Magistrate Saraswati Vihar North West District vl imqk Altl d vrs hT ilK Ansr qsdlk klq ge hn:


1. Gurpreet Kaur (Daughter)
2. Gursharan Singh (Son)
3. Mohinder Singh (Husband)

akq qsdlk klq ge virsl d srtliPkt d ADr q virsl vl Plot No. 1086, sktr 67, As.e.As. ngr dl mlklAq Apx nm qbdll krn lel bnql klql gel h, Aq ieh ks imlK APsr (h) gmfw, As.e.As. ngr d dPqr ivc ivcr ADln h[ ies lel mlklAq qbdll krn q pihl Am Aq Ks n sicq klq jdw h ik jkr imqk Altl d akq vrsl sbDl jkr iks f kel ieqrj hv q ah ies ivigApn dl imql q 15 idnl d Adr-Adr Apx ieqrj imlK APsr (h) gmfw, mhll ps ilKql rp ivc d skd h[ inSicq imql Aq sml q bAd ppq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq Plot No. 1086, sktr 67, As.e.As. ngr dl mlklAq imqk Altl d akq virsl d nm q kr idql jvgl[

imlK APsr (h),
gmfw, As e As ngr

AP-610

grtr mhll erlA ifvlpmt
AQirtl, pf Bvn, sktr 62, As.e.As. ngr
jnqk scn



imqk Altl — lBpqr

isgl ivf fierl n: 437003 imql 21.03.2025 rhl ibnkrl vl sicq klq igA h ik plt n: 2128, blk-sl, sktr 66-bltw, swelj 300 vrg gj, As.e.As. ngr d Altl Slmql Xjn ngl pqnl Sl Arx ngl vsl ipf q fkKn irb, qihsll mrg, ijl iknr, ihmcl pdS (pk pq Plt n: 203, el7, sdlp ivhr jl. Ac.As. 79, sktr 20, pcklw, hirAx) dl mq imql 13.10.2024 n h gel h[ Slmql rDlk ngl, srpc, ipf ir-b, qihsll qmrg, ijl iknr, ihmcl pdS v-l akq imqk Altl d hT ilK Ansr virs qsdlk klq ge hn:-

| nm | imqk Altl nl irSq |
|---|---|
| Arun Negi | Husband |
| Mayrah Negi | (Minor) Daughter |
| Sshipra Negi | (Minor) Daughter |

akq virs Sl Arx ngl pqr Sl jvhr lvl ngl vsl # 3605, BRIDLE-WOOD DR GLEN MILLS, NEW YORK USA, ims iSpr ngl Aq ims mierh ngl rhl Sl Arx ngl vsl 15631 27TH DR SE MILL CREEK WA 98012, USA v-l plt n: 2128, blk-sl, sktr 66-bltw, swelj 300 vrg gj, As.e.As. ngr dl mlklAq Apx nm q qbdll krn lel dsqvj ies dPqr iv-c pS klq hn Aq ieh ks imlK APsr (p), gmfw, As.e.As. ngr d dPqr iv-c ivcr ADln h[ ies lel mlklAq qbdll krn q pihl sB Am Aq Ks n sicq klq jdw h ik jkr imqk Altl d knnl vrs sbDl iks n kel ieqrj hv q ah ies ivigApn dl imql q 15 idnl d Adr-Adr Apx ieqrj imlK APsr (p), gmfw, As.e.As ngr ps ilKql rp iv-c d skd h inSicq imql Aq sml q bAd ppq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq plt n: 2128, blk-sl, sktr 66-bltw, swelj 300 vrg gj, As.e.As. ngr dl mlklAq Slmql rDlk ngl, srpc, ipf ir-b, qihsll qmrg, ijl iknr, ihmcl pdS vl idq sv-GSx d ADr q akq virs d nm q qbdll kr idql jvgl[

imlK APsr (p),
gmfw, As.e.As. ngr[

AP-609

grtr mhll erlA ivks
AQirtl, p-f Bvn, sktr-62, As.e.As.ngr
(jnqk scn)



ibnkr vl Apllksn n: 433828 imql 17-02-2025 rhl sicq klq igA h ik plt n; 504, sktr 53, Pj-3-e, As.e.As ngr d Altl Inderjit Singh Bhatia. S/o Karan Singh Bhatia R/o House No-504, Phase-3A, Sector-53, Mohali. dl mq imql 23-12- 2024 f h gel sl Aq ahnl vl plt n; 504, sktr 53, Pj-3-e, As.e.As ngr dl rijstrf vslAq imql 202-02-2010 f Apx p-qr BALJINDER SINGH BHATIA d nm q klql gel j ik vslk n: 709 imql 02-02-2010 rhl sb rijstrr, As.e.As ngr ivK rijstrf h[

ies rijstrf vslAq d ADr q BALJINDER SINGH BHATIA S/O INDERJEET SINGH BHATIA R/O HOUSE NO 504 PHASE 3A MOHALI vl plt n: 504, sktr 53, Pj-3-e, As.e.As ngr dl mlklAq Apx nm q qbdll krn dl bnql klql gel h Aq ieh ks imlK APsr (h), gmfw, As.e.As ngr ivK ivcr ADln h[ ies lel akq plt dl mlklAq trlsPr krn q pihl Am q Ks f sicq klq jdw h ik jkr ies br iks f kel ieqrj hv q ah ies ivigApn dl imql q 15 idnl d Adr Adr Apx ieqrj inmnhsqKr ps ilKq rp iv-c d skd h[ insicq imql Aq sml q bAd ppq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq rijstrf vslAq Ansr akq plt dl mlklAq qbdll kr id-ql jvgl[

imlK APsr (h)
gmfw, As.e.As ngr

AP-608

grtr mhll erlA fvlpmt
AQirtl, pf Bvn, sktr 62
As e As ngr
jnqk scn

isgl ivf fierl n: 439293 imql 04.04.2025 rhl ibnkr vl sicq klq igA h ik plt n: 2572, blk-sl, sktr 82-Al&, swelz 300 vrg gj, As e As ngr d Altl Slmql jhl nd pqnl Sl rvl nd Aq Sl rvl nd p-qr Sl e. nd visAn bl-401, Emks Prst, As pl e, sktr 93-bl, niefw, gqm bD ngr, aqr pdS 201301 n akq plt d Sl jiqdr grg p-qr Sl Em pkS grg vsl mkn n:1645, sktr 34-fl, cflgV f Apx mKiqAr Am inXkq klq igA h[ ieh mKiqAr nm Am sb rijstrr, As e As ngr d dPqr d vslk nbr:-2023-24/3/4/41, jied bhl- 4, ijld n - , d s& nbr - , imql 10.04.2023 rhl rijstrf hieA h[

hx ies mKiqAr Am d ADr q d Sl jiqdr grg p-qr Sl Em pkS grg vsl mkn n: 1645, sktr 34-fl, cflgV n plt n: 2572, blk-sl, sktr 82-Al&, swelz 300 vrg gj, As e As ngr f Slmql jsblr kr pqnl Sl qrlcn isG vsl mkn n: 5/3, pls klnl, mfl ihmcl pdS, Sl ismrn jlq isG p-qr Sl blblr isG vsl mkn n: 138, qljl mijl, blk-fl, dl glfn tn sswietl, sktr 80, mhll Aq Sl iekbl isG p-qr Sl blblr isG vsl mkn n: 259, sktr 46-e, cflgV d nm q vcx dl pvngl mgl gel h[ vcx dl pvngl dx q pihl sB Am Aq Ks f sicq klq jdw h ik ies mKiqAr Am sbDl iks f kel ieqrj hv q ies ivigApn dl imql q 15 idnl d Adr Adr Apx ieqrj sprft, imlK dPqr (p), gmfw, As e As ngr ps ilKql rp iv-c d skd h[ inSicq imql Aq sml q bbd ppq he ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq akq mKiqAr nm d ADr q n plt n: 2572, blk-sl, sktr 82-Al&, swelz 300 vrg gj, As e As ngr f vcx dl pvngl akq ibnkr d nl q jrl kr id-ql jvgl[

sprft (p),
gmfw, As e As ngr

AP-588

# अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

**आज ही बुक करें**
PH. : 0172-2638515, 98140-19928
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## ऋण

**Equitas Small Finance Bank Solution Limited**
(1995 से आपके सेवा में)
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईंट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 - 95 लाख तक
घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी , महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिबिल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675


## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** Navdeep kumar पुत्र Raj kumar gupta निवासी मकान नंबर बी14/101, निर्मल छाया टावर्स, हाई स्ट्रीट के पास, वीआईपी रोड, जीरकपुर,एसएएस नगर, पंजाब पिन 140603, ने अपना नाम बदलकर Navdeep gupta रख लिया है।
एपी-573

**मैं,** Anju Chutani पत्नी Amit Chuttani निवासी मकान न0. 6-A, एम.एस एन्क्लेव, ढकोली, जीरकपुर पंजाब ने अपना नाम बदलकर Anju Chuttani रख लिया है।
एपी-375

**मैं,** राज कुमार चौहान पुत्र फतेह सिंह चौहान निवासी #1240, पहली मंजिल, सेक्टर 43बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम राज कुमार से बदलकर राज कुमार चौहान रख लिया है।
एपी-576

I Anterpreet Kaur d/o Daljeet Singh r/o house no. 233 sector 68 united COOPERATIVE Society SAS Nagar Mohali I declare that Anterpreet Kaur and Anterpreet Kaur Khural is same and one person please noted
एपी-577

**मैं,** राहुल पुत्र श्री गायरी लाल निवासी # 1526, सर्वेंट क्वार्टर, सेक्टर 33-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल कुमार रख लिया है।
एपी-578

**मैं,** Santi Devi विधवा हरी राम निवासी गांव व डाकखाना चोगावां, तहसील इन्द्री, जिला करनाल अपना नाम Santi Devi से बदलकर Shanti Devi करती हूं व जन्मतिथि 21/7/1943 से बदलकर 1/1/1943 करती हूं।
एपी-579

**मैं,** सुरिंदर कौर पत्नी स्वर्ण सिंह निवासी # 110, सेक्टर 41-बी, बूटेरला, चंडीगढ़ ने अपना नाम सुरेंदर कौर से बदलकर सुरिंदर कौर रख लिया है।
एपी-583

**मैं,** शिवानी पत्नी मोहक बंसल निवासी # 344 मनसा देवी कॉम्प्लेक्स सेक्टर 4, पंचकुला हरियाणा ने ने अपना नाम शिवानी से बदलकर शिवानी बंसल रख लिया है।
एपी-585

**मैं,** लीला देवी पत्नी दर्शन सिंह निवासी गांव दीवाना, कुरूक्षेत्र ने अपना नाम लीला देवी (Lila Devi) से बदलकर लीला देवी (Leela Devi) कर लिया है।
एपी-589

**मैं,** जगदीश Chander पुत्र Chandi राम वासी मकान नं 429-A ज्योति नगर, करनाल ने अपना नाम बदलकर जगदीश चंद से जगदीश चन्दर रखा है।

**मैं,** राजेश पुत्र हरबंस लाल वासी मकान नं. 97आर 2nd फ्लोर मॉडल टाउन रोहतक ने अपना नाम बदलकर राजेश से राजेश विज रखा है।

**मैं,** मधु नैन पत्नी JC334118M, सूबेदार राकेश नैन वासी गांव व् डाकघर अमरगढ़ तहसील नरवाना जिला जींद हरियाणा 126116 ने अपना नाम बदलकर मधु से मधु नैन रखा है।

**मैं,** भरत कुमार पुत्र इंदर कुमार वासी मकान नं.558, रेलवे रोड, करम सिंह कॉलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर भरत से भरत कुमार रखा है।

**मैं,** सुशील जैन पुत्र टिक्का राम वासी मकान नं. 6, क्लब लेन, करनाल, हरियाणा -132001 ने अपना नाम बदलकर सुशील कुमार से सुशील जैन रखा है।

**मैं,** एकता जैन पत्नी निशांत जिंदल वासी टी-5 ग्राउंड फ्लोर-003 Paraashvanath ग्रीनविल्ले, सैक्टर 48 गुडगाँव ने अपना नाम बदलकर एकता जिंदल रखा है।
एपी-590

**मैं,** नौशाद पुत्र मोहम्मद इरशाद निवासी मकान नंबर 354, सेक्टर 38 वेस्ट चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग बेटे का नाम मोहम्मद सेफ से बदलकर मोहम्मद सैफ रख लिया है।

**मैं,** कुलदीप सिंह पुत्र मनी राम निवासी मकान नंबर 627, बैंक वाली गली, दरिया, चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग बेटे का नाम भानु वर्मा से बदलकर भानु रख लिया है।

I DALJEET SINGH JHUN Service No. IC-381288 Rank Major residing at House No. 2987/1, Sector 42-C, Chandigarh and Now Presently Resident at 108 fifth Avenue, Kitchener, Ontario, Canada N2C1P4 have changed my son name from PARAM JYOT to PARAMJOT SINGH JHUN vide affidavit dated 22.04.2025 at Notery Chandigarh.
एपी-592

I, Samsher Singh F/o No. 2497219W Hav Manmohan Singh, R/o VPO-Lakhmari Distt-Kurukshetra, Haryana-136156, have changed my name from Samsher Singh to Shamsher Singh as per Affidavit before Notary Distt Court Kurukshetra on dated 15 Apr 2025.
एपी-593

**मैं,** आशीष कुमार पुत्र श्री महेन्द्र पाल निवासी 1161, एकता नगरी, मंडी डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा, ने अपना नाम आशीष बब्बर से बदलकर आशीष कुमार कर लिया है।

**मैं,** रजनी रानी पत्नी श्री आशीष कुमार, निवासी वार्ड नंबर 8, गली लक्ष्मण दास मोंगा वाल, नियर ओल्ड हनुमान मंदिर, नई डबवाली, (मंडी डबवाली), जिला सिरसा, ने अपना नाम रजनी से बदलकर रजनी रानी कर लिया है।

**मैं,** सुषमा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री मिश्री लाल, निवासी 126, सेक्टर-12ए, गांव रैली, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम सुषमा देवी से बदलकर प्रेम वती रख लिया है ।

**मैं,** नवनीत पुत्र सज्जन कुमार सिंगला निवासी म. नं 267/3 ,जैन स्थानक वाली गली ,गोहाना सोनीपत 131301 मैंने अपना नाम नवनीत पुत्र सज्जन कुमार सिंगला से बदलकर नवनीत सिंगला पुत्र सज्जन सिंगला कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
एपी-581

**मैं,** धनपति पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी गॉव ईशापुर खेड़ी तह. गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा ब्यान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में मेरा नाम धनपति दर्ज है व मेरे पति के सर्विस नं. 3153377 Rank Sepoy Late Om Parkash रिकार्ड में मेरा नाम धनपति देवी दर्ज है। धनपति व धनपति देवी दोनों नाम एक ही महिला के है।
एपी-594

**मैं,** सैन्य संख्या-15348410Y रैंक-नायक नाम-राजेश कुमार वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हूँ, स्थायी पता- कलावर (351), यमुना नगर, कलावर, हरियाणा-133105 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम महाक से बदलकर महक कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901522, दिनांक- 22.04.2025

I, MARISA MAA RAJU is Father of Army No: 8038370F Rank: L/Nk Name- Marisa Mahalakshmi Naidu Permanent Address: H.NO: 1-88, Buchayyapeta Mandal, Rajam, PO: Rajam, DIST: Anakapalle, Andhra Pradesh-531036 declare that I have changed My Name from MARISA MAA RAJU to MARISA MAHARAJU. Vide Affidavit No:48AA 901528, Dated:22.04.2024

I, MARISA PYDITA LLAMMA is Mother of Army No: 8038370F Rank: L/Nk Name- Marisa Mahalakshmi Naidu Permanent Address: H.NO: 1-88, Buchayyapeta Mandal, Rajam, PO: Rajam, DIST: Anakapalle, Andhra Pradesh-531036 declare that I have changed My Name from MARISA PYDITA LLAMMA to MARISA PAIDITHALLAMMA. Vide Affidavit No: 48AA 901532, Dated: 22.04.2024

**मैं,** सैन्य संख्या-15348410Y रैंक-नायक नाम-राजेश कुमार वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हूँ, स्थायी पता- कलावड (351), यमुना नगर, कलावड, हरियाणा-133105 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम महाक से बदलकर महक कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901522, दिनांक- 22.04.2025
एपी-597

**मैं,** कृष्ण लाल पुत्र ओम प्रकाश निवासी मकान नम्बर 9/622 सम्पूर्ण एनक्लेव फाजिल्का तहसील और जिला फाजिल्का ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम कृष्ण लाल जुलाहा से बदलकर कृष्ण लाल रख लिया है। संबंधित नोट करें।
एपी-598

I, hitherto known as PINKI DEVI W/o RAJESH KUMAR R/o Post Office Barout, Kheri Raiwali , Kaithal, Haryana-136027 have changed my name and shall hereafter be known as PINKI RANI
एपी-599

**मैं,** करिश्मा पत्नी सचिन, निवासी मकान नंबर 1436, गली नंबर 2, ढाणी किशन दत्त, 12 क्वार्टर रोड, हिसार (हरियाणा), अपने 10वीं और 12वीं कक्षा के प्रमाण पत्र रिकॉर्ड में अपनी जन्मतिथि 19-10-2002 से बदलकर 19-09-2000 करवा रही हूँ।

**मैं,** Smarty Davi पत्नी आर्मी न0 149376242 HAV Deepak Kumar निवासी PO Narot Jaimal Singh, Teh & Distt. Pothankot, Taloor, Gurdaspur, Punjab-145026, जिला सत्र अदालत हिसार के एफिडेविट दिनाँक 23.04.2025 अनुसार अपना नाम Smarty Devi से बदलकर Smarty करवा रही हूँ।
एपी-601

**मैं,** रितिक सहारण पुत्र टेक चंद निवासी गांव जोधपुरीया तहसील रानिया, जिला सिरसा, हरियाणा 125076 मैने अपना नाम सभी दस्तावेजों में रितिक से रितिक सहारण करवा लिया है ।

I, Seema Atwal D/o Karam Singh, R/o H. No. 881, Kila Patti, Malout, Sri Muktsar Sahib, Punjab-152101, have changed my name from Seema Atwal to Aryika Atwal for all purposes.
एपी-602

## बेदखली सूचना

**मैं,** जोरावर सिंह पुत्र गुरबक्श सिंह निवासी गांव चरनियां मोलेवाली, तहसील कालका (पंचकूला) ने अपने पुत्र जगतार सिंह को अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है क्योंकि वह मेरे कहने से बाहर है। भविष्य में जगतार सिंह के साथ किसी प्रकार का लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-574

m dllp cd p-qr Sl nslb cd vsl gr nB ds klnl srn, qihsll q izl pTnkt d rihx vl h[ mr lVk Aj kmr Aq as dl pqnl Bll dvl dnl mr kihx q bhr hn[ s A-j m anl dnl f ApxI qmm c-l Ac-l jied d q bdKl krd h[ A-j q bAd anl dnl nl j vl lx dx krg ah K-d jmvr hvg[ sbDq nt krn[
एपी-580

**मैं,** रविन्द्र कुमार पुत्र श्री पृथ्वीराज व सविता रानी पत्नी श्री रविन्द्र कुमार निवासी वार्ड नम्बर 14 , मकान नम्बर - 275 गली जमना दास गली लाडवा जिला कुरुक्षेत्र घोषणा करते हैं कि हमारा बेटा साहिल कुमार और पुत्र वधु अनुराधा हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए हम इन दोनों को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते हैं। जो कोई भी इनसे लेन - देन करेगा वह खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-584

**मैं,** विक्रम सरोहा उम्र 32 वर्ष पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी गाँव सनौली खुर्द, जिला पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि अंकित सरोहा, मेरा सगा भाई हैं। मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अंकित सरोहा के साथ संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके साथ लेन-देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-586

**मैं,** शालभान पुत्र सेवा सिंह निवासी मकान नं 740, नोरांग कॉलोनी , खेड़ा के पास गांव मुंडी जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र बलराज मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। मैं आज तक बलराज एवं उसके द्वारा किए गए कार्यों का ज़िम्मेवार था लेकिन भविष्य में मैं और मेरे परिवार उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेनदेन के ज़िम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-587

**मैं,** सुरेश पाल पुत्र श्री भुल्लन सिंह निवासी मकान नं 6528, गली नं 1, नजदीक पीर बाबा, नूरवाला, तहसील व जिला पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक कटारिया मेरे व हमारे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। व गलत संगत में पड गया है। इसलिए मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-591

**मैं,** राम तीरथ पुत्र श्री गुरदास राम निवासी मकान नंबर 381, स्मॉल फ्लैट्स, मौली जागरण, सुंदर नगर, मौली जागरण, चंडीगढ़ सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** सुदर्शना कुमारी पत्नी स्वर्गीय श्री राज कुमार निवासी मकान नंबर 875, सेक्टर 20-ए, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरी पुत्रवधू सोनिया पत्नी स्वर्गीय शम्मी मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

I Sudarshana Kumari W/o Late Sh. Raj Kumar R/o House No 875, Sector 20-A, Chandigarh inform that my daughter-in-law Sonia W/o Late Shammy out of my control. I disown her from my all moveable and Immovable Properties. Anybody deal with her will do at their own Risk.
एपी-592

**मैं,** सुभाष चंद्र पुत्र चतर सिंह निवासी गांव ककहेडी तहसील गुहला जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा लड़का नितिन मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं इसे अपनी संपूर्ण चल अचल जायदाद से बेदखल करता हूं। इसके किसी भी कृत्य,लेनदेन अथवा संबंध की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। भविष्य में इससे संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**मैं,** शिव कुमारी पत्नी श्याम लाल, निवासी मकान संख्या 208, डडू माजरा कॉलोनी सेक्टर 38 वेस्ट चंडीगढ़, घोषणा करती हूं कि मेरा बेटा विजय चौहान और उसकी पत्नी चौहान सीमा देवी उर्फ सीमा मेरे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं, इनके साथ लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-581

**मैं,** रामरूप पुत्र महा सिंह निवासी वार्ड नंबर 3, शुकल मोहल्ला सफीदों जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जसबीर व पुत्रवधू पूजा हाल निवासी गन्नौर सोनीपत मेरे कहने- सुनने से बाहर है। वो दोनों मेरे परिवार से अलग रहते है। मैं उन्हें अपनी तमाम चल- अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे जो भी लेनदेन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**हम,** दीप चन्द पुत्र बैसाखी राम और सुनीता देवी पत्नी दीप चन्द निवासी #1439, कमला नगर, कालका, जिला-पंचकुला (हरियाणा) घोषणा करते है कि हम अपनी पुत्री पूजा जोहल को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य में इससे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा।
एपी-594

**मैं,** रोशनी पत्नी स्वर्गीय श्री जोगिंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर 8 इंद्री तहसील इंद्री जिला करनाल ब्यान करती हूँ कि मेरा लड़का रोबिन व पुत्रवधु रीता जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करते हुए मुझसे लड़ाई झगड़ा करते हैं। मैं उनको अपनी चल व अचल सम्पतियों से बेदखल करती हूँ। वे अपने अच्छे बुरे के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-595

## खोया-पाया

**मैं,** सुनील घाई पुत्र गुरु दत्त घाई निवासी #27, चाण्क्यपुरी कॉलोनी, जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) और वर्तमान में 13, ग्लेनहेरॉन व्यू ग्रेस्टोन्स काउंटी विकलो रिपब्लिक ऑफ आयरलैंड A63YY07 घोषणा करता हूं कि मेरी सम्पति E1/2-FF, डीएलएफ़ वैली का असल क्रेता अनुबंध नं0 1103, दिनांक- 02-05-2011, अलॉटमैन्ट पत्र दिनांक- 03-04-2010, पोजेशन पत्र, सभी भुगतान रसीदें, सभी अन्य कागज़ात जो दिनांक- 01-12-2018 को कही गुम हो गई है। जिसकी पुलिस शिकायत नं0 132350612500724 है। अगर किसी को मिलें तो उपरोक्त पते पर भेंजे।
एपी-594

## बेदखल वापसी

**मैं,** यादविंदर सिंह पुत्र श्री तारा सिंह निवासी गांव भेढ़ाल तहसील राजपुरा, जिला पटियाला, पंजाब, घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे गुरिंदर सिंह और उसकी पत्नी बलविंदर कौर को दिनांक 23.09.2022 को समाचार पत्र के माध्यम से बेदखल कर दिया था, अब वे मेरे नियंत्रण में हैं, इसलिए मैंने अपना पिछला बेदखली वापस ले लिया है। अब उनका मेरी संपत्तियों पर पूरा अधिकार है।
एपी-581


## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।


# मिशन मोड अप्रोच से साइबर अपराध में बड़ी गिरावट

## साइबर धोखाधड़ी के मामलों में रिकवर तथा होल्ड की गई राशि में गत दो वर्षों में लगभग चार गुना बढ़ोतरी

पिछले 2 वर्षों में गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधियों की संख्या में भी 4 गुना से अधिक की वृद्धि

साइबर अपराधों से संबंधित ऐसे मामले जिसमें एफआईआर ना हुई हो, में धनराशि को डी फ्रीज अर्थात रिफंड करवाने संबंधी मामलों का अब लोक अदालतो में हो सकेगा निपटारा, अधिसूचना जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए शुरू की गई मिशन मोड अप्रोच के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में न केवल साइबर ठगी के मामलों में भारी कमी आई है, बल्कि रिकवरी, गिरफ्तारी और तकनीकी कार्रवाई में भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की गई है। मार्च 2024 में जहां साइबर अपराधियों द्वारा प्रदेशवासियों से कुल 107.86 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी, वहीं मार्च 2025 में यह आंकड़ा घटकर 40.86 करोड़ रुपये रह गया है। इस प्रकार हरियाणा में साइबर अपराध से जुड़ी ठगी की राशि में 62 प्रतिशत की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने हरियाणा साइबर पुलिस की टीम को बधाई दी है जिन्होंने साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पूरे समपर्ण भाव से कार्य किया और इसे मात्र अपनी ड्यूटी ना मानते हुए 24 घंटे मिशन मोड में उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। इस समन्वित प्रयास का ही परिणाम है कि हरियाणा अब देश में साइबर अपराध की रोकथाम का आदर्श मॉडल बन चुका है।

**बिना एफआईआर के अब मिलेगा रिफंड, हरियाणा ने किया कानूनी बदलाव:** हरियाणा पुलिस के प्रयासों से एक ऐतिहासिक पहल संभव हो सकी है, जिसमें अब साइबर धोखाधड़ी से संबंधित धनराशि के रिफंड के लिए एफआईआर की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश और विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में संशोधन के पश्चात अब ऐसे मामलों में पीड़ित लोक अदालतों में आवेदन देकर धनराशि वापसी के लिए कार्रवाई कर सकते हैं, बशर्ते उस घटना में एफआईआर दर्ज न हुई हो। इस बदलाव से हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जिसने कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से पीड़ितों को एफआईआर के बिना रिफंड दिलवाने की शुरुआत की है।

**डीजीपी की प्राथमिकता और रणनीतिक नेतृत्व:** पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने अगस्त 2023 में पदभार ग्रहण करने के पश्चात साइबर अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता दी। उन्होंने न केवल साइबर टीम के साथ रणनीति बनाई, बल्कि बैंक, टेलीकॉम कंपनियों और आरबीआई के साथ नियमित संवाद स्थापित कर पूरे सिस्टम को अधिक उत्तरदायी और प्रभावी बनाया।

### तेज प्रतिक्रिया वाली साइबर हेल्पलाइन 1930 बनी बड़ी ताकत

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर, ममता सिंह ने जानकारी दी कि हरियाणा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की टीम ने सितंबर-2023 की तुलना में मार्च 2025 में साइबर ठगी की चार गुना अधिक राशि को धोखाधड़ी से बचाने में सफलता प्राप्त की। इसके पीछे मुख्य कारण तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों की तैनाती और त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम है। सितंबर 2023 में 1930 हेल्पलाइन पर जहां मात्र 12 पुलिसकर्मी कार्यरत थे, वहीं अब यह संख्या बढ़ाकर 70 कर दी गई है।

### तकनीकी कार्रवाई में जबरदस्त उछाल

हरियाणा पुलिस ने पिछले दो वर्षों में साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। वर्ष-2023 में जहां औसतन 5 साइबर अपराधियों को प्रतिदिन गिरफ्तार किया जा रहा था, वर्ष-2025 में यह संख्या बढ़कर 22 हो गई है। बैंक खातों और मोबाइल नंबरों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है। वर्ष 2024 में 2,83,589 बैंक खातों और 1,24,565 मोबाइल नंबरों को साइबर अपराध में संलिप्तता के कारण बंद करवाया गया है, जो देशभर में सबसे अधिक है। इसके अलावा लगभग 50 बैंककर्मियों को भी धोखाधड़ी में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

### बैंकों के साथ सामूहिक मंच तैयार

हरियाणा पुलिस ने बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर एक संयुक्त प्लेटफॉर्म तैयार किया है। आज 11 बड़े बैंकों के 16 नोडल अधिकारी हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं, ताकि साइबर ठगी के बाद 'गोल्डन ऑवर' के भीतर ही राशि को ब्लॉक कर पीड़ित को राहत मिल सके। यह सभी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समन्वित प्रयासों के माध्यम से काम कर रहे हैं।

### कानूनी और तकनीकी सुधारों से मिली राष्ट्रीय पहचान

हरियाणा पुलिस ने न केवल तकनीकी दक्षता हासिल की बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 10 सितंबर 2024 को हरियाणा पुलिस को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए सम्मानित किया गया। साइबर अपराध के विरुद्ध रणनीतिक कार्रवाई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे आधुनिक टूल्स का भी इस्तेमाल शुरू किया गया है।

# शिक्षकों के मकानों के लिए आवंटित वेशकीमती जमीन पर भू माफिया की निगाहें

रजिस्ट्रार ने हाथ मिलाया भूमाफिया से , गैर कानूनी ढंग से जमीन गैर शिक्षकों को बेच दी

गैर कानूनी ढंग से संस्था पर कब्जा किया, पूराने निर्माण को तोड़ा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 22 अप्रैल।** हरियाणा में जिला रजिस्ट्रार, भू माफिया और कुछ लोगों की मिल भगत से शिक्षकों के अवास के लिए आवंटित जमीन को खुर्दबुर्द करने का मामला सामने आया हैं। इस मामले में शिक्षकों के मकानों के लिए लड़ाई लड़ रहे शिक्षक नेता ने प्रधानमंत्री से न्याय की गुहार लगाई हैं। केंद्रीय विद्यालय और केंद्र सरकार कर्मचारी कल्याण संगठन के महासचिव एस एस मलिक ने प्रधानमंत्री राष्ट्रपति मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री के साथ मानव संसाधन मंत्री से न्याय की गुहार लगाई हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय और केंद्र सरकार कर्मचारी कल्याण संगठन से संबंधित प्लॉट नंबर 44, सेक्टर 65 के दुरुपयोग के लिए जिला रजिस्ट्रार, फरीदाबाद सचिन यादव सहित बलदेव कृष्ण, सुनील और विजय सैनी आदि द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की उचित और निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि वह मकान नंबर 513, सेक्टर 21-सी, फरीदाबाद का निवासी तथा केंद्रीय विद्यालय कल्याण संगठन का महासचिव थे। हुडा ने वर्ष 2006 में सोसायटी और उसके सदस्यों विशेषकर केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों को आवासीय फ्लैट बनाने के उद्देश्य से 1/2 एकड़ का भूखंड संख्या 44, सेक्टर 65 आवंटित किया था। जिस उद्देश्य से सोसायटी बनाई गई थी यानी सोसायटी के सदस्यों के लिए फ्लैट बनाना वह पूरा नहीं हुआ है और प्लॉट अभी भी खाली है। इस संबंध में वर्ष 2013 में हुडा विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त हो गई थी। वह अपनी सोसायटी में प्लॉट देखने गए, वहां उन्होंने देखा कि प्लॉट स्थल पर निर्माण अवैध रूप से और बिना किसी कानूनी मंजूरी/आदेश के और बलदेव कृष्ण और सोसायटी के जिला रजिस्ट्रार की मिलीभगत से ध्वस्त कर दिया गया है। साइट पर मौजूद सभी निर्माण सामग्री की कीमत करोड़ों रुपये के करीब है। अवैध तरीके से बेचा गया है. इस पर उन्होंने 01.04.2025 को 100 नंबर पर कॉल करके शिकायत दी और 02.04.2025 को पुलिस आयुक्त के कार्यालय में 1987/सीसी/पी के रूप में एक लिखित शिकायत भी दी, लेकिन आज तक पुलिस अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उनके द्वारा स्वयं की गई पूछताछ पर उनको बलदेव कृष्ण, सुनील, विजय सैनी, सोसायटी फरीदाबाद के जिला रजिस्ट्रार सचिन यादव के साथ मिलीभगत करके प्लॉट को अवैध रूप से हड़पने के इरादे से साजिश रचने के बारे में पता चला, क्योंकि प्लॉट का बाजार मूल्य 25 करोड़ रुपये हो गया है। 8. बलदेव कृष्ण नामक व्यक्ति ने जिला रजिस्ट्रार फरीदाबाद और सत्यवीर यादव के साथ मिलीभगत करके सोसायटी के उपनियमों में अवैध रूप से संशोधन किया और सुनील और विजय सैनी से अपने खातों में पैसे ले लिए। सत्यवीर यादव नामक व्यक्ति, जिसे जिला रजिस्ट्रार फरीदाबाद सचिन यादव जानते हैं, को सोसायटी के खाते से पैसे निकालने के लिए सलाहकार/जांच अधिकारी के रूप में अनुमोदित किया गया है: 1. उन्होंने नए सदस्यों को शामिल किया जो केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक नहीं थे। उन्होंने सोसायटी के उपनियमों का भी अवैध रूप से उल्लंघन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष विभाग द्वारा लगाया हेल्थ चेकअप कैंप



**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** एसडी कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। अध्यक्षता संस्था निदेशक विनोद वशिष्ट एवं संस्था प्रशासक वाईएस कादयान ने की। नागरिक अस्पताल से आयुष विभाग की निरीक्षक टीम के रूप मे डॉ. कृष्ण कुमार, योगा एक्सपर्ट सतीश, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सत्यवान वर्मा, स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगबीर, सुनीता और पिंकी उपस्थित रहे। डॉ.कृष्ण ने छात्राओं को आहार व जीवन शैली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम अपने ही क्रियाकलापों से बीमारी को आमंत्रण दे रहे हैं। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास के साथ-साथ सात्विक खान-पान व हरी सब्जियों पर ध्यान देना चाहिए।

### अच्छे कर्म करने से जीवन में श्रेष्ठता आती है: शांडिल्य


**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** शहर की प्रभु दयाल चौधरी धर्मशाला के प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि चरित्र का इत्र ही सबसे प्रभावशाली और सबसे टिकाऊ इत्र है। फूलों को कभी इत्र लगाने की आवश्यकता नहीं होती वो अपनी सुगंधी से स्वयं के साथ-साथ समस्त प्रकृति को सुगंधित करते हैं। अपने अच्छे कार्यों के लिए किसी से प्रमाणपत्र की आश मत रखो, आपके अच्छे कर्म ही स्वयं में सर्वश्रेष्ठ प्रमाणपत्र भी हैं। इत्र की सुगंध तो केवल हवा की दिशा में बहती है पर सदगुणों की सुगंधी वायु के विपरीत अथवा सर्वत्र बहती है। उन्होंने कहा कि आपकी प्रशंसा तब नहीं होती जब आप चाहते हैं अपितु तब होती है, जब आप अच्छे कर्म करते हैं। पानी पीने से प्यास स्वत- बुझती है, अन्न खाने से भूख स्वत- मिटती है और औषधि खाने से आरोग्यता की प्राप्ति स्वत- हो जाती है। इसी प्रकार अच्छे कर्म करने से जीवन में श्रेष्ठता आती है और समाज में आपका सम्मान भी स्वत: बढ़ जाता है।

### श्रद्धा और सम्मान से मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस एवं विश्व जल संसाधन दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने की उप प्राचार्य जगदीश चहल, डीपीई आशा अरोड़ा योग अध्यापक प्रवीण आर्य, डीपीई सुनील आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: कालीन यज्ञ के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हो गया इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत स्काउट एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों ने विशेष भूमिका निभाई यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति को विश्व की सबसे प्राचीन और सबसे वैज्ञानिक संस्कृति माना जाता है। भारत का प्रत्येक किसान प्राकृतिक खेती करें और हर नागरिक शाकाहार अपनाएं और पृथ्वी को बचाएं।

### स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल एवं न्यू जयराम सैनिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में आठवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी ने पृथ्वी दिवस पर कहा कि हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जो मानव के अनेक दुर्व्यवहार सहते हुए भी सृष्टि की रक्षा कर रहा है। हमें पृथ्वी को बचाने के लिए उसे साफ -स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने का प्रयास करना चाहिए। जयराम पब्लिक स्कूल एवं न्यू जयराम सैनिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कक्षा नर्सरी और केजी में पृथ्वी चित्र रंग भरो, कक्षा प्रथम और द्वितीय में रंग भरो और कविता सुनाओ, कक्षा तीसरी से आठवीं में पौधों, खाद और बीज के बारे में जानकारी दी गई। कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कविता, मृदुला रावत, मीनाक्षी, रंजना, मीनू, अंजलि, ममता इत्यादि अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठनात्मक मजबूती पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 22 अप्रैल।** जननायक जनता पार्टी की एक अहम बैठक साहा में आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता जजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह बोपाराय ने की, जबकि पार्टी के प्रभारी प्रो. रणधीर सिंह और नफे सिंह मान ने विशेष रूप से बैठक की निगरानी और दिशा-निर्देशन किया।

बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे के पुनर्गठन, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, और जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह बोपाराय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जजपा केवल उन्हीं सदस्यों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपेगी जो पार्टी के सक्रिय सदस्य होंगे और निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएं और नए लोगों को जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें।

इस मौके पर अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से जगदीप गोला, रविन्द्र धीन, विक्रम धीमान, मामचंद छमिया, गुरमीत सिंह, शमशेर राणा, अमरेन्द्र सौंटा, अनिल जंधेड़ी, संदीप राणा, सुरजीत सिंह सौंड़ा, उदयवीर, नरेश धीमान, ज्ञानचंद राणा और परविन्द्र ढ़िल्लों शामिल रहे।

# जिला परिषद की सामान्य बैठक संपन्न, कई प्रस्तावों पर लगी मोहर

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 22 अप्रैल।** जिला परिषद की सामान्य बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की चेयरमैन काजल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह की मौजूदगी में आठ एजैण्डों पर एक-एक करके चर्चा हुई। जिसमें राज्य वित्त आयोग की प्रगति, 15वें वित्त आयोग की प्रगति एवं पूर्व योजना के अनुमोदन पर परिषद के सदस्यों ने सहमति प्रकट की। वहीं मनरेगा योजना के तहत सदस्यों द्वारा मांगों की प्रगति हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह वर्मा ने मनरेगा के कार्यो को प्रगति से करने व प्राथमिकता देने के लिए अपनी राय दी।

बैठक में ग्राम पंचायतों में स्टील के बैंच रखने पर भी चर्चा हुई। जिला परिषद की चेयरमैन ने कार्यालय खर्च को लेकर अपनी स्वीकृति स्पष्ट की। बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें पहले प्रस्ताव में पार्षदों ने विकास कार्यो के खर्च पर वाईस चेयरमैन के हस्ताक्षर करने से सम्बंधित था। इस पर 9 पार्षदों ने सहमति प्रकट की व 8 पार्षदों ने असहमति प्रकट की। दूसरे प्रस्ताव में पार्षदों ने पिछले नियम को लेकर प्रस्ताव रखा। जिस पर 10 पार्षदों ने मोहर लगाई।

बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को भी जिला परिषद सीईओ के समक्ष रखा जिस पर अधिकारियों ने परिषद के सदस्यों को आश्वासन दिया कि बैठक में जिन पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी हैं उन पर वे अच्छा कार्य कर के दिखाएंगे। बैठक में अब तक हुए विकास कार्यो पर खर्च राशि का ब्यौरा भी दिया गया।

बैठक में संबंधित पार्षद ने खुखराना से आसन तक के मार्ग को दुरूस्त करने का अनुरोध किया। इस पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। बैठक में एचएसवीपी विभाग से एक पार्षद ने अनुरोध किया कि गांव नैन की सड़कें टूटी पड़ी हैं जिनको दुरूस्त करने की जरूरत है। सम्बंधित विभाग ने इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। संबंधित पार्षद ने चुलकाना में खेल स्टेडियम में बिजली की तारें जो बहुत नीचे आई हुई है, उन्हें दुरूस्त कराने का अनुरोध किया ताकि किसी भी प्रकार की घटना से बचाव किया जा सके।

बैठक में पार्षदों ने खेल विभाग, बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई समस्याएं भी रखी। जिन पर सम्बंधित अधिकारियों ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलुजा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार के प्रतिनिधि विनीत,डीडीपीओ राजेश शर्मा, डिप्टी सीईओ कंचन लता,जिला खेल अधिकारी धरेंद्र सिंह हुडडा,डीपीओ परमिंद्र कौर,जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुडडा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व विभिन्न वार्डो के परिषद सदस्य मौजूद रहे।

# फैक्ट्री के केमिकल युक्त पानी से सैकड़ों एकड़ फसल खराब

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 22 अप्रैल।** संयुक्त किसान मोर्चा व आकावाली,नलका ढाणी,धारसूल, स्लेमपुरी, कुलां के लोगों द्वारा आकावाली कुलां रोड़ पर स्थित शिवा प्रोटीन फैक्ट्री के गेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सख्त चेतावनी दी है की फैक्ट्री मालिक पर सख्त कार्यवाही नही हुई तो होगा बड़ा आंदोलन, आंदोलन कर रहे लोगों ने कहा की शिवा प्रोटीन फैक्ट्री की वजह से आसपास के किसानों की 150 से 200 एकड़ गेहूं की फसल खराब हो गई है , फैक्ट्री में 15 से अधिक रिचार्ज बोर किये हुए हैं जिनमें फैक्ट्री का कैमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा है।

जिसकी वजह से आसपास के ट्युबलों का पानी खतरनाक लेवल पर पहुँच गया है पानी पीने व फसलों में लगाने लायक नही बचा है फसलों का झाड़ लगातार कम होता जा रहा है सब्जियों की फसल लगभग होनी बंद हो गयी है, खराब हुई फसल के मुआवजे के लिए व भविष्य में इस समस्या का स्थाई समाधान की मांग को लेकर 15 अप्रैल को एस डी एम टोहाना को एक ज्ञापन भी सौंपा था, आज कृषि विभाग की तरफ से एस डी ओ मुकेश मेहला ने भी किसानों के बीच पहुंचकर खराब हुई फसल का मुआयना किया व 2 दिन में भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट देने की बात कही है।

वहीं आसपास के किसानों ने भी आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक कमेटी का गठन किया है जो जल्द ही मीटिंग करके आगामी आंदोलन की घोषणा करेगी, कमेटी की तरफ से नरेंद्र सिवाच टीनू ने प्रैस ब्यान जारी करते हुए मांग की गई की इस फैक्ट्री की वजह से जो आसपास के किसानों का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाए व फैक्ट्री द्वारा जहरीला पानी बोर के माध्यम से जमीन में डाला जा रहा है जिसके कारण आसपास के क्षेत्र में काला पीलिया, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां होना शुरू हो गई है जो आने वाले समय में इस इलाके में गंभीर मामला बनेगा, फसल के साथ-साथ हमारी नस्लों को भी खतरा पैदा हो गया है। फैक्ट्री के आसपास गांव के लोगों में भारी रोष है प्रशासन द्वारा समय पर कार्यवाही नहीं की गई तो आसपास के गांव के लोग फैक्ट्री के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना लगाने पर मजबूर होंगे किसी भी प्रकार की अनहोनी का जिम्मेवार जिला प्रशासन व फैक्टरी प्रशासन होगा इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता, आकावाली, ढेर,नलका ढाणी, स्लेमपुरी, धारसुल, कुलां गांव के लोग शामिल थे।

### पृथ्वी दिवस पर अनेक विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण के बारे में किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा अनेक विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों को पृथ्वी की महत्ता से परिचित करवाया गया और बताया गया कि अपनी पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखें । भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र के टीम सदस्यों ने अलग अलग टोली बना कर अलग अलग स्कूलों में दस्तक दी। लायलपुर कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में शाखा सदस्य हरि प्रकाश ने बच्चों को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी तथा शाखा सचिव बलजीत चावला ने स्कूल के विद्यार्थियों को पृथ्वी के महत्व एवं पृथ्वी के संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

# पृथ्वी दिवस पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 22 अप्रैल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालय नामुंडा में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में बच्चों से पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें बच्चों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया 7 चौथी व पांचवी कक्षा के अध्यापको द्वारा अपनी कक्षा के बच्चों द्वारा बहुत सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनवाई जिसमें तानिया कक्षा चौथी ने प्रथम, वान्या कक्षा पांचवी ने दूसरा व मेघा चौथी कक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया मुख्याध्यापक राजपाल मित्तल ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए बताया कि पृथ्वी पर इतना ज्यादा पॉल्यूशन बढ़ गया है। जिससे जीवन संकट में आ गया है इसलिए पृथ्वी दिवस पर अधिक से अधिक पेड़ लगाए और इस पृथ्वी के साथ-साथ अपने जीवन को भी बचाएंद्य मुख्याध्यापक द्वारा प्रदूषण से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया तथा इसको कम कैसे किया जा सकता है द्यइस बारे में भी बताया द्यइस अवसर पर जगबीर सिंह, यादवेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, श्याम सिंह व वर्षा मैडम आदि उपस्थित रहे।

# 25 अप्रैल को होने वाले बाबासाहेब की जयंती समारोह का दिया निमंत्रण



अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 22 अप्रैल।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सोनू कुंडली ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बाबा साहब की जयंती पर समाज के सभी वर्गो को निमंत्रण दिया गया है। इसी कड़ी में उन्होंने अग्रवाल समाज के युवा नेता राकेश गोयल से मुलाकात की और उन्हें आगामी 25 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती समारोह के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक, व्यापारी व कर्मचारी वर्गो से अपील की कि 25 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह में पहुंचें। इस कार्यक्रम में केंद्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष रवि कुंडली जनसंपर्क अभियान चलाकर सामाजिक जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण दे रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार वालिया ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा स्थापित पार्टी है।

# फ्लैट स्टील आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर : नवीन जिन्दल

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 22 अप्रैल।** केंद्र सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की सुरक्षा के लिए फ्लैट स्टील उत्पादों के आयात पर 12त्न सेफगार्ड ड्यूटी लगा दी है, जो 21 अप्रैल से अगले 200 दिनों तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य चीन, दक्षिण कोरिया और जापान से सस्ते स्टील आयात को नियंत्रित करना है, जिससे घरेलू इस्पात निर्माताओं को राहत मिले। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज़ द्वारा की गई जांच में पाया गया कि उपरोक्त देशों से स्टील आयात से घरेलू उद्योग को 'गंभीर नुकसान' हो रहा था। गौरतलब है कि भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक देश है, वित्त वर्ष 2024-25 में तैयार स्टील का शुद्ध आयातक देश बन गया और कुल आयात 95 लाख टन के साथ 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।सरकार के इस फैसले का भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) और देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने स्वागत किया है। भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष और जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है। उन्होंने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि हम सरकार के इस निर्णायक कदम के लिए आभारी हैं कि फ्लैट स्टील उत्पादों पर 12त्न सेफगार्ड ड्यूटी लगाई गई है, जो कि अव्यावहारिक कीमतों पर आ रहे आयात को रोकने के लिए बेहद आवश्यक था। सरकार का यह सहयोग निवेशकों को 2030 तक 300 मिलियन टन की क्षमता निर्माण के लक्ष्य की ओर एक नए जोश के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगा और आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के निर्माण के लिए अग्रसर करेगा। उन्होंने कहा कि हम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और इस्पात व इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन (खरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह निर्णय एक मजबूत संकेत है कि सरकार घरेलू उद्योगों के साथ खड़ी है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया और जिन्दल स्टील एंड पावर जैसी कंपनियों को इस निर्णय से सीधे लाभ की उम्मीद है। लगातार दूसरे वर्ष स्टील का शुद्ध आयातक बन जाना, देश के इस्पात क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन गया था। ऐसे में यह सेफगार्ड ड्यूटी न केवल एक सुरक्षात्मक उपाय है, बल्कि यह घरेलू विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एक रणनीतिक कदम भी है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल लंबे समय से इस्पात जगत के हितों की पुरज़ोर वकालत करते रहे हैं।

# नशे की समस्या को रोकने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें : सीएम




**प्रदेश के इतिहास में पहली बार पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के मानदेय में इतनी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आज यहां प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की तथा पिछले दो वर्षों में उनके मानदेय में दो गुना वृद्धि करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के मानदेय में इतनी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी विभिन्न मांगें भी रखीं, जिन पर उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में पंचायती राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संविधान में ऐतिहासिक 73वें तथा 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया था। इस ऐतिहासिक कदम से महिलाएं सशक्त हुई हैं तथा प्रदेश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के उत्थान को प्राथमिकता दे रही है तथा इस संबंध में अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हल्दी के लिए 90 रुपये प्रति किलोग्राम, प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम तथा मक्का के लिए 40 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में मनरेगा की दैनिक मजदूरी में 80 रुपये की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह उपाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

**एफआरए प्रावधानों के अन्तर्गत सड़कों के नियमितीकरण के लिए समीक्षा याचिका दायर करेगा वन विभागः मुख्यमंत्री**

वन विभाग द्वारा वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) 1980 का उल्लंघन करके निर्मित सड़कों के नियमितीकरण की मांग को लेकर 10 मई, 2025 से पहले न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की जाएगी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वन विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता के दौरान व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसी सड़कों के नियमितीकरण के लिए कानूनी सहायता लेने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इस संबंध में विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। राज्य भर में ऐसी 2183 सड़कें हैं, जिनमें शिमला जोन में 613, मंडी जोन में 821, हमीरपुर जोन में 254 तथा कांगड़ा जोन में 495 सड़कें शामिल हैं। ये सड़कें राज्य में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) 2006 के अन्तर्गत निर्मित की गई है जिसे हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2016 में लागू किया गया था। इस अधिनियम का उद्देश्य ऐसे समुदायों को वन अधिकार प्रदान करना है, जो कम से कम तीन पीढ़ियों से वन भूमि पर निवास कर रहे हैं तथा उस पर निर्भर हैं। बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत, विधि सचिव शरद कुमार लगवाल, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय सूद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रों में नशे की समस्या को रोकने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया तथा कहा कि राज्य सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को नशा तस्करों के संबंध में जानकारी अधिकारियों के साथ साझा करनी चाहिए ताकि युवाओं को नशे के चंगुल से बचाया जा सके।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक विवेक शर्मा व अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चला नशा मुक्ति हिमाचल अभियान : शुक्ल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज जिला कांगड़ा के अंतर्गत इंदौरा स्थित बैरियर चौक से एक विशाल नशा विरोधी जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी और अन्य स्थानीय संस्थानों के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने इस रैली में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति से प्रेरित पोस्टरों और बैनरों के माध्यम से हिमाचल को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया और नशामुक्ति की शपथ ली।
कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी रैली में भाग लिया और राज्यपाल के इस सराहनीय प्रयास को समर्थन दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राजनैतिक दलों को स्वयं के प्रचार से पूर्व हिमाचल को नशामुक्त बनाने के अभियान को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब तक हम नशे को खत्म नहीं करेंगे, तब तक प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा नहीं कर पाएंगे। इसके उपरांत मिनर्वा ग्रुप ऑफ कॉलेज के परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने नशामुक्त रैली में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नशामुक्त भारत की सोच से ही संभव हुआ है और अब यह जन आंदोलन बन चुका है। अब अभिभावक भी इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से लड़ने में सहयोग दे रहे हैं।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने द्वारा तैयार किए गए नशा विरोधी पोस्टर अपने घरों और आसपास के स्थलों पर लगाएं ताकि इस सामाजिक बुराई के खिलाफ समाज में भी जागरूकता उत्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के समय छात्रों को शपथ पत्र देना होगा जिसमें वे नशा न करने का शपथ-पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि कोई छात्र इस संकल्प का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## अर्की में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़, नेपाली मूल का आरोपी गिरफ्तार

**सोलन (अप्रस)।** जिले के अर्की क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती का पर्दाफाश करते हुए एक नेपाली मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 16 अप्रैल को थाना अर्की की पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान गांव तनसेटा में की गई, जहां एक खेत से 140 अफीम के पौधे बरामद किए गए। सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले में तुरंत अभियोग दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि जिस खेत में अफीम के पौधे मिले, उसे खेत के मालिक महिंद्र सिंह ने पिछले एक साल से मूल रूप से नेपाल के देलख जिले के रहने वाले और वर्तमान में तनसेटा गांव में ही रहने वाले 46 वर्षीय अमर को ठेके पर दिया था। अमर इस खेत में फसल उगाने का काम करता था और बरामद अफीम के पौधे भी उसी द्वारा अवैध रूप से उगाए गए थे।

## हिमाचल बड़ा हेरफेर- सरकार ने किए 24 एचएएस अधिकारी ट्रांसफर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने मंगलवार को 24 एचएएस अधिकारियों को ट्रांसफर किया है। सरकार ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर एवं असिस्टेंट सेक्रेटरी भाषा कला एवं संस्कृत विभाग ओशिन शर्मा को एसडीएम शिमला शहरी लगाया है। एडीएम हमीरपुर एवं साल 2010 बैच के एचएएस राहुल चौहान को एडिश्नल रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटीज कांगड़ा लगाया गया है। राहुल चौहान के ज्वॉइनिंग देने पर राम प्रसाद अतिरिक्त कार्यभार से भारमुक्त हो जाएंगे। राहुल चौहान की ज्वॉइनिंग के साथ ही एचएएस अधिकारी राम प्रसाद अतिरिक्त कार्यभार से भारमुक्त हो जाएंगे। एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा को एडीएम कांगड़ा धर्मशाला गया है। एसडीएम कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य एसी टू डीसी शिमला, एसडीएम कुमारसैन सुरेंद्र मोहन को एडिशनल डायरेक्टर ग्रामीण विकास विभाग शिमला लगाया है। सुरेंद्र मोहन के कार्यभार संभालने के बाद नीरज चांदला एडिशनल चार्ज से भारमुक्त होंगी।

**धर्मेश कुमार एसडीएम रोहड़ू होंगे :** एसडीएम डोडराक्वार धर्मेश कुमार एसडीएम रोहड़ू लगाया है। एसडीएम डोडराक्वार का एडिशनल चार्ज भी धर्मेश कुमार ही देखते रहेंगे। एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा को ष्ट्ररूकम प्रोजेक्ट डायरेक्टर भरमौर चंबा और असिस्टेंट सेटलमेंट ऑफिसर कांगड़ा अरुण कुमार को एसडीएम ज्वाली लगाया गया है।

**कविता ठाकुर को आरटीओ सोलन लगाया :** एसडीएम शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर को आरटीओ सोलन लगाया हैं, उनके ज्वाइन करने पर सुरेंद्र कुमार एडिशनल चार्ज से भारमुक्त होंगे। एसडीएम कल्पा शशांक गुप्ता एसडीएम कुमारसैन, एसडीएम शिमला शहरी भानू गुप्ता को जॉइंट डायरेक्टर भाषा कला एवं संस्कृत विभाग, एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा को जिला टूरिज्म अधिकारी मंडी, जॉइंट डायरेक्टर भाषा कला एवं संस्कृत विभाग मंजीत शर्मा को एसडीएम शिमला ग्रामीण लगाया है।

**मनोज कुमार एसडीएम देहरा होंगे**
एसडीएम उदयपुर मनोज कुमार को एसडीएम देहरा, असिस्टेंट सेक्रेटरी ऊर्जा विभाग अमित कलथैक को एसडीएम कुल्लू, असिस्टेंट सेक्रेटरी वित्त विभाग अर्शिया शर्मा को एसडीएम झंडुता, असिस्टेंट सेक्रेटरी स्वास्थ्य विभाग अकांक्षा शर्मा को एसडीएम केलांग, असिस्टेंट सेक्रेटरी राजस्व विभाग मोहित रत्न को एसडीएम धर्मशाला, असिस्टेंट सेक्रेटरी शिक्षा निदेशालय कुलवंत सिंह पोटन को एसडीएम सुजानपुर लगाया है, कुलवंत पोटन के कार्यभार संभालने के बाद संजीत सिंह अतिरिक्त कार्यभार से भारमुक्त हो जाएंगे।

**राजेश वर्मा को एसडीएम सुन्नी लगाया :** एसडीएम कफोटा राजेश वर्मा को एसडीएम सुन्नी शिमला, एसी टू डीसी शिमला गोपाल चंद को एसडीएम कंडाघाट, एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार को एसडीएम भरमौर तथा एसडीएम सलूणी चंबा नवीन कुमार को आरटीओ मंडी लगाया है।

## चौपाल-शिमला मार्ग पर खाई में गिरी कार, पिता-पुत्र की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चौपाल।** उपमंडल चौपाल के चौपाल-शिमला मार्ग पर लंकडवीर मंदिर के पास एक कार खाई में जा गिरी। इस हादसे में दो लोगों की मौत और महिला समेत तीन घायल हुए हैं। मृतकों में पिता व पुत्र शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, कार में पांच लोग चौपाल से पुलबाहल जा रहे थे। लंकडवीर मंदिर के पास सड़क किनारे गड्ढे से कार अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। इस हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर मौत हो गई।
मृतकों की पहचान शिमला जिले की चौपाल तहसील के पुलबाहल के शिहली गांव निवासी 55 वर्षीय राम लाल पुत्र संत राम, इनके पुत्र 28 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। हादसे में मृतक रामलाल की पत्नी सुमन समेत थाना धार गांव निवासी राजेश शर्मा पुत्र रति राम, सिरमौर जिला की राजगढ़ तहसील के धनश्र गांव निवासी पंकज शर्मा पुत्र जय प्रकाश घायल हुए हैं।

स्थानीय लोगों और पुलिस के मदद से घायलों को खाई से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल चौपाल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। प्रशासन की ओर से तहसीलदार चौपाल रेखा शर्मा ने कहा कि मृतक के परिजनों को 25 हजार और घायल सुमन समेत अन्य घायलों को सात सात हजार रुपये बतौर फौरी राहत दे दी गई है। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है और कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## किन्नौर में पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आई एचआरटीसी बस, बाल-बाल बची यात्रियों की जान

**चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को समय रहते नियंत्रित कर लिया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**किन्नौर।** किन्नौर जिला में मंगलवार को उस समय एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई, जब पहाड़ी गिरे पत्थरों की चपेट में एक एचआरटीसी बस आ गई। पत्थर गिरने से बस को क्षति पहुंची है, लेकिन राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्री, चालक व परिचालक पूरी तरह सुरक्षित हैं। किसी को भी कोई चोट नहीं आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस नियमित सेवा के तहत पूह की ओर जा रही थी कि इसी दौरान टिंकू नाला के समीप अचानक पहाड़ी से भारी भरकम पत्थर गिरने लगे। उनमें से कुछ पत्थर बस के ऊपर आ गिरे, जिससे बस की छत और कुछ खिड़कियों को नुक्सान पहुंचा। गनीमत रही कि यह घटना ऐसे समय पर हुई जब बस की रफ्तार धीमी थी और चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को समय रहते नियंत्रित कर लिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। बस को सड़क से हटाकर किनारे किया गया ताकि मार्ग पर आवाजाही बाधित न हो। साथ ही, इस संवेदनशील क्षेत्र में दोबारा कोई हादसा न हो, इसके लिए सुरक्षा के लिहाज से मौके पर पुलिस बल और होमगार्ड जवानों को तैनात किया गया है।

## कुल्लू में नाले में गिरा युवक, बकरियां चराने गया, सिर में चोट लगने से मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**आनी।** कुल्लू में आज सुबह 11 बजे एक युवक नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा आनी के खोबड़ा क्षेत्र में हुआ, जहां भेड़-बकरियां चराने गए 32 वर्षीय मनीष चौधरी की मौत हो गई। मनीष चौधरी, जो नालदेहरा कॉलोनी का निवासी अपनी भेड़-बकरियों को शेड से जंगल की तरफ ले जा रहा था।

इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे लगभग 35-40 फुट गहरे नाले में जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आनी पुलिस थाने के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मृतक के छोटे भाई सनी चौधरी ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह खाना खा रहा था।

उसका बड़ा भाई मनीष भेड़-बकरियों को चराने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को नाले से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सीएससी आनी भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**पैर फिसलाा और वे लगभग 35-40 फुट गहरे नाले में जा गिरा**

## शूलिनी विश्वविद्यालय योग समारोह की मेजबानी करेगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** आयुष मंत्रालय की समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने की पहल के अनुरूप, शूलिनी विश्वविद्यालय गुरुवार, 24 अप्रैल को युवराज सिंह स्टेडियम, शूलिनी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के 58वें दिन की उल्टी गिनती समारोह की मेजबानी करेगा। यह भव्य समारोह योग महोत्सव 2025 का हिस्सा है, जो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75-दिवसीय उल्टी गिनती को चिह्नित करता है, जिसका मुख्य विषय 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने युवाओं और शैक्षणिक समुदाय के बीच योग, तंदुरुस्ती और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय के समर्पण को मान्यता देते हुए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (MDNIY) को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के समन्वय का काम सौंपा है।

यह कार्यक्रम सुबह 7.00 बजे शुरू होगा और इसमें लगभग 400 योग साधक, संकाय सदस्य और छात्र भाग लेंगे तथा स्थानीय आगंतुक भी इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास होगा। प्रतिभागी योग के गहन कायाकल्प प्रभावों का अनुभव करने के लिए अपनी सांस, मन और शरीर को एक साथ जोड़ेंगे। इस अवसर को बौद्धिक गहराई प्रदान करते हुए, इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विशेषज्ञ वार्ताएँ भी होंगी, जिनमें आईआईटी खड़गपुर के प्रख्यात न्यूरोसाइंटिस्ट प्रोफेसर मानस मंडल शामिल होंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में योग के न्यूरोलॉजिकल लाभों पर अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में योग के सहायक प्रोफेसर डॉ. एस. पी. पाठक, जो योग की पारंपरिक जड़ें और इसकी समकालीन प्रासंगिकता के बारे में दर्शकों को बताएंगे।

प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में, सभी प्रतिभागियों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मुफ़्त योग टी-शर्ट वितरित की जाएंगी।

## भारत तथा नेपाल के विद्युत मंत्रियों ने नेपाल में एसजेवीएन की अरुण-3 परियोजना का किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारत सरकार के माननीय विद्युत मंत्री, श्री मनोहर लाल तथा नेपाल के माननीय ऊर्जा मंत्री, श्री दीपक खड़का ने नेपाल में निर्माणाधीन 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। यह परियोजना एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी (एसएपीडीसी) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

श्री आर. के. चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन (अतिरिक्त प्रभार) ने काठमांडू हवाई अड्डे पर माननीय विद्युत मंत्री का स्वागत किया तथा प्रतिनिधिमंडल के साथ परियोजना स्थल का दौरा किया। नेपाल में भारत के महामहिम राजदूत, श्री नवीन श्रीवास्तव; नेपाल सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव, श्री सुरेश आचार्य; भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अवर सचिव, श्री आकाश त्रिपाठी; नेपाल के निवेश बोर्ड के सीईओ, श्री सुशील ग्यावली तथा भारत एवं नेपाल की दोनों सरकारों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी परियोजना स्थल का दौरा किया।

दौरे के दौरान, मंत्रियों ने टर्बाइन असेंबली कार्यों सहित विद्युत गृह का निरीक्षण किया। एसएपीडीसी के सीईओ श्री प्रशांत शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को विद्युत गृह निर्माण की प्रगति के संबंध में जानकारी प्रदान की। मंत्रियों ने संकार्यों की गति एवं गुणवत्ता की सराहना की तथा परियोजना टीमों को समय पर कार्य संपन्न करने के लिए गति बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात, दोनों मंत्रियों ने संयुक्त रूप से यूनिटस्2 के इलेक्ट्रो-मैकेनिकल कार्यों के आरंभ का उद्घाटन किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बांध स्थल का भी दौरा किया, जहां पर उन्होंने निर्माण गतिविधियों की समीक्षा की और एडिट 1 के माध्यम से हेड रेस टनल (एचआरटी) का निरीक्षण किया। 11.7 किलोमीटर लंबी एचआरटी की खुदाई जून 2024 में पूर्ण की गई तथा नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसकी सराहना की। वर्तमान में सुरंग की बेंचिंग और लाइनिंग का कार्य चल रहा है और आगामी महीनों में इसके पूर्ण होने की संभावना है।

मंत्रियों ने चल रहे एचआरटी कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए एसएपीडीसी कर्मचारियों से बांध निर्माण के प्रयासों में तीव्रता लाने का आग्रह किया।

## बोलेरो गाड़ी की टक्कर से 27 वर्षीय युवक की गई जान

**बिलासपुर (अप्रस)।** बरमाणा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैरी रजादियां में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की जान चली गई। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरी स्कूल और राव पैट्रोल पंप के पास उस समय हुआ, जब बोलेरो गाड़ी और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और युवक सड़क पर दूर जा गिरा। राहगीरों ने तुरंत पुलिस व एम्बुलैंस को सूचना दी, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान बैरी रजादियां निवासी दिनेश कुमार के 27 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है, जो किसी व्यक्तिगत कार्य से बिलासपुर की ओर जा रहा था। बरमाणा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेजा। बोलेरो गाड़ी के चालक से पूछताछ की जा रही है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

## 16 वर्ष बाद अचानक घर लौट आया कांगड़ा का 'मृत' जवान!

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के मृत घोषित जवान सुरेंद्र कुमार 16 वर्ष बाद अपने घर लौट आए हैं। वर्ष 1997 में बतौर गनर भारतीय सेना में भर्ती हुए सुरेंद्र वर्ष 2009 में अचानक लापता हो गए थे। वर्ष 2020 में सेना ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था, जिसके बाद उनकी पत्नी को पैंशन और अन्य सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई थीं, लेकिन अब अचानक उनकी वापसी से परिवार में खुशी का माहौल है।

सुरेंद्र कुमार के अनुसार उनकी शादी वर्ष 2006 में पंजाब के पठानकोट के पास एक गांव की मीना कुमार से हुई थी। शादी के बाद पारिवारिक जीवन ठीक नहीं चल पाया। सुरेंद्र के अनुसार पत्नी उनसे अलग रहना चाहती थी और शादी के एक साल बाद वे गुजरात चले गए। वहां भी तनाव बना रहा। इस दौरान उनका एक बेटा भी हुआ। वर्ष 2008 में उनकी पत्नी गुजरात से अपने भाई के साथ मायके चली गई। इसके बाद सुरेंद्र अवसाद में चले गए और वर्ष 2009 में उन्होंने सेना की नौकरी छोड़ दी और घर लौटे बिना गायब हो गए।

**परिवार ने नहीं लिया कोई लाभ**
बता दें कि सुरेंद्र की गुमशुदगी के बाद उनकी पत्नी ने नूरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 2020 में सेना ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र के पिता ने सरकार से मिलने वाले किसी भी लाभ को लेने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि जब बेटा ही नहीं रहा तो ये लाभ किस काम का है। इसके बाद सुविधाएं उनकी पत्नी को दी गईं।

**मां बोलीं- बेटे की वापसी से बहुत खुशी है :** सुरेंद्र की मां ने उनकी वापसी पर भावुक होकर कहा कि बेटे के लौटने की हमें बहुत ही खुशी हुई है। इतने वर्षों बाद उसे देखना किसी चमत्कार से कम नहीं है।




# पंजाब में जिला एवं सत्र न्यायाधीशों सहित अतिरिक्त न्यायाधीशों की हुई बदलियां

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेंद्र अग्रवाल को फरीदकोट में तैनात किया गया है**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा मंगलवार को पंजाब में 84 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों सहित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की बदलियां की गई हैं, जिनमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेंद्र अग्रवाल को फरीदकोट में तैनात किया गया है। इसी प्रकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजिंदर अग्रवाल को होशियारपुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमीत मल्होत्रा को फिरोजपुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश और पंजाब विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य मनजिंदर सिंह को मानसा में नियुक्त किया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवजोत कौर को एसएएस नगर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिलबाग सिंह जोहल को गुरदासपुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरि सिंह ग्रेवाल को चंडीगढ़, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश करूणेश कुमार को बठिंडा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश और रेप केसों से जुड़ी फास्ट ट्रैक कोर्ट देख रहे धमिंदर पॉल सिंगला को फाजिल्का, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरिंदर पाल कौर को बठिंडा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीलम अरोड़ा को लुधियाना से फिरोजपुर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंशुल बेरी को बठिंडा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट में रेप केसों को देख रहे हरबंस सिंह लेखी को होशियारपुर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश और फास्ट ट्रैक में रेप केसों को देख रहे राजविंदर कौर को अमृतसर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज सीबीआई कोर्ट राकेश कुमार को बरनाला, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रिंसिपल जज फेमिली कोर्ट के मंदीप कौर को मानसा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरजीत सिंह को पटियाला, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश और पोक्सो एक्ट के मामलों के अमर जीत सिंह को मोगा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजना को पटियाला, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष अरोड़ा को मोगा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्रिसाइडिंग अफसर, इंडस्ट्रीयल ट्रिब्यूनल कम लेबर कोर्ट जगदीप कौर विर्क को एसएएस नगर में नियुक्त किया है। शेष बदलियों के लिए अर्थ प्रकाश की साइट पर देख सकते हैं।

## हरियाणा में 42 आईपीएस 13 एचपीएस के किए तब्दील

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सोमवार देर रात 42 आईपीएस और 13 एचपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसमें 4 रेंज के आईजी और 14 जिलों के एसपी शामिल हैं। सरकार ने यह तबादला सूची सोमवार रात 11.35 पर जारी की है। जिसे 12.00 से लागू माना गया है। हरियाणा सरकार ने परिवहन मंत्री अनिल विज के क्षेत्र में नया तजुर्बा करते हुए सीएमओ में तैनात आईपीएस अधिकारी पंकज नैन को अंबाला रेंज के आईजी का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। हिसार के आईजी डॉ.एम रवि किरण को करनाल रेंज आईजी नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर रोहतक रेंज का कार्यभार देख रहे कृष्ण कुमार राव को आईजी नियुक्त किया गया है। वाई पूर्ण कुमार को रोहतक रेंज का आईजी नियुक्त किया गया है। फतेहाबाद की एसपी आस्था मोदी को कैथल में तैनात किया गया है। पानीपत के एसपी लोकेंद्र सिंह को सीआईडी सिक्योरिटी के साथ अंबाला पुलिस कमांडेंट की जिम्मेदारी दी गई है। पानीपत में भूपेंद्र सिंह को नया एसपी लगाया गया है। मयंक गुप्ता को रेवाड़ी से हटाकर सिरसा का एसपी तैनात किया गया है। अंबाला में अजीत सिंह शेखावत को एसपी लगाया गया है। हिसार के एसपी प्रतीक गहलोत को कुरुक्षेत्र में एसपी लगाया गया है। आईपीएस सिबास कविराज को पंचकूला पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस ममता सिंह को आईआरबी भोंडसी गुरुग्राम और पंचकूला में एडीजीपी क्राइम की दोहरी जिम्मेदारी दी है। आईपीएस अधिकारी राजश्री सिंह को झज्जर का पुलिस कमिश्नर लगाया गया है। दीपक सहारण को एसपी विजिलेंस के साथ एसपी साइबर लगाया गया है। निकिता गहलोत को एसपी जीआरपी लगाया गया है। वहीं बी सतीश बालन को आई आईआरबी भोंडसी की जिम्मेदारी दी है।

# जीतो स्पोर्ट्स ने ट्रैकर्स को झंडी दिखाकर रवाना किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता





फोटो : अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन स्पोर्ट्स की ओर से मंगलवार को जीरकपुर-पटियाल रोड के नजदीक एक होटल में सर पास ट्रेक की ग्रैंड ओपनिंग सरमोनी का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर आईएएस हिमांशु जैन, आईएएस आशिका जैन, आईएएस गौरव कुमार जैन और फिटनेस आइकॉन ऑफ इंडिया तरपित सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। होटल रेडिशन में आयोजित समारोह में टीम जीतो स्पोर्ट्स अपैक्स के द्वारा ट्रेक पर जा रहे ट्रैकर्स को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बता दें कि इस आयोजन में मुख्य रूप से टीम जीतो स्पोर्ट्स अपैक्स के सदस्य में चेयरमैन विक्की ओसवाल, सचिव दीपक जैन और नेशनल कन्वेनर निकित का मुख्या योगदान रहा। इस दौरान ट्रेकिंग के लिए जा रहे ट्रेकर्स जिन्होंने वर्ल्ड के अलग अलग हिस्सों से इस ट्रैकिंग का रजिस्ट्रेशन किया था, उनमें खासा उत्साह देखा जा रहा था। बताया जा रहा है कि लगभग 112 ट्रेकर्स इस ट्रेकिंग ट्रिप में शामिल हुए।

# मुख्य सचिव ने वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण कार्य योजना की समीक्षा की




अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** भारत सरकार के 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन 2025' अभियान के अनुरूप, जिसका विषय 'जल संचय, जन भागीदारी- जन जागरूकता की ओर' है, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने प्रगति का आकलन करने और वर्षा जल संचयन और भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण पर केंद्रित एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान, जल संरक्षण पहलों के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए गए। स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ियों सहित सभी सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन संरचनाओं (आरडब्ल्यूएचएस) से सुसज्जित किया जाएगा। 1 से 7 मई, 2025 तक एक सप्ताह तक चलने वाला स्वच्छता अभियान सरकारी संस्थानों में मौजूदा आरडब्ल्यूएचएस को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करेगा। सुखना झील और सुखना वन्यजीव अभ्यारण्य के भीतर चेक डैम से गाद निकालने का काम मानसून की शुरुआत से पहले पूरा कर लिया जाएगा। अमृत सरोवर-धनास परियोजना को नवंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अलावा, जेएसए मिशन के अनुपालन में वन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग और नगर निगम चंडीगढ़ को 500,000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में तालाबों की सफाई और सामुदायिक भागीदारी में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की भागीदारी पर भी जोर दिया गया। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में ÷जलदूत÷ नियुक्त किए जाएंगे, शिक्षा विभाग को एक कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा जाएगा। इसके अलावा, जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) के साथ नियमित परामर्श किया जाएगा। चंडीगढ़ में स्थित केंद्रीय, हरियाणा और पंजाब सरकार के कार्यालयों और स्वायत्त निकायों के परिसरों को अपने परिसर में आरडब्ल्यूएचएस स्थापित करने के लिए एक सलाह जारी की गई है।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)